हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 24.07.2023 | वर्ष 10, अंक 201 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. Partha Sen
MBBS, MD
Clinical Oncologist
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**सुविचार**
वह व्यक्ति जिसे खुद पर भरोसा होता है, वही आखिरकार दुसरो का भी भरोसा जीतने में कामयाब रहता है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 30°
न्यूनतम 23°

## क्वीक न्यूज

### बार में लगी आग, 11 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी :** अमेरिका के उत्तरी मैक्सिकन सीमावर्ती शहर सैन लुइस रियो कोलोराडो में एक सिरफिरे व्यक्ति ने बार में आग लगा दी। इस दौरान 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मेक्सिको में महिलाओं के प्रति अनुचित व्यवहार के कारण एक व्यक्ति को बार से बाहर निकाल दिया गया था। इसके बाद उसने बार में आग लगा दी। मृतकों में चार महिलाएं भी हैं।शहर के मेयर सैंटोस गोंजालेज ने कहा कि आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### तमिलनाडु : एनआईए ने 24 जगहों पर की छापेमारी

**चेन्नई :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को तमिलनाडु में 24 जगहों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई 2019 में पीएमके नेता के. रामलिंगम की हत्या की जांच के सिलसिले में की गई है। एजेंसी ने तिरुनेलवेली जिले में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) नेता मुबारक के आवास पर भी दबिश दी है। उल्लेखनीय है कि एजेंसी ने इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध के बाद तमिलनाडु में कई बार छापा मारा हैं।

### करंट लगने से जंगली हाथी की मौत, एक गिरफ्तार

**काजीरंगा :** काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के बरजुरी के 2 नंबर बस्ती में लगभग सात साल के एक जंगली हाथी को करंट लग गया। वन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वन विभाग ने इस घटना के संबंध में संकू मुंडा नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि संकू मुंडा नामक व्यक्ति ने अपने घर को जंगली हाथियों से बचाने के लिए घर के चारों ओर बिजली करंट की बाड़ लगा दी थी। रात में संकू मुंडा द्वारा लगाए गए बिजली के तार में प्रवाहित करंट लगने से हाथी की मौत हो गई। इस बीच वन विभाग ने संकू मुंडा के घर से भारी मात्रा में बिजली का तार जब्त किया।

### जम्मू से 21वां जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**जम्मू :** जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर से रविवार सुबह 21वां जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस जत्थे में 3691 श्रद्धालु शामिल थे। जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर से यात्रा के लिए 3691 श्रद्धालुओं का 21वां जत्था रविवार सुबह पहलगाम व बालटाल के लिए रवाना हुआ जत्थे में 936 पुरुष, 531 महिलाएं, 19 बच्चे और 2 साधवी शामिल थे।अमरनाथ की पवित्र गुफा 3,888 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 1 जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई थी। यह यात्रा 31 अगस्त को सम्पन्न होगी।

### प्रधानमंत्री ने बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दो महान क्रांतिकारी बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने भारत माता के दोनों वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दोनों महान विभूतियों की देश की आजादी में योगदान की कहानियां जन-जन को सदैव प्रेरित करेंगी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया-पूर्ण स्वराज की मांग से विदेशी हुकूमत की नींव हिलाने वाले देश के अमर सेनानी लोकमान्य तिलक को उनकी जन्म-जयंती पर कोटि-कोटि नमन। आजादी के आंदोलन में उनके साहस, संघर्ष और समर्पण की कहानी देशवासियों को सदा प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा-देश के महान सपूत चंद्रशेखर आजाद को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

### मणिपुर घटना के विरोध में किया पैदल मार्च, बनाया मानव श्रृंखला

# झारखंड के आदिवासी संगठनों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में रविवार को मणिपुर घटना के विरोध में आदिवासी समाज के सरना समिति की ओर से हरमू चौक से अरगोड़ा मैदान तक पैदल मार्च किया गया.
जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी संगठन के सामाजिक कार्यकर्ता और महिलाएं शामिल हुई. प्रदर्शन करने पहुंचे रांची पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज देश में चरम स्तर पर मानवता शर्मसार हो रही है. मणिपुर की घटना में जिस तरह से दो आदिवासी महिलाओं को सरेआम पुलिस के संरक्षण में निर्वस्त्र किया गया है. यह कहीं से भी जायज नहीं है.
वहीं उन्होंने मध्यप्रदेश में हुए आदिवासी के मुंह पर पेशाब करने की घटना की भी घोर निंदा की. उन्होंने कहा कि यदि सरकार आदिवासी, दलित और पिछड़ों के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाएगी तो आने वाले समय में झारखंड सहित पूरे देश के आदिवासी और पिछड़ा समाज एकजुट होकर सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएंगे.
पैदल मार्च में शहर और आसपास के गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए. जिसमें मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की गई. इधर राज्य भर के मसीही समुदाय ने भी सुजाता चौक, सर्जना चौक से डंगरा टोली तक मानव श्रंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया.

### मानव श्रृंखला बना कर विरोध प्रदर्शन किया

महुआडांड़: आदिवासी महिला,पुरुष के द्वारा दुर्गा बाडी से विरसा चौंक तक मानव श्रृंखला बनाकर मणिपुर घटना का विरोध किया गया। इस दौरान हाथों में केंद्र सरकार के विरोध में लिखित तख्ती लेकर खड़े थे। बताया गया कि मणिपुर कि घटना के बारे में जीतना भी निन्दा किया जाए वह कम है। कहा कि भीड़ के द्वारा कुकी महिलाओं पर यौन हमले की वीभत्स घटना करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा देना होगा। साथ कई महीनों से मणिपुर जल रहा है। पीएम और सीएम संज्ञान नही ले पा रहे है। इसका भी जबाब केंद्र को देना होगा। अनिल मनोहर के तरफ से मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा देने की मांग की गई। मणिपुर की कूकी महिलाओं की बर्बर नग्न परेड व यौन हिंसा का वह वीडियो भाजपा के डबल इंजिन शासन की असलियत को उजागर कर संघ ब्रिगेड की भीड़ हिंसा की संस्कृति की खौफनाक सच्चाई को सामने ला रहा है. मानव श्रृंखला में ईसाई समुदाय के प्रखण्ड अध्यक्ष संजय मिंज, उपाध्यक्ष अबिल कुजूर,अनिल मनोहर, फादर दिलीप एक्का, फादर सुरेश, फा रौशन सिस्टर बिन्दु, सिस्टर प्रिया, सिस्टर जुली, अभय मिंज, बिनोद टोप्पो ,अजित कुजूर, निर्मला टोप्पो, कोमल किण्डो किशोर तिर्की अलफोस खलखो समेत काफी संख्या में आदिवासी महिला पुरुष शामिल थें।




### मणिपुर की घटना के लिए केंद्र सरकार जिम्मेवार : गुंजन

**पलामू :** पलामू जिले में कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने मणिपुर की घटना के लिए केंद्र और मणिपुर सरकार को दोषी ठहराया. उन्होंने कहा कि मणिपुर 80 दिनों से जल रहा है. मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है. मणिपुर के सीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए. गुंजन सिंह ने कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा चरम पर है, लेकिन देश के पीएम चुप हैं. मणिपुर घटना को राजस्थान और छत्तीसगढ़ से जोड़ा जा रहा है, जो गलत है. मणिपुर की घटना पर राजनीति गलत है. उन्होंने कहा कि आज देश मे महिलाएं असुरक्षित हैं. उन्होंने कहा कि जिस तरह कौरवों का नाश हुआ था, उसी तरह भाजपा का भी नाश होना तय है. आज देश की आधी आबादी असुरक्षित महसूस कर रही है, इसका खामियाजा केंद्र की सरकार को भुगतना होगा.

# रायगढ़ हादसा में अब तक 29 की मौत



*** भूस्खलन से 17 घर हुए जमींदोज**

**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में रविवार को चौथे दिन बचाव में दो और लाशें मलबे से निकाली गई। इस तरह इस हादसे में मरने वालों की कुल संख्या 29 तक पहुंच गई है। रविवार को मलबे से लोगों को ढूंढने का काम रोक दिया गया है। क्योंकि अब लापता लोगों को मृत घोषित किया जाएगा। साथ ही इस घटना में बचे 144 लोगों को दूसरी जगह बसाया जाएगा।रायगढ़ जिले के खालापुर तहसील में स्थित इरशालवाड़ी गांव में बुधवार को देर रात पहाड़ी का हिस्सा धंसने से आदिवासियों के 17 घर दब गए थे।
इरशालवाड़ी गांव में कुल 48 घर हैं, जिनके परिवारों की जनसंख्या 230 बताई जा रही है। मौके पर गुरुवार सुबह से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया था। आज रविवार को मौके पर दो लाशें बरामद की गई, लेकिन आज शाम से यहां राहत और बचाव कार्य रोक दिया गया। रायगढ़ के संरक्षक मंत्री उदय सामंत ने बताया कि बचाव कार्य रोकने का काम जिला प्रशासन और एनडीआरएफ अधिकारियों की बैठक के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब लापता लोगों को मृत घोषित किया जाएगा। साथ ही इस घटना में बचे 144 लोगों को दूसरी जगह बसाया जाएगा।पहाड़ के पास बसा यह गांव प्राकृतिक सुंदरता से भरा हुआ है। राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। इलाके में भारी मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ।आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, पिछले 17 सालों में रायगढ़ जिले में भूस्खलन के कारण लगभग 302 लोगों की मौत हो गई है।
ये आंकड़े भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा किए गए सर्वे पर आधारित हैं। जुलाई 2021 में रायगढ़ में चार भूस्खलन हुए थे, जिसमें 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। लगातार हो रही बारिश के कारण यहां पर ज्यादा भूस्खलन होते हैं।

# मणिपुर घटना का असर, मिजोरम छोड़ रहे मैतेई समुदाय के लोग



*** सरकार ने की एयरलिफ्ट कराने की तैयारी**

**एजेंसी**

**आइजोल :** मणिपुर की घटना का असर पड़ोसी राज्य मिजोरम पर भी पड़ा है। दरअसल, मिजोरम में बसे मैतेई समुदाय के लोगों को धमकी मिलने के बाद वे डर गए हैं और राज्य से पलायन शुरू कर दिया है। हालात के मद्देनजर मणिपुर की सरकार ने भी लोगों को विमान से लाने की पेशकश की है।
दरअसल, मिजोरम में रहने वाले मिजो लोगों के मणिपुर के कुकी और जोमी जनजाति के लोगों के साथ गहरे जातीय संबंध हैं। मणिपुर में जो महिलाएं हैवानियत की शिकार हुई हैं वह कुकी और जोमी जनजाति की ही थीं। ऐसे मिजोरम में पूर्व उग्रवादी संगठन मिजो नेशनल फ्रंट के सहयोगी संगठन पीस अकॉर्ड एमएनएफ रिटर्नीज एसोसिएशन ने शुक्रवार कहा कि मिजोरम में रह रहे मैतेई समुदाय के लोग अपनी सुरक्षा के लिए राज्य छोड़ दें। बयान में कहा गया कि मणिपुर की घटना से मिजो लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, ऐसे में मिजोरम अब मैतेई लोगों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। बता दें कि मिजोरम में करीब दो हजार मैतेई समुदाय के लोग रहते हैं। ये अधिकतर राजधानी आइजवाल और इसके आस-पास के इलाकों में रहते हैं। संगठन के बयान के बाद मिजोरम में रहने वाले मैतेई समुदाय में डर फैल गया है और लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है।
हालांकि, मिजोरम की सरकार ने लोगों को आश्वासन दिलाया है कि उन्हें मिजोरम में कोई खतरा नहीं है और मैतेई बहुल कई जगहों पर पुलिस की तैनाती भी की गई है, बावजूद लोग मिजोरम से पलायन कर रहे हैं।

# बारिश का कहर, गृह मंत्री ने लिया स्थिति का जायजा




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पहाड़ों से मैदानी इलाकों तक भारी बारिश का कहर जारी है। महाराष्ट्र, गुजरात, हिमाचल, दिल्ली और उत्तराखंड में हालात सबसे ज्यादा बुरे हैं। महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में इतनी बारिश हुई कि वहां गंभीर जलजमाव हो गया। भारी बारिश के बाद भिवंडी में भी गंभीर जल-जमाव हो गया, जिसके कारण कारें आधी पानी में डूब गईं। मौसम विभाग ने आज भी पालघर, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कल के लिए मुंबई में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है।महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार अत्यधिक बारिश के कारण होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है।गुजरात सरकार ने पोरबंदर और कच्छ से गुजरने वाले दो राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ 10 राज्य राजमार्गों को बंद कर दिया है।दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान से ऊपर जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से बात की। गृह मंत्री ने ट्वीट किया, यमुना नदी में जल स्तर के बारे में दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना जी से चर्चा हुई। शाह ने एलजी से स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने गुजरात में हुई भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में उत्पन्न बाढ़ जैसी स्थिति के बारे में गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल से बात की। शाह ने सीएम से लोगों का हाल जाना और सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का जायजा लिया। दिल्ली में यमुना फिर उफान पर है. ताजा आंकड़े के अनुसार यमुना खतरे के निशान को पार करते हुए 206.26 मीटर पर दर्ज की गई. यमुना में बढ़ते जलस्तर के साथ लोगों की चिंताएं भी एक बार फिर बढ़ने लगी हैं. इस बार कहानी सिर्फ यमुना या दिल्ली तक सीमित नहीं है. इस बार परेशानी नोएडा और गाजियाबाद जैसे शहरों में भी बढ़ती दिख रही है. वजह है हिंडन नदी में आई बाढ़.

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाज के घर से 14 किलो सोना, 200 किलो चांदी व 17 करोड़ नकद बरामद

**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाज ने एक व्यवसायी को नकली सट्टेबाजी ऐप्स में निवेश करने का लालच दिया और फिर उससे 58 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर ली. नागपुर पुलिस ने काका चौक स्थित आरोपी के घर पर जब छापा मारा तो वह हैरान रह गई. यहां पुलिस को 17 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, 14 किलोग्राम सोना और 200 किलोग्राम चांदी मिली, जिसे जब्त कर लिया गया. पुलिस की छापेमारी से पहले ही आरोपी घर से फरार हो गया. आगे की जांच जारी है.ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म बनाने वाले कथित सट्टेबाज अनंत उर्फ सोंटू नवरतन जैन के बारे में संदेह है कि वह नागपुर से 160 किमी दूर गोंदिया शहर में रहता था. जब जैन के घर पर पुलिस ने रेड की तो वह उससे एक दिन पहले ही दुबई भाग गया. नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया,जैन ने शिकायतकर्ता एक व्यवसायी को ऑनलाइन जुए से पैसे कमाने का आकर्षक लालच दिया और अपने जाल में फंसा लिया. शुरुआत में झिझकने के बाद, व्यवसायी जैन के झांसे में आ गया और एक हवाला एजेंट के माध्यम से 8 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए.जैन ने व्यवसायी को



ऑनलाइन जुआ खाता खोलने के लिए व्हाट्सएप पर एक लिंक प्रदान किया. कुमार ने बताया, व्यवसायी को खाते में 8 लाख रुपये जमा मिले और उसने जुआ खेलना शुरू कर दिया. पुलिस आयुक्त ने कहा कि शुरुआती सफलता के बाद, व्यवसायी को झटके लगने शुरू हो गए क्योंकि उसने जीते तो केवल 5 करोड़ रुपये थे लेकिन 58 करोड़ रुपये वह गंवा चुका था. व्यवसायी को तब संदेह होने लगा. क्योंकि वह ज्यादातर घाटे में था और उसने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन जैन ने इनकार कर दिया. आयुक्त ने कहा,व्यवसायी ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई,जिसके बाद भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने गोंदिया में जैन के आवास पर छापा मारा.इस छापेमारी के दौरान आरोपी सट्टेबाज के घर से 17 करोड़ रुपये नकद, सोने के बिस्कुट और आभूषण के रूप में 14 किलो सोना और 200 किलो चांदी मिली. हालांकि, सट्टेबाज जैन ने पुलिस को चकमा दे दिया. ऐसा संदेह है कि वह दुबई भाग गया है, अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति का कुल मूल्य अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है.

### भारतीय सेना में गोरखाओं की जगह आदिवासियों को भर्ती करने की योजना

**नई दिल्ली :** नई सैन्य भर्ती प्रक्रिया 'अग्निपथ' स्कीम को लेकर भारत और नेपाल के बीच तनातनी बढ़ने के बाद 'गोरखा रेजिमेंट' को सैनिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय सेना में नेपाली नागरिकों की भर्ती रुकने के कारण इस मुद्दे को हल करने के लिए सेना भारत के भीतर से समान गुणों वाले आदिवासियों की भर्ती करने की योजना बना रही है। इस कदम का उद्देश्य भारतीय सेना में गोरखा राइफल्स की ताकत और विरासत को बनाए रखना है। भारतीय सेना में 7 गोरखा रेजिमेंट हैं, जहां आमतौर पर 60 फीसदी सीटें नेपालियों के लिए आरक्षित होती हैं। सेना में नेपाली गोरखाओं की वार्षिक भर्ती धीरे-धीरे घटकर लगभग 1,500 हो गई है, जो पहले प्रतिवर्ष 4,000 थी। भारतीय सेना में 1300 नेपाली युवाओं की भर्ती की जानी थी, इसलिए भारत ने 'अग्निपथ' स्कीम के तहत मित्र देश नेपाल को भी सैनिकों की भर्ती के आमंत्रित किया था, ताकि गोरखाओं की संख्या में इजाफा किया जा सके। इस बीच नई सैन्य भर्ती प्रक्रिया अग्निपथ स्कीम को लेकर भारत और नेपाल के बीच तनातनी बढ़ गई। इसलिए नेपाल ने अग्निपथ योजना के तहत भर्तियां रोक दी, जिसके लिए रैलियां शुरू होनी थीं।

# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर साधा निशाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के स्थानीय टाउन हॉल में आजसू पार्टी का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया था। सम्मेलन में संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि आज सरकार ने राज्य में आचरण को बदल दिया है। सिपाही से लेकर सचिवालय तक मिल कर संसाधनों को लूट कर रुपए जमा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने ओबीसी को नेतृत्व करने से रोकाः राज्य की सरकार ने ओबीसी को नेतृत्व करने से रोका है। 10 हजार पंचायत जनप्रतिनिधि ओबीसी के हैं. इसी तरह निकाय चुनाव की तैयारी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट करने को कहा. आज छह महीने से ट्रिपल टेस्ट लंबित है. इस कारण ओबीसी को अधिकार नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही है, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं. साढ़े तीन वर्ष सरकारी पदों को छोड़ कर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए हैं। 12 लाख नौजवान पलायन कर बाहर के राज्यों में गए हैं, गांव से युवा पलायन कर गए हैं. झारखंड लेबर स्टेट बन गया है। खनिज संपदाओं से भरे राज्य को सरकार ने लेबर स्टेट बना दिया है। सीएम खुद 17 से 18 विभागों को संभालते हैं। जिस नेता के आंखों में आंसू नहीं हैं, वह नेता नहीं हैं. नेता वही हैं जो जनसेवा करे. वर्तमान में सभी जी हुजूरी करने में लगे हैं। सरकार में अभी जी हुजूरी चल रही है. एक छोटा सरकार है और एक बड़ा सरकार है. सीएम गाड़ियों को गिनते हैं। राज्य में सबसे अधिक सरकार को पलामू में काम करने की जरूरत है. यहां लोगों का सरकारी तंत्र पर विश्वास कायम रखना बड़ी चुनौती है। लोगों को तैयार रहने की जरूरत है। ऐसा नेतृत्व चाहिए जो जनभावना का सम्मान करें। स्थानीय नीति और नियोजन नीति को उलझा दिया गया है. जो आरोप सीएम पर लगे हैं, उसकी लड़ाई गरीब के पैसों से लड़ी जा रही है. उन्होंने कहा कि अपनी लड़ाई के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल नहीं करें। ओबीसी, एससी, एसटी को अधिकारों से वंचित किया गया है। इस दौरान पार्टी के देवशरण भगत, हसन अली, शिवपूजन मेहता, सतीश कुमार, इम्तियाज नजमी, बबलू गुप्ता समेत कई आजसू नेता मौजूद थे। इस दौरान कारोबारी ददन सिंह, राकेश सिंह, प्रवीण तिवारी समेत दर्जनों ने पार्टी का दामन थामा।

## बालू लदा ट्रेक्टर हुआ दुर्घटना ग्रस्त मौके पर नाबालिक चालक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** थाना क्षेत्र के चुंदी गांव में पारसनाथ राम घर के पास अवैध बालू लदा ट्रैक्टर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। जिसमें नाबालिक चालक जरदे पंचायत के करके गांव निवासी श्यामलाल चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र मुकलेश चौधरी की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना स्थल पर मृतक की स्थिति देखकर लोगों की रूह कांप जा रही थी। दुर्घटना में युवक के सिर बुरी तरह कुचल गया था। घटना की सुचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, अवर निरीक्षक विवेक पंडित ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिय। साथ ही दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार कहना है कि सरकार द्वारा बालू पर रोक के बावजूद डंडई से रमना प्रखंड में दर्जनों गाड़ियां बालु ओवरलोड लेकर आ रहा है इस क्षेत्र में बालू उठाव बंद हैं। लेकिन अवैध बालू कारोबारी रात्रि दस बजे के बाद से बेखौफ बालू उठाव और बिक्री करते हैं। जो प्रतिदिन पूरी रात चलता हैं। रात में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों की गति इतनी तेज होती है कि कोई सामने आ जाये तो बचना मुश्किल है और 4500-5000 प्रति ट्रैक्टर की दर से ग्रामीणों को बालू बेचा जाता है। अवैध उत्खनन से सरकार को राजस्व की भारी नुकसान हो रहा है और अवैध कारोबारी मालामाल हो रहे।

## सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में कांवरियों का जत्था देवघर रवाना



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड तीन से कांवरियों का जत्था विश्रामपुर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के नेतृत्व में देवघर के लिए रवाना हुआ। इससे पहले कांवरियों ने स्थानीय कुल देवता, ग्राम देवता, रेहला महावीर मंदिर व प्राचीन देवस्थल बाबा योगीबीर घाम पर जाकर विशेष पूजा अर्चना किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि बाबा धाम में भगवान भोले से क्षेत्र के हरियाली खुशहाली का दुआ मांगेंगे। बाबाधाम जाने वालों में पप्पू दुबे, राजीव पांडेय, दीपक पांडेय, चिंटू पांडेय, रामपुकार पांडेय, वेदव्यास पांडेय, अगस्त पांडेय, अरुण तिवारी, बंटी दुबे, पियूष दुबे, विक्की दुबे , हेमलता दुबे, मंजू पांडेय, मिंटू कुमार, चिंटू कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## सोमवार को भवनाथपुर, खरौंधी व केतार में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर फीडर में मेंटेनेंस कार्य को लेकर सोमवार को 8 घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगा। जिस कारण भवनाथपुर, केतार और खरौंधी प्रखंड में सोमवार को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि सोमवार को परसवान से छमइलवा तक 33 हजार विद्युत लाइन में कार्य किया जाएगा। इस दौरान पेड़ कटिंग के साथ लाइन मरम्मत का भी कार्य किया जायेगा। जिस कारण लाइन बंद रहेगा। शाम 6 बजे से आपूर्ति नियमित रूप से बहाल कर दी जाएगी।

# मकरंद सेवा समिति ने केतात में किया पौधारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड स्थित केतात गांव में बाबा मकरंद सेवा समिति की ओर से रविवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसके तहत शमशान घाट, पोखरा व मंदिर प्रांगण में एक सौ से भी ज्यादा इमारती, औषधीय व छायादार वृक्ष के पौधे लगाए गए। बाबा मकरंद सेवा समिति ने पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार चौबे ने बताया कि पिपल, बरगद, आवला, रुद्राक्ष आदि का पौधा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण बेहद जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम दस पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर समिति के सचिव रवि भुषण चौबे, कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा, शिक्षक राजेश चौबे, युवा नेता नवीन चौबे, प्रवीन चौबे, प्रवीर चौबे, अवध किशोर चौबे, मनीष चौबे, मुकेश चौबे, कांग्रेसी नेता विजय चौबे, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, समाजसेवी महेन्द्र चौबे, बंबू चौबे,चन्दन तिवारी, हितेश चौबे, राम ब्यास चौबे, मनोज चौबे, रितेश चौबे, सांतनु चौबे, बालमुकुंद चौबे, दिलीप चौबे, सत्यप्रकाश चौबे, अखिलेश चौबे, रविशंकर चौबे, राजू चौबे सहित समिति के सभी सदस्य और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# किसानों ने अच्छी वर्षा के लिए भगवान इंद्र का किया विशेष पूजा-अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** सैकडों वर्षो से चली आ रही धार्मिक परम्परा के अनुसार अच्छी बारिश की कामना को लेकर रविवार को विश्रामपुर के भुड़ली पहाड़ की चोटी पर भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना किसानों द्वारा किया गया। आयोजित विशेष पूजा-अर्चना में दर्जन भर गांव के किसान शामिल हुए। स्थानीय लोगों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्र के इस विशेष पूजा-अर्चना के बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के एक दिन पहले किसान भुड़ली पहाड़ पर जाकर भगवान इंद्र सहित कई देवी-देवताओं को जयघोष के बीच आमंत्रित करते हैं। उसके दूसरे दिन अहले सुबह से भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना होती है। रविवार को कर्मकांडी पुरोहित अच्यूता नंद पांडेय के द्वारा भगवान इंद्र की विशेष पूजा व अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि भगवान इंद्र की यह विशेष पूजा-अर्चना प्रत्येक सावन माह में होता है। यह परंपरा काफी वर्षो से चला आ रहा है। उन्होंने उमीद जताया कि अब क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी। भगवान इंद्र की कृपा यहां के किसानों पर हमेशा रही है। मौके पर विजय पांडेय, राजू पाण्डेय, रामजी ठाकुर, सुनील राम, चंदन चोबे सहित कई किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

## विशाल झारखंड कम्बाइंड प्री मेडिकल एग्जाम में सेकंड स्टेट टॉपर



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कम्बाइंड प्री मेडिकल एग्जाम के सेकंड टॉपर बनें छतरपुर के विशाल कुमार। विशाल लखन साव के पुत्र हैं प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने मेदिनीनगर स्थित बिमला पांडेय मेमोरियल स्कूल से की है उसके बाद उहोंने कोटा से मेडिकल की तैयारी की थी। उनके बड़े भाई नीरज रिम्स में रेडियोलॉजिस्ट हैं। विशाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और बड़े भाई नीरज को दिया है। उनका सपना है कि वे भविष्य में स्वास्थ के क्षेत्र में छतरपुर के लिए बेहतर कर पाएं। उनके इस उपलब्धि के लिए छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर सेकंड टॉपर बनना एक बड़ी उपलब्धि है विशाल ने छतरपुर का मान बढ़ाया है और उन्होंने उम्मीद भी जताया कि इसका फायदा छतरपुर को जरूर मिलेगा। इस सफलता पर अरविन्द गुप्ता सुनील कुमार, ऋषभ, रितेश, जितेंद्र, आयुष, संतोष, सुरेंद्र, मृणाल, दीपू, छोटू, राजेन्द्र, मुन्ना, कुंदन, अजित, सोनू सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पुष्पगुच्छ दे कर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अनेक निशुल्क बैंक के संचालक शौकत खान लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश कुमार के साथ रविवार को रांची में आयोजित लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ के कैबिनेट की बैठक में भाग लिया। उन्होंने नये सत्र के लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला0 कमल जैन, उप जिला पाल प्रथम एमजेएफ ला0 सीमा बाजपेयी, उप जिला पाल द्वितीय एमजेएफ ला0 संजय कुमार को पुष्प गुच्छ भेटकर सम्मानित किया। सभी पदाधिकारियों से भेटकर उन्हें शुभकामनाएं दिया। वहीं सभी कैबिनेट के पदाधिकारियों ने भी लायंस विशाल के अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश कुमार को अध्यक्ष पद के लिए शुभकामनाएं दिया।

## मुहर्रम आपसी भाईचारे से मनाने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मुहर्रम आपसी भाईचारे से मनाने को लेकर रविवार को हरिहरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसडीपीओ अजय कुमार, सीओ बासुदेव राय, बीडीओ जय प्रकाश नारायण, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास आदि पदाधिकारियों नेशांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने की लोगों से अपील की। साथ ही बैठक में मौजूद दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों से विचार विमर्श किया। बैठक में आधिकारियों ने निर्देशानुसार निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने, किसी तरह के असामाजिक हरकत न हो इस पर सभी को नजर रखने, बाइक के साथ जुलूस में शामिल नहीं होने, किसी भी घातक हथियार का प्रयोग और भड़काऊ वीडियो या गाना के इस्तेमाल से बचने तथा उत्साही बच्चों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिए गए। जबकि लाइसेंसधारियों ने शहरी क्षेत्र के खराब पड़े सभी स्ट्रीट लाइट को ठीक कराकर लाइट की व्यवस्था करने, निर्धारित रास्तों की सफाई और समतलीकरण कराने के साथ ही जुलूस के पहले विद्युत आपूर्ति बंद रखने आदि मांग की। बैठक में

## राजकीयकृत उच्च विद्यालय चितविश्राम के प्रांगण में 74 वां वन महोत्सव का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के दिशा निर्देशन में गढ़वा उत्तरी वन प्रभाग के वन क्षेत्र के तत्वाधान में राजकीयकृत उच्च विद्यालय चितविश्राम के प्रांगण में 74 वाँ वन महोत्सव आयोजित किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भानु प्रताप शाही, गढ़वा उत्तरी वन प्रभाग के डीएफओ दिलीप कुमार यादव, गढ़वा दक्षिणी वन प्रभाग के डीएफओ शशि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रशिक्षु डीएफओ ईबी इब्राहम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, शारदा महेश प्रताप देव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय ने वृक्षारोपण कर किया.इसके बाद वर्षा और हरियाली की कामना करते हुए गुब्बारा छोड़कर प्रकृति से आह्वान किया गया. मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आज जितने पौधे लगाए जा रहे हैं,इसे सुरक्षित एवं संरक्षित करना हम सबों की जिम्मेवारी होगी. उन्होंने आज बदलते परिवेश में पर्यावरण को होते नुकसान पर विस्तृत चर्चा करते हुए केवल 20-30 वर्ष पीछे जाकर नगर भवनाथपुर क्षेत्र के जंगलों की स्थिति और वर्षा का आकलन करने का आह्वान किया और कहा आज आधा सावन बीतने के बाद भी यदि हम आसमान निहार रहे हैं तो इसका जिम्मेवार कौन है? जब वन वृक्ष ही नहीं रहेंगे तो वर्षा कैसे होगी।

## गुवादाग आज भी वेबुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती खैरादोहर पंचायत के करीब 5किमी दूरी पर जंगल मे बसे आदिवासी गाँव गुवादाग आज भी 75 वर्ष गुजर जाने के बाद भी वेबुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है।गुवादाग गाँव मे आज भी न बिजली ,न सड़क ,न पक्की छत और आज भी उस गाँव के चुवाडी खोद कर पानी पीने के विवश है वहाँ के ग्रामीण। ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग 100 वर्ष पूर्व से इस गाँव मे निवास करते आ रहे है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिजली, सड़क, पीने के लिए स्वच्छ पानी की मुहैय आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं करा सके। आज तक उस गाँव मे आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं है 2 किमी दूरी पार कर के गर्भवती एवं धात्री महिलाये सहित छोटे छोटे बच्चें को जाना पड़ता है और गर्भावती, बीमार लोगों की खाट पर टांग कर 5किमी दूर सड़क लाना पड़ता है। साथी ही साथ बरसात के मौसम मे छोटे छोटे बच्चे नदी नाले के वजह से नहीं जा पाते है। वही वृद्ध ग्रामीणों का कहना है कि पेंशन,राशन सहित अन्य सुविधाओं से वंचित है।ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय जन प्रतिनिधि, विधायक जी किसी तरह पैदल चलकर आ जाते है लेकिन चुनाव मे वोट लेकर चले जाते है इसके बाद कोई भी जनप्रतिनिधि चाहे विधायक जी हो या जीप सदस्य है या स्थानीय जनप्रतिनिधि है दुबारा उस गाँव के तरफ मुड़ कर भी नहीं झाकते है।

## मणिपुर की घटनाएं निंदनीय : गुंजन सिंह

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के कांग्रेस भवन में रविवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रेस वार्ता का किया गया आयोजन। कांग्रेस पार्टी की पलामू प्रमंडल प्रभारी गुंजन सिंह ने मणिपुर में हुए घटना को लेकर प्रेसवार्ता किया और कहा आदिवासी महिलाओ के साथ ऐसा घटना घटना बेहद ही चिंतनीय विषय है। कहा कि भाजपा की सरकार में ऐसी घटना घट रही है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुपी साधना और मणिपुर के घटना के बाद मणिपुर के दौरा नही करना बेहद ही दुःख की बात है। प्रधानमंत्री की ऐसा नही करना चाहिए। गुंजन सिंह ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर भी निशाना साधा। और कहा कि जिस देश में बहन बेटियों की इज्जत नही है उस देश के राजा का सर्वनाश होना तय है। कहां कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सत्ता जाने वाली है। प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत, गढ़वा के कांग्रेस जिला अध्यक्ष अब्दुला अंसारी, लातेहार के जिला अध्यक्ष कलाम भाई समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## अहंकार पुर्वक भक्ति नही होनी चाहिए-जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भक्ति होनी चाहिए, ज्ञानी भी होना चाहिए. उपासक भी होना चाहिए, लेकिन वह ज्ञान, वह भक्ति, वह उपासना अपने को अंहकार में नही होना चाहिए। हमारे प्रयास और पुरूषार्थ करने के बाद भी, हमारे कर्म और कर्तव्य करने के बाद अगर कहीं भावी बलियसि है, होनी बलियसि है तो परमात्मा के आज्ञा मान करके उसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। उक्त बातें श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन के दौरान कही.उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ठीक रहेगा तो घर परिवार में रहकर भी शांति प्राप्त कर सकते हैं.अयोध्या, मथुरा, काशी केवल मुक्ति का कारण नही है.अगर अयोध्या, मथुरा, काशी केवल मुक्ति का कारण होता तो चोर, बदमाश, कुकर्मी नही होना चाहिए.यहां रहने से भी कल्याण नही हो जाएगा.हमारा लक्ष्य ठीक नही होगा तो हम चाहें बक्सर रहें, अयोध्या रहें, मथुरा रहें, हम अपने मुकाम तक नही पहुंच पाएंगे। हमारा उद्देश्य ठीक होगा तो हम अयोध्या भी रह करके शांति प्राप्त कर सकते हैं, और घर परिवार में भी रह करके शांति प्राप्त कर सकते हैं. भगवान की कृपा से हीं सत्संग की प्राप्ति होती है .उन्होंने कहा कि जीवन में सन्मार्ग की प्राप्ति होती है. भगवद् भजन में मन लगता है.घर परिवार में मंगल और आनंद की अनुभूति होती है. समाज परिवार में मान सम्मान होता है यह सब भगवान की कृपा से ही होता है. अन्यथा न कृपा रहे तो सब कुछ रहने के बाद भी न किसी के कुछ बनता ही नही है. भगवान की कृपा से ही साधु-संत के सान्निध्य में जाते है.स्वामी जी महाराज ने कहा कि लज्जा हमारी राष्ट्र की संस्कृति है. जहां लज्जा नहीं रहती है वहां सब कुछ रहने के बाद भी कुछ रहने का औचित्य ही नहीं बनता है. लज्जा मानव की गरिमा है। अगर इसे संस्कृति से हटा दिया जाए तो पशु और मनुष्य में कोई अंतर हीं नहीं रह जाएगा.उन्होंने कहा कि लोग विवाह से पहले ही पत्नी के साथ फोटो खिंचवा कर दूसरे को, मित्र को भेज देते हैं। मनुष्य को गरिमा और लज्जा ( शर्म ) का ख्याल रखना चाहिए। यहीं कारण है कि हम संस्कृति को भूल जाने के कारण सभी साधन रहने के बाद भी हम निराश हैं. भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करना ही श्रेष्ठ प्रायश्चित है.उन्होंने कहा कि मन द्वारा, वाणी द्वारा, शरीर द्वारा भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करते हुए उनके नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो उपासना करता है। यह श्रेष्ठ प्रायश्चित है. यह जितना श्रेष्ठ प्रायश्चित है उतना श्रेष्ठ प्रायश्चित यज्ञ, दान, तप भी नही है. यज्ञ, दान, तप करने वाला का हो सकता है उसके पापों का मार्जन न हो. लेकिन जो मन से वाणी से पवित्र होकर नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो भावना करता है. यहीं सबसे श्रेष्ठ प्रायश्चित है।


# राजद ने बैठक कर पंचायत कमेटी का किया विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** राजद का पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर खड़गपुर पंचायत के पारपहाड़ स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश सचिव रवि कुमार यादव, क्रीड़ा प्रदेश प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदन कुमार बैठा, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव पलामू जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी के नेतृत्व में सरसोत खड़गपुर, सेमरवार तथा तूरी पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती पर विशेष चर्चा की। मौके पर युवा प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव ने कार्यकर्ताओं से एक परिवार की तरह राजद के संगठन को मजबूत बना कर रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा की संचार की जा रही है। वहीं प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचारधारा पर चलने के लिए कार्यकर्ताओं से हमेशा तत्पर रहने की अपील की। इस दौरान मंटु कुमार यादव को प्रखंड सचिव तथा सरसोत के रामप्रवेश पासवान, खड़गपुर के विनोद बैठा, सेमरवार जितेंद्र पासवान तथा तुरी से घुरेंद्र भुइयां को पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर छात्र प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, कमलेश यादव, विनोद बैठा, शंकर पासवान, भोला यादव, मुरारी पासवान, यदु भुइंया, महानन्द यादव, जितेंद्र पासवान, सुरेन्द्र भुइयां, विश्वनाथ यादव, उमेश यादव, ललन यादव, मलु यादव, राजेन्द्र यादव, मंटु कुमार यादव, रमेश यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, पौधों का निशुल्क वितरण



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के चांदो व कंकारी गांव में सार्वजनिक स्थलों पर पौधा रोपण और पौधा वितरण कार्यक्रम चलाया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवम संवर्धन के लिए पौधा वितरण कार्यक्रम चैनपुर प्रखंड के चांदो एवं कंकारी गाँव में चलाया गया। कार्यक्रम के तहत गांव में पौधे वितरित किए गए। सार्वजनिक स्थलों पर पौधे रोपित करने का काम किया गया। इस अवसर पर श्री पांडेय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिए पर्यावरण का संरक्षण ज़रूरी है लकड़ी एक ऐसी चीज़ है जिसका सभी जगह उपयोग होता है। हम फलदार पेड़ो के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर तो बना सकते हैं साथ ही साथ हम अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं। हमें अपने खेतों को मेडो पर क़ीमती लकड़ी के पौधे लगाना चाहिए तभी हम अपने आने वाले कल को एक स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण दे पाएंगे हम सबके सामूहिक प्रयास से ही यह कार्य सफल होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन ने संभाला कार्यभार

**रांची ।** सेल इकाइयों में अलग-अलग कार्यक्रमों में, एसोसिएशन ऑफ स्टील एक्जीक्यूटिव्स (एएसई), यूनियन और एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन (सेवा) ने इस सप्ताह कार्यभार संभालने वाले सभी चार कार्यपालक निदेशकों का स्वागत और अभिनंदन किया।श्रवण प्रधान और सचिन कुमार के नेतृत्व में एएसई ने; माणिक लोहार और उज्जवल मंडल के नेतृत्व में यूनियन ने और पंकज नायक और जय प्रकाश के नेतृत्व में सेवा ने ईडी (एचआरडी) के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले ईडी (एसएसओ) आशीष चक्रवर्ती का; एसके वर्मा, ईडी (सीईटी) का; वेदप्रकाश, ईडी (डिजिटल परिवर्तन) का और संदीप कुमार कर, ईडी (आरडीसीआईएस) का गुलदस्ते एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत, अभिनंदन एवं सम्मानित किया।सेल कर्मचारियों ने सभी कार्यपालक निदेशकों को उनके प्रयासों में सफलता की कामना की।

### रिम्स से फरार हुई महिला पकड़ी गयी

**रांची :** गोली लगने से घायल लातेहार की रहने वाली महिला को रिम्स के पुराना इमरजेंसी के पास से शनिवार देर रात पकड़ा गया। इसके बाद उसे रिम्स के हृदय रोग विभाग के पांचवे तल्ले में भर्ती कराया गया है। गोली लगने के बाद महिला को रिम्स में भर्ती कराया गया था। लेकिन शनिवार देर शाम वह वहां से फरार हो गयी थी, जिसके बाद पुलिस महिला की तलाश में जुटी थी। उल्लेखनीय है कि लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित बरियातू की रहने वाली विनीता कुमारी को शुक्रवार देर रात रिम्स के ईएनटी यूनिट में भर्ती कराया गया था। महिला को रांची के कटहल मोड़ के पास अपराधियों ने गोली मारी थी। हालांकि महिला के नाक को छूते हुए गोली निकल गयी थी। इससे महिला घायल हो गयी थी, जिसके बाद उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था।

# झारखंड में 29 जुलाई तक रुक-रुक कर होगी बारिश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के अधिकांश जिलों में हवा के साथ रुक-रुक बारिश हो रही है। लंबे अंतराल के बाद झारखंड में मानसून सक्रिय हुआ है। इसी वजह से बारिश हो रही है। पूरे राज्य में बारिश होने से तापमान में गिरावट आयी है।

राज्य में गोड्डा और पाकुड़ ऐसे हैं, जहां का तापमान 35 डिग्री से ऊपर है। राजधानी रांची का तापमान 28 डिग्री है। रांची में रविवार सुबह से ही काले बादल छाए हुए हैं। बीच-बीच में हल्की बारिश भी भी हो रही है। मौसम में ठंडापन आ गया है।मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर होने के कारण 29 जुलाई तक झारखंड में अच्छी वर्षा देखने को मिलेगी। इसका असर राजधानी में भी दिखेगा। करीब-करीब पूरे राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। चाईबासा जिले में कई स्थानों पर तेज बारिश भी हुई। सबसे अधिक चाकुलिया में करीब 97 मिमी के आसपास बारिश हुई। शनिवार को राजधानी रांची में रुक-रुक कर बारिश होती रही। यहां करीब सात मिमी बारिश हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार 29 जुलाई तक राज्य में मौसम इसी तरह रहेगा।

कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होती रहेगी।

# विश्व आदिवासी दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय में होगा कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित किए जाने वाला दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम झारखंड आदिवासी महोत्सव- 2023 जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजित किया जाएगा। झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। प्रदर्शनी, फूड कोर्ट, पार्किंग, वीआईपी लाउंज, लाइट एंड साउंड शो, फिल्म फेस्टिवल, सेमिनार आदि के लिए उपयुक्त स्थल हेतु निरीक्षण करते हुए विनय कुमार चौबे ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। आपको बताएं कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए पिछले वर्ष विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पहली बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन हुआ था।



**तीन श्रेणियों में आयोजित किए जाएंगे :** ट्राईबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के द्वारा सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राईबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड्स फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया जाएगा।कल्चरल प्रोग्राम के तहत गीत ,नृत्य, इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस, नेशनल और इंटरनेशनल बैंड के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा यूथ आईकॉन भी आमंत्रित किए जाएंगे। महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं भी होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। महोत्सव में ट्राइबल सेलिब्रिटीज भी आमंत्रित किए जाएंगे। इनमें फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की, क्वीन ऑफ़ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजल मेरिना तिर्की, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कोमालिका बारी को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा सहित आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, अपर सचिव अजय नाथ झा, टीआरआई निदेशक रणेन्द्र कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मणिपुर हिंसा : दोषियों को फांसी की सजा हो : संजय पोद्दार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा ने मणिपुर की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है, वही संजय पोद्दार ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि क्या मणिपुर की आड़ में बंगाल, झारखंड, बिहार ,राजस्थान, के कृत्य को भुलाया जा सकता है। घटना मणिपुर की हो, बंगाल की हो, चाहे बिहार और राजस्थान की, यह निंदनीय है। मानवता को शर्मसार करने वाली है परंतु इंडिया सिलेक्टिव क्यों मणिपुर में जिस प्रकार क्रिश्चियनिटी द्वारा धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। अफीम की खेती कर पैसे उगाही से धर्म परिवर्तन पर खर्च हो रहा है । घुसपैठियों को पनाह दिया जा रहा है कहीं उस पर पाबंदी का परिणाम तो नहीं ऐसे कई पहलू पर विचार करना होगा, क्योंकि 2024 का चुनाव है भारत पर सवाल करने वाले कौन लोग हैं । ओरिजिनल इंडिया शब्द में डॉर्ट नहीं है, परंतु अब जो इंडिया बना है उस पर डॉर्ट हर शब्द के बाद है क्या यह इंडिया शब्द सही है।

# मणिपुर में पीड़ित लोगों के प्रति ईसाई समाज ने बनाया मानव श्रृंखला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । रांची के ईसाई समुदाय पिछले तीन महीनों से मणिपुर की भयावह स्थिति को असहाय होकर देख रहे हैं ,और रविवार को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों की परवाह न करते हुए वे बड़ी संख्या में एक मौन मानव श्रृंखला बनाने के लिए निकले, जो अलग-अलग दिशाओं में कई किलोमीटर तक फैली हुई थी । मानव श्रृंखला का आह्वान क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाइए), कॉन्फ्रेंस ऑफ रिलिजियस ऑफ इंडिया (सीआर आइ), रांची और रांची महाधर्मप्रांत के द्वारा किया गया था । इसके बाद विशाल मानव श्रृंखला जुलूस के रूप में संत मारिया




महागिरजा की ओर बड़ी, जिसमें भारी भीड़ अन्दर शामिल नहीं हो सकी, अतः उसके बाद परिसर और सड़कों पर फैल गई । मणिपुर में शांति और पूरे देश में सद्भाव की मजबूती के लिए प्रार्थना के साथ एक प्रार्थना सभा आयोजित की गई ।फादर मारियानुस कुजूर एसजे, एक्सआईएसएस के निदेशक ने मणिपुर राज्य की स्थिति का विश्लेषण पेश किया और बताया कि मणिपुर के लोगों की मदद के लिए हमारी भूमिका क्या हो सकती है । रांची के कैथोलिक आर्कबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने शांति की जोरदार अपील की। एनजीईएल चर्च के बिशप राकेश टोप्पो ने मणिपुर राज्य में जो कुछ हो रहा था, उस पर सभी ईसाइयों का दर्द व्यक्त किया ।

## धर्म परिवर्तन रोकने के लिए विधेयक लाए हेमंत सरकार : मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार विधानसभा के मानसून सत्र में मॉब लिंचिंग विधेयक को फिर से लाने की तैयारी में है। कैबिनेट से पास किए जाने के बाद इसी सत्र में इसे लाया जाना है। मरांडी ने सोशल मीडिया पर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मॉब लिंचिंग पर फिर एक बार विधेयक लाने जा रहे हैं, जिसे पिछली बार राज्यपाल ने लौटा दिया था। बाबूलाल ने सवाल पूछते कहा है कि आखिर मुख्यमंत्री इस विधेयक के लिए इतना व्याकुल क्यों हैं। यदि उनके मन में तनिक भी ईमानदारी है तो धर्म परिवर्तन रोकने को भी विधेयक लाना चाहिये। लव जिहाद से पूरा झारखंड खासकर संथालपरगना और संताल समुदाय तबाह हो रहा है। सरकार में दम है तो इस पर विधेयक लाए।

## मानसून सत्र में मुख्यमंत्री मॉब लिंचिंग विधेयक पारित कराकर फिर भेजेंगे राजभवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अगस्त महीने में शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिर से मॉब लिंचिंग विधेयक को पारित कर राजभवन भेजेगी। जिसे भीड़ द्वारा की जाने वाली हिंसा/हत्या की रोकथाम विधेयक-2023 का नाम दिया गया है। बताते चलें कि दिसंबर 2021 के में मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक-2021 को कैबिनेट से पास कर शीतकालीन सत्र में कानून को पारित कर राजभवन भेजा गया था। जिसे मार्च 2022 में राज्य के तत्कालीन राज्यपाल रहे रमेश बैश ने विधेयक में त्रुटियों का हवाला देते हुए लौटा दिया था, लेकिन अब उन त्रुटियों को दूर कर दिया गया है।राज्य के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैश द्वारा मॉब लिंचिंग कानून को लौटाने की वजह दो त्रुटियां थी, जिसमें पहली त्रुटि विधेयक के अंग्रेजी संस्करण में धारा दो के उपखंड (1) के उपखंड 12 में गवाह संरक्षण योजना का जिक्र किया गया है। हिंदी संस्करण में इसका जिक्र ही नहीं है। तो वहीं दूसरे में धारा के उपखंड (1) के उपखंड 6 में दी गई भीड़ की परिभाषा पर भी आपत्ति जताई गई थी। दरअसल विधेयक में दो या दो से अधिक को भीड़ बताया गया था, यानी अगर दो या दो से अधिक लोग किसी की हत्या कर देते हैं तो वे भीड़ कहे जायेंगे और विधेयक के अनुसार उन्हें दोषी माना जायेगा। इसी बात पर राज्यपाल ने आपत्ति जताते हुए विधयेक को लौटा दिया था की दो या दो से अधिक को हिंसक भीड़ नहीं कहा जा सकता। पारित विधयेक के अनुसार दो या दो से अधिक लोग मिलकर किसी की हत्या कर दिए जाने के बाद दोषी पाए जाने पर तीन साल से सश्रम आजीवन कारावास और 25 लाख रुपए जुर्माने के साथ संपत्ति की कुर्की तक का प्रावधान था। गंभीर चोट आने पर भी 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जानी थी। वहीं भीड़ को उकसाने पर दोषी पाए जाने पर तीन साल की सजा तय की गई थी।

इसके अलावा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और पीड़ित के इलाज का पूरा खर्च उठाने जाने पर कानून बनाई गयी थी।

# मणिपुर घटना पर भाजपा क्यों है चुप : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय एवं शर्मनाक घटना पर भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि भाजपा को नेत्री सीनियर लीडर यह वक्त चुप रहने का नहीं है, चाहे वह कांग्रेस,जेएमएम,बीजेपी खास करके बाबूलाल ,अन्नपूर्णा ,आदिवासी मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा आखिर उन लोगों मणिपुर घटना लेकर क्या कहना इस राज्य से भाजपा के



सांसद आदिवासी बहनों बोट लेकर सदन में आवाज को मुखर कर पाते हैं या नहीं। वहीं केंद्र सरकार से मांग केंद्र सरकार अपनी जिम्मेवारी पूरी करते हुए सदन में इसको लेकर बहस कराएं। केंद्र सरकार मणिपुर में अमन शांति कायम करें , हमारे वहां आदिवासी भाई बहनों मणिपुर की जनता पूर्वोत्तर राज्यों सुरक्षित करें। कम से कम यह पहल केंद्र सरकार को करना चाहिए।हम यह मांग करते हैं कि मणिपुर सरकार से तत्काल इस्तीफा लेकर राष्ट्रपति शासन लगाए। देश के जो आज राष्ट्रपति हैं वह एक महिला हैं आदिवासी समाज से आती है, झारखंड में पूर्व में राज्यपाल रही हैं हमें पूरा भरोसा है कि जिस तरह सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टि स्वत संज्ञान लिया, आज भाजपा केंद्र सरकार में शासन बैठी है, वे अपना काम राजधर्म नहीं निभा रही है। महामहिम राष्ट्रपति स्वत संज्ञान लेकर अपनी संवैधानिक ताकतों से मणिपुर में शांति बहाल कराएंगी वहां की बहनों को न्याय दिलाएंगे।

# सांसद के आमंत्रण पर सितंबर माह में रांची आएंगी दीदी मां साध्वी ऋतंभरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ वात्सल्य ग्राम वृंदावन जाकर रविवार को दीदी मां साध्वी ऋतंभरा से मिले और आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही सितंबर माह में रांची आने का निमंत्रण दिया, जिसे दीदी मां ने सहस स्वीकार करते हुए रांची आने की बात कही। दीदी मां साध्वी ऋतंभरा मानव कल्याण के लिए भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में काम कर रही है। इसके कई उदाहरण है। पूरे विश्व में अनाथ बच्चों एवं असहाय लोगों के लिए वात्सल्य ग्राम की स्थापना की गई है जहां ऐसे लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं वहां रहने की पूरी व्यवस्था की गई है। वात्सल्य ग्राम में गोकुलम की स्थापना की गई है, जहां पर निराश्रित बच्चे बच्चियों को डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और स्वाबलंबी बनाया जा रहा है। सांसद ने कहा वात्सल्य ग्राम में अनाथ बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल की स्थापना की गई है । चिकित्सा के क्षेत्र में भी निसहाय लोग को मुफ्त में इलाज की व्यवस्था सहित कई तरह के उपक्रम मुहैया कराए जाते हैं।

## प्रेमी ने प्रेमिका को मारी गोली, गंभीर



**रांची ।** रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ इलाके में एक युवक ने युवती को गोली मारकर घायल कर दिया है। गंभीर रूप से घायल युवती को रिम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। युवती का बदला हुआ नाम पुनीत है और आरोपी युवक का नाम संदीप पासवान बताया जा रहा है। घटना पर युवती के परिजनों ने कहा कि संदीप पुनीता से शादी की बात की तो संदीप ने इसका इंकार कर दिया।

# मणिपुर घटना ने भारत के एकता और समरसता के लिए चिंता पैदा की है : इबरार अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली मणिपुर के घटना पर मेन रोड राँची से काँटाटोली चौक तक ऐतेहासिक मानव श्रृंखला बनायी गयी जिसमें आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के इलावा सभी इंसाफ पसंद सामाजिक लोगों ने शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से मणिपुर के घटना पर विरोध दर्ज कराया। एकता व समरसता के प्रतीक इस मानव श्रृंखला का पूर्ण समर्थन मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) व साझा मंच झारखंड (समझ) के संयोजक




इबरार अहमद ने दिया।इबरार अहमद ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ÷अधिकांश भारतीयों को आहत करने वाली मणिपुर घटना ने भारत के एकता और समरसता के लिए चिंता पैदा की है। हमें अपने बहनों के साथ हुए इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के प्रति अतिशय गहन दुख है। यह सिर्फ मणिपुर के लिए बल्कि पूरे भारत के लिए एक शर्मनाक घटना है, जो हमारी मानवता और इंसानियत की शक्ति की कमी को प्रदर्शित करती है। हम सभी को एक साथ आने का आह्वान करते हैं और इस घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो इसके लिए एक समरसता और सद्भावना से भरी समाज की स्थापना करने के लिए काम करने की आवश्यकता है। इस मानव श्रृंखला में विभिन्न समाजिक संगठनों और सभी इंसाफ पसंद लोगों ने मिलकर मणिपुर की घटना के विरोध में तख्तियाँ व बैनर के माध्यम से आवाज उठाई एवं गहरी रोष प्रकट किया। समाजसेवी दयामनी बारला, प्रभाकर तिर्की,रत्न तिर्की सहित कई संगठनों के लोगों ने बारिश के दौरान विरोध प्रदर्शन किया।

# पुलिस एसोसिएशन प्रक्षेत्रीय मंत्री का कार्यकाल अगले आदेश तक विस्तार किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें महामंत्री अक्षय राम, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पाण्डेय एवं अरविन्द प्रसाद यादव, संयुक्त सचिव महताब आलम एवं रंजन कुमार , संगठन सचिव अंजनी कुमार के साथ ही साथ राज्य के सभी जिलों / ईकाईयो के अध्यक्ष / सचिव एवं निर्वाचित सभी शाखा पदाधिकारी, क्षेत्रीय / प्रक्षेत्रीय मंत्री, कार्यकारिणी के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित के सदस्यगण शामिल हुए।

**बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया:** प्रस्ताव 1 वर्तमान केन्द्रीय कार्यसमिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों/ कार्यकारिणी सदस्य एवं क्षेत्रीय / प्रक्षेत्रीय मंत्री का कार्यकाल सप्तम महाधिवेशन होने तक अगले आदेश तक विस्तार किया गया।केन्द्रीय प्रस्ताव 02 सप्तम महाधिवेशन एवं केन्द्रीय पदाधिकारियों का चुनाव अचानक स्थगन करना पुलिस मुख्यालय के द्वारा किया गया था इसका विरोध किया गया। इस बिन्दु पर भी चर्चा की गयी कि जब उत्पन्न सभी विवादों



पर सभी सदस्यों द्वारा निराकरण कर समझौता पत्र प्राधिकार को सौंपा गया इसके उपरान्त भी चुनाव को स्थगित कर दिया गया। बिन्दुवार परिचर्चा के उपरांत सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के नियम और संविधान के अनुरूप जो समझौता पत्र प्राधिकार को समर्पित की गई है के आलोक में चुनाव कराने से संबंधित लगाई गई रोक समाप्त किया जाय। यदि प्राधिकार द्वारा इस पर सार्थक निर्णय नहीं आता है तो इस संबंध में सरकार से पत्राचार कर निर्णय प्राप्त की जाए। यदि प्राधिकार / सरकार झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के संविधान एवं नियम के विपरित निर्णय करती है तो वैसे स्थिति में सर्व सम्मति से केन्द्रीय पदाधिकारियों को उच्च न्यायालय जाकर इसका निर्णय कराने के लिए केन्द्रीय पदाधिकारियों को अधिकृत किया जाता है, जो प्रांतीय अध्यक्ष अपने निर्वाचित केन्द्रीय पदाधिकारियों में से किसी एक को न्यायालय में रिट करने के लिए अधिकृत करेंगे।3 प्रस्तावित 15,16 एवं 17 जून 2023 को चुनाव तैयारी में एसोसिएशन का काफी पैसा खर्च हो गया है। प्राधिकार के हस्तक्षेप से अचानक महाधिवेशन से एक दिन पूर्व महाधिवेशन एवं चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। उक्त तिथि को चुनाव सम्पन्न नहीं होने के कारण जो पैसा व्यय हुआ है उस राशि की व्यवस्था करने हेतु प्राधिकार से आग्रह करने का निर्णय लिया गया ताकि भविष्य में सप्तम महाधिवेशन सम्पन्न कराने में आर्थिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

## सुनील शेट्टी ने रांची के युवा व्यवसायी को वियतनाम में किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के सफल युवा व्यवसायी अरुण कुमार सिन्हा को वियतनाम में इंटरनेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड से बॉलीबुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने सम्मानित किया। वियतनाम में रेडियो ऑरेंज के तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सिन्हा को सम्मानित किया गया। रेडियो ऑरेंज की निदेशक इनु मजूमदार के नेतृत्व में वियतनाम में शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर बॉलीवुड के नामचीन अदाकार सुनील शेट्टी मौजूद थे। इस दौरान आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से देशभर से कुल 30 सफल बिजनेसमैन को सम्मानित किया गया। इसमें झारखंड से कुल 9 लोगों को सम्मान मिला। अरुण कुमार सिन्हा राइडर सिक्योरिटी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और देशभर में इनका काम चलता है। यह जानकारी व्यवसायी अरुण कुमार सिन्हा ने दी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, सोमवार, 24 जुलाई 2023 | पेज 4


## मारंगहादा थाना क्षेत्र के कांडे तुबिद गांव में एक युवा किसान को अपराधियों ने गोलियों से भून डाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला के आदिवासी बहुल मारंगहादा थानांतर्गत कांडे तुबिद गांव निवासी युवा किसान चमरा मुंडा (25 वर्ष) को शनिवार देर शाम उसके घर के समीप ही अज्ञात अपराधियों ने गोलियों से भून डाला। अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ चलाए गए छह गोलियों से गंभीर रूप से घायल चमरा मुंडा को घटना के बाद उसके स्वजन व अन्य ग्रामीण तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी के बयान पर मारंगहादा थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की गर्भवती पत्नी पिंकी बॉबी तिडू ने बताया कि शनिवार की शाम उसका पति चमरा मुंडा खेत में पानी का पटवन कर जैसे ही घर आया, इसी बीच शाम लगभग सात बजे हेलमेट पहने दो युवक घर आए और उसके पति को घर से बुलाकर बाहर ले गए। घर से बाहर थोड़ी ही दूर में तीन अन्य युवक खड़े थे। उन युवकों के पास उनके पति को ले जाने के बाद जब तड़ातड़ गोलियों की आवाज सुनाई दी तो पत्नी किसी अनहोनी की आशंका से बदहवास वहां भागते हुए पहुंची। लेकिन तब तक उसके पति को गोलियों से भूनकर पांचों अपराधी दो मोटरसाइकिल में सवार होकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में पति को तड़पता देख पत्नी अन्य ग्रामीणों के सहयोग से तुरंत उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गई, जहां से रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। पत्नी के अनुसार वह किसी भी अपराधी को नहीं पहचानती, साथ ही उसके पति का किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी। ऐसे में चमरा मुंडा की हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही मारंगहादा थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की पड़ताल शुरू की। मारंगहादा अंचल के पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक मिसफायर बुलेट और तीन खोखा बरामद किया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहराई से पड़ताल कर रही है। शीघ्र ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा कर लिया जाएगा। दूसरी ओर इस सनसनीखेज हत्याकांड से गांव के लोग सकते में हैं। रविवार को गांव में सन्नाटा पसरा रहा। इस विषय में कोई भी ग्रामीण कुछ कहने को तैयार नहीं है।

## पिपरवार के कल्याणपूर में लैमिना रिसर्च सेंटर ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजैन में लेमिना रिसर्च सेंटर रांची हरमू द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में लैमिना रिसर्च सेंटर के चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों की शरीर के सभी अंगों की जांच ऑल बॉडी स्पेशलिस्ट चिकित्सक डा. कृष्णा सिंह द्वारा किया गया। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं बीमारियों के रोकथाम को लेकर आवश्यक सुझाव दिए गए।निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों को दैनिक दिनचर्या में खानपान से मिलने वाली शरीर को खनिज कैलोरी आयरन सहित संतुलित आहार में अपनाए जाने को लेकर विभिन्न व्यंजन के बारे में भी जानकारी दी गई।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, के. रवि कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/बी.एल.ओ. को मतदाता सूची से संबंधित आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं नियम/प्रावधानों के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे घर - घर सत्यापन कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वाहन करेंगे। हर स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के भी प्रयास किए जाय। साथ ही ब्लह द्वारा किए जा रहे कार्यों का ससमय पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उपायुक्त, शशि रंजन ने बताया कि कार्यों के उचित अनुश्रवण के लिए सभी प्रखंड के वरीय पदाधिकारी द्वारा अपने संबंधित क्षेत्र में बूथ निरीक्षण किया जाय। साथ ही ब्लह द्वारा किए जा रहे कार्यों का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। आगे उन्होंने बताया कि प्रत्येक सप्ताह सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र में किए जा रहे निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके अतिरिक्त जिले में स्वीप के तहत विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसमें मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय भाषा में ऑडियो/ वीडियो तैयार कर प्रेषित किए जायेंगे। साथ ही सभी ईएलसी एवं चुनाव पाठशाला को क्रियाशील रखते हुए मतदाता जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## तुमांग पंचायत में पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** तुमांग पंचायत सचिवालय में रविवार को पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया.जिसकी अध्यक्षता मुखिया संतोष कुमार महली ने किया.इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा एव मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह उपस्थित थे. बैठक में पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात हुई. बैठक में लोगो ने थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि प्रत्येक मंगलवार बाजार के लिए दिन पेट्रोलिंग किया जाय।साथ ही कुछ युवा के नशे का शिकार होते जा रहे हैं इस पर कार्रवाई हो.वही कॉलोनी में चोरी की घटना को देखते हुए रात्री गश्ती के लिए स्थानीय युवकों द्वारा करने की पुलिस द्वारा अनुमति मिले साथ ही प्रतिदिन रात्रि में पुलिस गश्ती करने की मांग की है.

थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने कहा कि तुमांग पंचायत की जनता को कोई भी परेशानी हो तो थाना आये या उनके नम्बर पर फोन कर सकते हैं.साथ ही धमधमिया के लोग पिकेट में भी अपनी समस्या परेशानी की जानकारी दे सकते हैं.उनके समस्या पर पुलिस द्वारा सकारात्मक पहल होगा.मैकलुस्कीगंज पुलिस आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।कार्यक्रम का संचालन भोला चौहान एव धन्यवाद ज्ञापन पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली ने किया.

## निजी कंपनियों ने नही दिया रोजगार तो बन्द होगा काम : बिगन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने एक बयान जारी कर कहा कि एनके एरिया के निजी कंपनियों में स्थानीय रैयत विस्थापितो को रोजगार नही दिया तो इनका काम अगस्त से बन्द करा दिया जाएगा.पुर्व में मोर्चा के द्वारा किए गए बन्दी के बाद एनके प्रबंधन के साथ31 सूत्री मांगों पर वार्ता हुई थी जिसमे रोजगार की भी मांग शामिल था.एनके प्रबंधन ने रोजगार के लिए पहल करने का आश्वासन भी दिया गया था उसके बाद एनके एरिया प्रबंधन ने निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी कराया था जिसमे स्थानीय रैयत विस्थापित को रोजगार देने की बात कही गई थी लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी निजी कंपनियों ने कोई सकरात्मक पहल नही किया है.मोर्चा अध्यक्ष ने निजी कंपनियों को चेतावनी दी है कि अगर जुलाई माह में रोजगार के मुद्दे पर कोई पहल नही हुआ तो अगस्त में मोर्चा के द्वारा निजी कंपनियों का काम बन्द कराया जाएगा.

## पिपरवार के बचरा में एथलेटिक्स एवं फुटबॉल ट्रायल चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में गणेश स्पोटिंग क्लब राय के द्वारा एथलेटिक्स एवं फुटबॉल ट्रायल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता मे 8 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बालक एवं बालिका खिलाडी शामिल हुए।मुख्य अतिथि के रूप मे जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि मे बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, राय पंचायत मुखिया शीला देवी उपस्थित थे।प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं बॉल को किक मारकर कर किया गया।क्लब के संस्थापक गणेश महतो ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।इस प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले करीब 100 खिलाड़ियो का चयन किया गया।क्लब के संस्थापक गणेश कुमार महतो ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाड़ियों को दो वर्ष तक गणेश स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा निःशुल्क एथलेटिक्स एवं फुटबॉल खेलकूद का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयनित सभी खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## रसोईया धमना में मुहर्रम अखाड़ा कमिटी व निगरानी कमेटी गठित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रसोईया धमना में मुहर्रम आखाड़ा कमिटी का हुआ चयन मदरसा अजिजिया जेया उलओलूम के सेक्रेटरी मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में दो मुहर्रम आखाड़ा कमिटी का हुआ। वहीं निगरानी



कमिटी का भी गठन हुआ। बैठक में स्टार कलर छोटकी बरही, चाँद क्लब मस्जिद मोहल्ला, ताज क्लब मदीना नगर, हुसैनी क्लब वारसिया मुहल्ला, केजीएन क्लब अंसार नगर, चाँद क्लब लश्करी सभी क्लब व कमिटी के मेंबर्स आपस में मिल बैठ कर सर्व सहमति से शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने का निर्णय लिया। वहीं निगरानी कमिटी बनाया गया।

## हादसे के बाद चालक कार छोड़ भागा, मादक पदार्थ होने की आशंका

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही थाना अंतर्गत करसो गांव के समीप एनएच-33 पर हजारीबाग से बरही की ओर आ रही एक डस्टर कार (संख्या जेएच 05 बीई 2463) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद कार का



चालक कार को वहीं छोड़ कर भाग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आगे-आगे चल रहा एक अज्ञात ट्रेलर वाहन को कार ने पीछे से तीव्र गति से धक्का मारा। इस दौरान कार ट्रेलर के पिछले हिस्से में फंस गया। जिसके कारण करीब 100 मीटर तक कार ट्रेलर में फंसकर घिसियाते हुए गया। जब ट्रेलर चालक ने अपने वाहन के लुकिंग ग्लास से देखा तो ट्रेलर को खड़ा किया। कार का चालक सुरक्षित बच निकला। उसके बाद देखते ही देखते कार का चालक वहां से भाग निकला। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रेलर का चालक भी अपने ट्रेलर वाहन को लेकर भाग गया। सूचना मिलने ही बरही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार को जब्त कर थाना लाई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि कार की डिक्की में कोई मादक पदार्थ है। इसी कारण कार का चालक भाग गया। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## दिवंगत अजय दुबे को पहली पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मंत्री सह बरही के युवा नेता रहे दिवंगत अजय दुबे की पहली पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा किया। सभा की शुरुआत



भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत अजय दुबे के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा के शांति को सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा की स्व. अजय दुबे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओ में एक थे। संगठन के द्वारा जो भी जिम्मेवारी उनको दी जाती थी वह बखूबी पूरा करते थे। आज उनको हम लोगों के बीच नहीं रहना बहुत खलती है। उनका असामयिक निधन भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने बताया कि दिवंगत अजय दुबे के नाम पर फुटबॉल ट्रॉफी का आयोजन भी करवाया जाएगा। वहीं उनके बड़े भाई संजय दुबे ने नम आंखों से अपने अनुज दिवंगत अजय दुबे को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मेरा भाई दिवंगत अजय एक जुझारू सामजसेवी व्यक्ति थे उन्होंने अंतिम समय तक मौत से लड़ाई जारी रखा।

## अड़की के जारंगा गांव में आजसू पार्टी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड के जारंगा गांव में आजसू कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता दूती कृष्णा मुंडा के द्वारा की गई । तमाड़ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देशानुसार प्रत्येक गांव में विकास की गति को तेज करने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा पहुंचकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सभा में उपस्थित तमाड़ प्रखंड प्रभारी श्याम महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान सरकार के द्वारा किया गया योजनाओं पर लोग खुश नहीं है क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजना धरातल पर बहुत कम दिखाई दे रही है। हमारे पार्टी के सुप्रीमो की सोच है कि शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, प्रत्येक पंचायत में पंचायत प्रभारी एवं गांव कि एक ग्राम प्रमुख का चयन किया जाएगा जो पूरे गांव की समस्याओं से समय पर लोगों की सहयोग के लिए जुड़े रहेंगे।आजसू पार्टी गांव के सरना स्थल देवस्थान एवं लोगों की आस्था से जुड़े क्षेत्रों में हमेशा मददगार साबित होगी । आप सबों से अपील है कि फिर एक बार तमाड़ विधानसभा में हम सभी कार्यकर्ता आजसू पार्टी को लाने का प्रयास करेंगे । तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू में लगी टोल गेट पर तमाड़ प्रखंड अड़की प्रखंड के ग्रामीणों को भी टोल टैक्स फ्री करने की हमारी मांग है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे दुती कृष्ण मुंडा ने कहा के अड़की के जारंगा गांव क्षेत्र में पानी की समस्या है । बरसात के दिनों में कच्ची नहर पर जगह-जगह टूटने से अच्छी तरह से सिंचाई नहीं हो पाती है , कच्ची नहर को पक्की करने के लिए मांग की गई थी लेकिन अभी तक जस की तस है अभी तक अड़की प्रखंड क्षेत्र में काम करने वाले विधायक सह मंत्री स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा थे अपने कार्यकाल में लोगों से जमीनी स्तर से जुड़ कर उनके जरूरतों पर पहल करते थे । उसके बाद तमाड़ विधानसभा का अड़की क्षेत्र विकास के लिए बाट देख रहा है । हमारे क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है गर्मी के दिनों में लोग चपाकलों में घंटों तक इंतजार करते हैं।

## मांडर के टांगरबसली में मोहर्रम मेला को लेकर रखी गई बैठक

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मांडर प्रखंड के टांगरबसली गाँव मे मोहर्रम को लेकर एक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने की। बैठक में मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहायक एक्का एंव



विधायक प्रतिनिधि तस्लीम अंसारी उपस्थित थे। बैठक में गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा सह सहमति से टांगर बसली बाजार टांड़ मे दिनांक 30/07/2023 दिन रविवार को मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा एंव सभी 13 गांव का जुलूस निकाला जाएगा। मेला के लिए गांव से दस दस भोलंटियर का चुनाव किया गया। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्कूल मैदान मे पार्किंग और ग्रिम गोला मैदान में पार्किंग किया जाएगा। सभा में निर्णय लिया गया कि मेला मे लगभग 3:00 बजे तक जुलूस लेकर पहुंच जाएं। मौक़े पर कूदूस अंसारी,कुदरत अंसारी, इमरान अंसारी, तबरेज अंसारी,सरफुल अंसारी, आबिद अंसारी, मोकतार अंसारी, जमील अंसारी समेत और भी लोग मौजूद थे।

## कैंसर से पीड़ित बच्ची को चंदा कर हुटाप के ग्रामीणों ने करवाया ऑपरेशन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के हुटाप पंचायत अंतगर्त जोराकाठ निवासी कजरू मुंडा की 14 वर्षीय कैंसर से पीड़ित पुत्री सबिता कुमारी को हुटाप के ग्रामीणों ने चंदा कर इलाज कराया. सबिता कुमारी को आंत में कैंसर हो गया है.



कुमारी को पहले बड़ी आंत में गांठ बना, जिसके बाद कैंसर का रूप ले लिया. जिसका इलाज कटहल मोड़ रांची रिंची अस्पताल में करवाया जा रहा है. सबिता को बीते 21 जुलाई शुक्रवार की शाम को ऑपरेशन हुई है.वर्तमान में पीड़िता आईसीयू में भर्ती है. प्रतिदिन दो यूनिट ब्लड चढ़ाया जा रहा है. जिसकी पूरी व्यवस्था हुटाप के झामुमो अध्यक्ष गौतम यादव और सहयोगी कर रहे हैं. गौतम यादव ने बताया कि हुटाप पंचायत के मेठ और डीलर सहित कई अन्य की मदद से सबिता का ऑपरेशन करवाया गया है. यादव ने बताया कि कजरू मुंडा ईंट-भट्ठा में दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं और वे काफी गरीब हैं. अपनी बेटी का इलाज नहीं करवा सकते हैं. ऐसे स्थिति को देखते हुए हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा सहित गौतम यादव, सुरेंद्र लोहरा, मेराज अंसारी, जगलाल गोप आदि के सहयोग से आर्थिक मदद के साथ ब्लड की व्यवस्था करवाया जा रहा है.

## पूर्व विधायक सीमा महतो ने बसंतपुर गांव में किया खतियानी जुटान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राहे :** रांची जिला अंतर्गत राहे प्रखंड के बसतपुर गांव में खतियानी जुटान का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली के पूर्व विधायक सीमा महतो शामिल हुई। इस मौके पर सभा का सम्बोधित करते हुए कहा सीमा महतो ने कहा कि पूरे झारखंड में हर एक खतियानी अपने हक और अधिकार के लिए जाग चुका है । पूर्व विधायक अमित महतो खतियानी को जगाने के लिए पूरे 81 विधानसभा में खतियानी मैराथन दौड़ चुके और खतियानी को अपने हक,अधिकार को जगाने का काम किया है लेकिन यहाँ की सरकार ने आंदोलन को कुचलने और मिटाने के लिए अमित महतो को जेल में डालने का काम किया है । लेकिन न्यायलय पे पूरा भरोसा है एक जल्द ही अमित महतो निकलेंगे और खतियानी के लिए लड़ेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य बादल महतो , मुखिया तेजयातमा देवी , रोहित महतो ,छात्र नेता राजू कुमार ने भी सभा को सम्बोधित किया।इस मौके पर लक्ष्मी मुंडा,सुजीत साहू,अमिश महतो,बीरेंद्र प्रभाकर,नरेश महतो,पशुपति अहीर , योगेश्वर मेहता समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन श्रीधर साहू ने किया ।

## मणिपुर घटना को लेकर झामुमो ने फूंका पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के गोविन्दपुर मिशन चौक में रविवार को मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना के विरोध में झामुमो कर्रा प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद उरांव के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया. पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने बीजेपी शासित केन्द्र सरकार मुर्दाबाद, मणिपुर सरकार मुर्दाबाद, मणिपुर घटना के दोषियों को फांसी दो, फांसी दो के नारे लगाये गये.इस मौके पर खूंटी जिला मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, प्रखण्ड उपाध्यक्ष शोसन होरो, सहसचिव नमजन होरो, लछुवा लोहरा, पौलुस होरो, मुन्ना हेरेंज, लिमड़ा पंचायत अध्यक्ष बांका लकड़ा, गोविन्दपुर पंचायत अध्यक्ष लाला होरो, अमित खलखो, निस्तार बरला, अनुज हेमरोम, चैतन्या उरांव, विकसल सुरीन, आशीष केरकेट्टा, विवेक तोपनो, मंगा होरो, सोमरा होरो, जुदीत होरो, बैजु लोहरा, आनन्द कुजुर, इलियाजर भेंगरा, सुदेस होरो के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## गिद्दी ए में भारतीय मजदूर संघ का 68 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** क्षेत्रीय कार्यालय गिद्दी ए में भारतीय मजदूर संघ का 68वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम महान विचारक स्व0 दत्तोपंत ठेंगडी की तस्वीर पर मालार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार एवं क्षेत्रीय सचिव प्रशांत कुमार बेल्थरिया ने दत्तोपंत ठेंगडी के जीवनी पर प्रकाश डाला।आज ही दिन लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का जन्म हुआ था और दत्तोपंत ठेंगडी ने 23 जुलाई 1955 को भारतीय मजदूर की स्थापना की थी। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना एक स्वतंत्र श्रमिक यूनियन के रूप में की गई थी। उस वक्त जब सारे ट्रेड यूनियन किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़े हुए थे। आज भारतीय मजदूर संघ भारत का सबसे बड़ा ट्रेड यूनियन है। जो अनुशासन और राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत है। इस अवसर पर गिद्दी ए के सचिव श्री रणधीर कुमार सिंह, अध्यक्ष श्री हेमंत कुमार शर्मा, सिरका के अध्यक्ष कमलेश कुमार, महाप्रबंधक शाखा के अध्यक्ष सुरेंद्र टुडू, सूरज चंद गोस्वामी, संजय कुमार सिंह, राहुल भुइयां, अंजय कुमार, पिंटू सिंह, विजय कुमार सिंह, मुकेश कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे।

## संपादकीय

# मणिपुर का चीरहरण

**द्वापर** युग में पांडवों की धर्मपत्नी द्रौपदी का चीरहरण नहीं किया जा सका, क्योंकि श्रीकृष्ण ने अपनी माया से उन्हें बेइज्जत होने से बचा लिया था, लेकिन कलियुग के मणिपुर में कोई 'कृष्ण' नहीं बन पाया, नतीजतन 3 महिलाओं को निर्वस्त्र कर सार्वजनिक तौर पर घुमाया गया और एक 21 साला युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। यह है नए भारत के एक राज्य की सोच की एक बानगी... ! यह घिनौनी हरकत और जघन्य आपराधिक घटना बीती 4 मई की है और हम 21 जुलाई को विश्लेषण कर रहे हैं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री तक को इस शर्मनाक, अमानवीय, अश्लील घटना की जानकारी नहीं थी। उनके बयान से साफ है कि इस घटना ने उन्हें अभी पीड़ित और क्रोधित किया है। हालांकि हम यह मानने को तैयार नहीं हैं कि प्रधानमंत्री को ऐसी वारदात का इल्म नहीं होगा। कमोबेश भाजपाई मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने ब्रीफ किया होगा ! खुफिया एजेंसियों के जो प्रमुख नियमित तौर पर प्रधानमंत्री को ब्रीफ करते रहते हैं, क्या उन्हें ऐसी खौफनाक घटना की जानकारी नहीं थी ? तो फिर मणिपुर सरीखे अशांत और हिंसा से जल रहे राज्य में खुफिया-तंत्र क्या कर रहा है? मणिपुर की राज्यपाल भी महिला और केंद्र की प्रतिनिधि हैं। क्या उन तक भी ऐसे भीडक़ांड की भनक तक नहीं पहुंची, क्योंकि औरतों के साथ ऐसा पाशविक सलूक, राज्य की राजधानी इंफाल से, 40-45 किलोमीटर दूर ही किया गया था? अकर्मण्यता की पराकाष्ठा है कि बीती 4 मई को घटना हुई, लेकिन 18 मई को जीरो प्राथमिकी दर्ज की गई और फिर 21 जून को नियमित प्राथमिकी दर्ज हुई, लेकिन 19 जुलाई तक सन्नाटा पसरा रहा। मुख्यमंत्री की सफाई है कि ऐसे ही 100 केस मणिपुर में हुए हैं, इसलिए इंटरनेट बंद करना पड़ा है। एक ही केस की बात न करें, जमीनी हकीकत को देखें। बहरहाल ट्विटर के जरिए यह वीडियो सामने आया, तो सिर्फ हैवानियत और दरिंदगी ही निर्वस्त्र नहीं हुई, सब कुछ बेनकाब हो गया। हम शुक्रगुजार हैं कि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के संज्ञान में यह अश्लील वीडियो आया और उन्होंने इसे संवैधानिक, मानवाधिकारों का हनन माना। वह भी क्षुब्ध हुए, क्योंकि एक लोकतांत्रिक देश में ऐसी 'राक्षसी हरकतें' स्वीकार्य नहीं हैं। देश का वैश्विक मान-सम्मान निर्वस्त्र हो गया। हमारी सभ्यता, इनसानियत, सुरक्षा बलों, पुलिस और उस इलाके की आबादी भी निर्वस्त्र हो गई। महिलाएं रोती-चीखती रहीं, गिड़गिड़ाती रहीं, लेकिन चौतरफा इलाका मूकदर्शक बना रहा। नारी की इज्जत, गरिमा तार-तार कर दी गई। सिर्फ यह जघन्य अपराध करने वाली भीड़ के चेहरे, हैवान-शैतान की तरह, हंसते रहे। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने गुनहगारों को नहीं बख्शने का बयान दिया है, उसी के बाद मुख्य आरोपित समेत कुल 4 दरिंदों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने हैवानों को फांसी की सजा दिलवाने का आश्वासन दिया है, लेकिन मुख्यमंत्री पर भरोसा ही टूट चुका है। 78 दिन के बाद एक वीडियो के जरिए मणिपुर का यह चीरहरण और भयावह सच सामने आया है। इसकी बुनियादी जवाबदेही किसकी है ? प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इस पर मंथन करें। वे स्वीकार करें अथवा न करें, लेकिन मणिपुर में उनकी डबल इंजन की सरकार के मुख्यमंत्री राज्य को संभालने में नकारा, नाकाम और अक्षम रहे हैं। उन्हें बदला नहीं गया, तो मणिपुर एक राष्ट्रीय मुद्दा बन जाएगा और सत्ताधीशों के हाथ से बहुत कुछ फिसल सकता है। नारी-सम्मान को जिस तरह नग्न किया गया, वह मैतेई-कुकी जातीय टकराव से कहीं ज्यादा भयावह है। दरअसल इसके गर्भ में धर्म और जातीय आरक्षण हैं। बीते 80 दिनों से जो हिंसा, आगजनी, लूटपाट का दौर जारी है, उसका प्रतिशोध यह नहीं हो सकता कि कोई औरतों को ही सरेआम निर्वस्त्र कर दे। आरक्षण नीति पर मंथन होना चाहिए।


मुख्यमंत्री की सफाई है कि ऐसे ही 100 केस मणिपुर में हुए हैं, इसलिए इंटरनेट बंद करना पड़ा है। एक ही केस की बात न करें, जमीनी हकीकत को देखें। बहरहाल ट्विटर के जरिए यह वीडियो सामने आया, तो सिर्फ हैवानियत और दरिंदगी ही विर्नस्त्र नहीं हुई, सब कुछ बेनकाब हो गया हम शुक्रगुजार हैं कि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के संज्ञान में यह अश्लील वीडियो आया और उन्होंने इसे संवैधानिक, मावनाधिकारों का हनन माना। वह भी क्षुब्ध हुए, क्योंकि एक लोकतांत्रिक देश में ऐसी 'राक्षसी हरकतें' स्वीकार्य नहीं हैं। देश का वैश्विक मान–सम्मान विर्नस्त्र हो गया। हमारी सभ्यता, इनसानियत, सुरक्षा बलों, पुलिस और उस इलाके की आबादी भी विर्नस्त्र हो गई। महिलाएं रोती–चीखती रहीं, गिड़गिड़ाती रहीं, लेकिन चौतरफा इलाका मूकदर्शक बना रहा। नारी की इज्जत, गरिमा तार–तार कर दी गई। सिर्फ यह जघन्य अपराध करने वाली भीड़ के चेहरे, हैवान–शैतान की तरह, हंसते रहे। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने गुनहगारों को नहीं बख्शने का बयान दिया है।


## कुछ अलग

# शहरों की आत्मनिर्भरता

**प्रगति** की कवायद में अंतर यही कि आगे भागते इनसान भी अब मुफ्त का पीछा नहीं छोड़ते। हिमाचल की करवटों में कसूर भी यही है कि यहां सरकारी सेवाओं के दायित्व में नागरिक केवल मुफ्त की रेवड़ी को तोलता है। इसी आधार पर कर प्रणाली भी किंतु-परंतुओं में फंस कर असहाय व असमर्थ हो गई है। शहरीकरण की दौड़ में हिमाचल की हस्ती यूं तो आधुनिक बस्तियों, कामर्शियल कांप्लेक्सों तथा नगर निकायों से बढ़ती अपेक्षाओं में दर्ज हो रही है, लेकिन शहरी मानसिकता में पलती जनता सुविधाओं का वित्तीय बोझ उठाना नहीं चाहती। पहले मुर्गी या अंडे जैसी स्थिति में नए नगर निगमों का गठन भी इसी उधेड़बुन में है कि प्रॉपर्टी टैक्स का दायरा किस तरह बढ़ाया जाए। यानी नगर निगमों के दायरे में आए शहरी गांवों के आचरण में कर्ज अदायगी का फंडा कैसे अपनाया जाए। शिमला के बाद 2015 में बना धर्मशाला नगर निगम अपने सात साल के अस्तित्व के बावजूद नए क्षेत्रों में प्रॉपटी टैक्स नहीं वसूल पाया, तो इसके कई मायने हो सकते हैं। या तो शामिल किए गए गांवों में नगर निगम सरीखा कुछ नहीं हुआ या जन भागीदारी में इस तरह के संस्कार ही पैदा नहीं हुए कि शहर को आत्मनिर्भर बनाया जाए। दरअसल शहरी विकास मंत्रालय के पास न तो शहरी निकायों के आय-व्यय के बीच संतुलन बनाने का कोई विकल्प है, न फंडिंग का कोई जरिया और न ही आत्मनिर्भरता के लिए कोई खाका बना। नतीजतन 61 नगर निकायों तथा 35 अधिसूचित विशेष क्षेत्र विकास एजेंसी (साडा) के आर्थिक विकास के लिए कोई भी दिशा तय नहीं। बिना किसी सर्वेक्षण और मॉनिटरिंग के नगर निकाय तो बढ़ गए, लेकिन उनका हुलिया नहीं बदला। आय के साधन बढ़ाने के लिए शहरों का वर्गीकरण जरूरी है ताकि विकास योजना बनाते हुए ही यह तय हो जाए कि नगर की प्रवृत्ति में पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, शिक्षा हब, व्यापारिक केंद्र, औद्योगिक केंद्र, स्वास्थ्य या मनोरंजन केंद्र बनाने की किस तरह की संभावना व क्षमता है। हिमाचल के कुछ शहर अलग-अलग संभावनाओं, शिक्षा-चिकित्सा के कारण ग्रामीण व ट्राइबल पलायनकर्ताओं के आश्रय स्थल बनते-बनते आज व्यापक दृष्टि की मांग करते हैं। मनाली, धर्मशाला, सोलन व पालमपुर में लाहुल-स्पीति, किन्नौर, भरमौर व पांगी क्षेत्रों में पलायन करके आए लोगों का नया ठिकाना बने तो यहां आवासीय बस्तियों के माध्यम से नगर निकाय अपनी आर्थिक संभावनाओं को पूरा कर सकते थे। देखते ही देखते कई शहर व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कारण प्रमुख केंद्र बन गए, लेकिन शहरी विकास में यह दर्ज होता तो नगर निकाय आधुनिक बाजारों के निर्माण से आय के स्रोत पैदा कर लेते। इसी तरह धार्मिक नगरियां अगर शहरी आय की स्रोत बनतीं, तो ज्वालाजी, दियोटसिद्ध, कांगड़ा, चामुंडा, चिंतपूर्णी त्रिलोकपुर (बालासुंदरी) जैसे आस्था केंद्र अपने साथ आर्थिक विकास का मानचित्र भी विकसित कर सकते हैं। प्रदेश के 61 नगर निकाय नई तरह की आर्थिकी का संचार करते हुए रोजगार के अलावा ऐसे शहरों को जन्म दे सकते हैं, जो आत्मनिर्भर ढांचे के तहत हिमाचल को एक मुकाम तक ले जाने में सक्षम होंगे। इसके लिए शहरी विकास की नई परिभाषा में विभागीय रणनीति को संगठित तथा सक्रिय करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण से गगल जैसा एक व्यापारिक कस्बा पूरी तरह उजड़ेगा, लेकिन इसके साथ नई संभावनाओं का अक्स जोड़ते हुए योजना बने तो एक नया बाइब्रेंट शहर का उदय हो सकता है। गगल को पुनर्स्थापित करते हुए एक ट्रांसपोर्ट नगर, एक व्यापारिक या निवेश केंद्र विकसित किया जा सकता है। इतना ही नहीं एयरपोर्ट विस्तार के साथ एयरपोर्ट नगर विकसित किया जाए, तो यह पर्यटन का अनूठा प्रयोग होगा।

## लोकतंत्र में लोकसेवकों से निष्पक्षता, ईमानदारी एवं कार्यदक्षता के आधार पर फैसले की उम्मीद की जाती है

# आखिर क्यों देश की उम्मीदों पर कभी खरी नहीं उतर पाती नौकरशाही?

ललित गर्ग


नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार की आए दिन आने वाली खबरें यही बताती हैं कि केंद्रीय एजेंसियां डाल–डाल हैं तो भ्रष्टता का जाल पात–पात। विडम्बना तो यह है कि नेतृत्व करने वाली ताकतें भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। मद्रास हाईकोर्ट की हाल ही में की गयी टिप्पणी नौकरशाहों की उस प्रवृत्ति को उजागर करने वाली है जिसमें वे सत्ताधारी दलों का पिछल्लगू बनकर काम करते हैं। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एके पलानीस्वामी के खिलाफ हाईवे निविदा के मामले में नए सिरे से जांच के सरकार के आदेश को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान लागू होने के 73 साल बाद कड़वी हकीकत यह है कि कार्यपालिका ने अपनी स्वतंत्रता लगभग खो दी है।


**लोकतंत्र** के प्रमुख स्तंभों में से एक कार्यपालिका लगातार प्रश्नों के घेरों में रहती रही है, आजादी के अमृतकाल में भी कार्यपालिका के भ्रष्ट, लापरवाह एवं गैरजिम्मेदार होना नये भारत-सशक्त भारत की सबसे बड़ी बाधा है। नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार की आए दिन आने वाली खबरें यही बताती हैं कि केंद्रीय एजेंसियां डाल-डाल हैं तो भ्रष्टता का जाल पात-पात। विडम्बना तो यह है कि नेतृत्व करने वाली ताकतें भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। मद्रास हाईकोर्ट की हाल ही में की गयी टिप्पणी नौकरशाहों की उस प्रवृत्ति को उजागर करने वाली है जिसमें वे सत्ताधारी दलों का पिछल्लगू बनकर काम करते हैं। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एके पलानीस्वामी के खिलाफ हाईवे निविदा के मामले में नए सिरे से जांच के सरकार के आदेश को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान लागू होने के 73 साल बाद कड़वी हकीकत यह है कि कार्यपालिका ने अपनी स्वतंत्रता लगभग खो दी है। इतना ही नहीं, वह सत्ताधारी राजनीतिक दल के आदेशों को क्रियान्वित करने वाला औजार बन गया है। सत्ता बदलाव के साथ ही कार्यपालिका की कार्यप्रणाली में बदलाव का यह उदाहरण अकेला नहीं है। कमोबेश सभी राज्यों में यह देखने में आता है कि सरकारी कार्यालयों में बदले की भावना से पूर्व सरकारों के कामकाज से जुड़े मामलों की जांच की फाइलें फिर से खंगालने का काम शुरु हो जाता है। न्यायपालिका की यह टिप्पणी जाहिर करती है कि सरकारें मौके-बेमौके अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिए जांच एजेंसियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं। नौकरशाही को यों तो विधायिका की आंख, नाक व कान की संज्ञा दी जाती है। लेकिन हकीकत यह है कि सत्ता में बैठे लोग कार्यपालिका से जो काम कराना चाहते हैं उसी फाइल पर पंख लगते हैं। भले ही वह काम जायज हो या नाजायज। ऐसे में कार्यपालिका से जुड़े ज्यादातर लोग सरकारों के राजनीतिक एजेंडे के अनुरूप काम करने लगते हैं। राष्ट्र के संचालन, सुरक्षा, कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्यपालिका महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं जबकि



नियमों की पालना व आम जनता को सुविधा देने में अफसरशाही ने लाल फीतों की बाधाएं बना रखी हैं। प्रशासकों की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है ? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। नौकरशाह की सोच बन गई है कि सरकारी तनख्वाह तो केवल टेबल-कुर्सी पर बैठने के लिए मिलती है, काम के लिए तो और चाहिए। इसके लिये वे सत्ताधारी नेताओं एवं मंत्रियों के इशारों पर नाचते हैं। पदोन्नति, मलाईदार पदों पर नियुक्ति और अन्य तरीकों से दिया जाने वाला प्रलोभन प्रशासन तंत्र को सत्ता के पक्ष में करने के लिए काफी है, जबकि लोकतंत्र में लोकसेवकों से निष्पक्षता, ईमानदारी एवं कार्यदक्षता के आधार पर फैसले की उम्मीद की जाती है। नौकरशाह यदि सत्ताधारी दल के एजेंट के रूप में काम करते हुए दिखेंगे तो जाहिर है कार्यपालिका से जनता का भरोसा टूटेगा ही। ऐसे में कार्यपालिका के लिए अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखना जरूरी है। इसी कारण प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) के मौजूदा निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को सर्वोच्च न्यायालय ने अवैध ठहराया है क्योंकि उनको 3 बार जो सेवा विस्तार दिया गया, इस तरह लगातार सेवा विस्तार देने का उद्देश्य क्या था? जबकि संजय कुमार मिश्रा की भ्रष्टाचारमुक्त कार्यप्रणाली के बावजूद उन पर लगातार उंगलियां उठती रही हैं। क्योंकि उन्होंने जितने नोटिस भेजे, छापे डाले, गिरफ्तारियां कीं या संपत्तियां जब्त कीं, वे सब विपक्ष के नेताओं के खिलाफ थीं। इससे भी ज्यादा विवाद का विषय यह था कि विपक्ष के जिन नेताओं ने ई.डी. की ऐसी कार्रवाई से डर कर भाजपा का दामन थामा, उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई फौरन रोक दी गई। यह निहायत अनैतिक कृत्य था, जिसका विपक्षी नेताओं ने तो विरोध किया ही, देश-विदेश में भी गलत संदेश गया। बावजूद इसके केंद्रीय एजेंसियां ईडी, सीबीआई अथवा आयकर विभाग ने जो इन दिनों राजनीतिक दलों एवं नेताओं के पर कार्रवाई की, भ्रष्टाचार पर काबू पाने के लिये नौकरशाही की यह भूमिका अपेक्षित भी है। आजादी के बाद से भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर नियंत्रण के लिये आवाज उठती रही है, इसके लिये आन्दोलन एवं अनशन भी होते रहे हैं, लेकिन सबसे प्रभावी तरीका केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई एवं न्यायालयों की सख्ती ही है, जो भ्रष्टाचारियों पर सीधा हमला करती है। देश में सर्वाधिक भ्रष्टाचार राजनीतिक दलों में ही व्याप्त रहा है, इसलिये नौकरीशाही का नेताओं पर आक्रामक होने का यह पहला अवसर है, अब तक केन्द्रीय एजेंसियां की कार्रवाईयां नेताओं पर प्रभावी नहीं हो पा रही थीं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता हासिल करते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ कमर कसी है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। भले ही इन दिनों हो रही केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक प्रेरित बताया जाये, लेकिन इससे भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में एक कारगर एवं प्रभावी कदम कहा जायेगा। दिल्ली में आम आदमी पार्टी हो या कांग्रेस या अन्य राजनीतिक दल, जब-जब उनके भ्रष्टाचार उजागर हुए, केन्द्रीय एजेंसियों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की, उसे डराने का हथकंडा कहा गया हो या राजनीतिक प्रेरित, जनता ने उनका स्वागत ही किया है। राजनीतिक एवं नौकरशाही से जुड़े भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने की मानसिकता से उबरना ही होगा। प्रभावी कार्य के आधार पर अधिकारियों के पदस्थापन एवं एक ही पद पर बार-बार विस्तार भी होने लगते हैं। जाहिर तौर पर कार्यपालिका में सरकार के पक्ष व विपक्ष के धड़े भी बनते दिखते हैं। इनमें पक्ष का धड़ा सत्ता के साथ रहने में माहिर माना जाता है। नौकरशाही में यह बदलाव कार्यपालिका को लगातार कमजोर करता जा रहा है, इसमें संशय नहीं। जबकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबको कानून-कायदों की परिधि में रहकर काम करना होता है फिर चाहे वह सत्ता का अंग हो या कार्यपालिका का। पर देखा जाता है कि सत्ता में आने के बाद राजनीतिक दल भी इन संस्थाओं को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश करते हैं। भले ही खुद भाजपा सरकार प्रश्नों से घिरी हो, फिर भी निश्चित ही वर्तमान सरकार के प्रयासों एवं नीतियों से प्रशासनिक क्षेत्र जागा है, भ्रष्टाचार कम हुआ है, जिम्मेदारी का अहसास सरकारी कामों में गति के साथ निष्पक्षता ला रहा है। सरकार में अब कर्मचारियों के कामकाज के नियमित मूल्यांकन पर भी विचार चल रहा है। प्रशासनिक सुधार की जरूरत महसूस करते हुए उसे दक्ष, जिम्मेदारी एवं समयबद्ध करने की आवश्यकता लंबे समय से रेखांकित की जाती रही है। इससे भी ज्यादा जरूरी है प्रशासन को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने की। इसके लिए गठित समितियां और आयोग अनेक मौकों पर अपने सुझाव पेश कर चुके हैं। उनमें से कुछ को लागू भी किया गया, पर प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों से जैसी दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, समयबद्धता और जवाबदेही की अपेक्षा की जाती रही है।

# यूसीसी लोगों को जोडऩे के लिए, बांटने के लिए नहीं


ग्रैनविले ऑस्टिन ने भारत के संविधान के निर्माण के बारे में अपनी पुस्तक में लिखा। नेहरू को बाद में एहसास हुआ कि यूसीसी को लागू करना कितना मुश्किल था जब उन्होंने 1951 में हिंदू कोड बिल को अधिनियमित करने की कोशिश की। राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने इसे ''अत्यधिक भेदभावपूर्ण'' बताते हुए इसका जोरदार विरोध किया, और देश एक संवैधानिक संकट से तभी बचा जब नेहरू इसे स्थगित करने के लिए सहमत हुए। इससे उनके कानून मंत्री बीआर अंबेडकर नाराज हो गए और उन्होंने इस मुद्दे पर इस्तीफा दे दिया। मोदी सरकार अधिक समझदारी से काम ले सकती है और धार्मिक स्वतंत्रता पर कदम उठाने से बच सकती है, यदि वह अमेरिका के संविधान से एक विचार उधार लेते हुए यूसीसी को एक एकल कानून के रूप में नहीं बनाती है।


**भारत** की प्रसिद्ध 'अनेकता में एकता' एक बार फिर खतरे में पड़ सकती है। हिंदू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने संसद के आगामी सत्र में एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पारित करने के अपने इरादे की घोषणा की है। यह सभी भारतीयों के लिए स्थापित होगी- उनकी जातीयता या धर्म की परवाह किए बिना। यानी विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और विरासत सहित व्यक्तिगत मामलों के लिए नियमों का एक सेट। मोदी सरकार का तर्क है कि यूसीसी देश की एकता, कानूनों की एकरूपता, लोगों की समानता, और महिलाओं के अधिकारों के लिए वांछनीय है। हालाँकि, विपक्ष को उनके बहुसंख्यकवादी इरादे का डर है। उदाहरण के लिए, भारत के प्रमुख मुस्लिम निकायों ने घोषणा की है कि यूसीसी 'संविधान, स्वतंत्रता और विविधता के खिलाफ है। झारखंड में आदिवासी समूहों को डर है कि इससे उनके प्रथागत कानून कमजोर हो जायेंगे। यहां तक कि शिव सेना और अन्नाद्रमुक जैसे हिंदू संगठन भी विरोध में खड़े हो गए हैं। उनका तर्क है कि यूसीसी धार्मिक स्वतंत्रता को सीमित कर देगा और देश का ध्रुवीकरण कर देगा। लेकिन भारत की बहुसंख्यकवादी संसदीय प्रणाली के चलते सरकार के पास अपनी इच्छानुसार कोई भी कानून बनाने का साधन है। उसका तर्क है कि यूसीसी पहले से ही संविधान में है और यूसीसी को एकल कानून के रूप में तैयार करने के खिलाफ भारत के संस्थापकों ने यूसीसी को संविधान में एक न्याय अंतर्गत खंड के बजाय एक 'निर्देशक सिद्धांत' बनाया क्योंकि इस पर कोई आम सहमति नहीं थी। ''इस निर्णय के पीछे कारण, जैसा कि पहली नजऱ में लग सकता है, हिंदू रूढ़िवाद के साथ टकराव से बचने की इच्छा नहीं थी, बल्कि मुसलमानों और सिखों के डर के प्रति, विशेष रूप से नेहरू की संवेदनशीलता थी।'' ग्रैनविले ऑस्टिन ने भारत के संविधान के निर्माण के बारे में अपनी पुस्तक में लिखा। नेहरू को बाद में एहसास हुआ कि यूसीसी को लागू करना कितना मुश्किल था जब उन्होंने 1951 में हिंदू कोड बिल को अधिनियमित करने की कोशिश की। राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने इसे ''अत्यधिक भेदभावपूर्ण'' बताते हुए इसका जोरदार विरोध किया, और देश एक संवैधानिक संकट से तभी बचा जब नेहरू इसे स्थगित करने के लिए सहमत हुए। इससे उनके कानून मंत्री बीआर अंबेडकर नाराज हो गए और उन्होंने इस मुद्दे पर इस्तीफा दे दिया। मोदी सरकार अधिक समझदारी से काम ले सकती है और धार्मिक स्वतंत्रता पर कदम उठाने से बच सकती है, यदि वह अमेरिका के संविधान से एक विचार उधार लेते हुए यूसीसी को एक एकल कानून के रूप में नहीं बनाती है। यूसीसी को लागू करने का एक सर्वसम्मत तरीका राष्ट्रीय सर्वोच्चता, स्थानीय स्वतंत्रता, और धर्म और राज्य के अलगाव के अमेरिकी सिद्धांतों का पालन करना होगा। यह राष्ट्रीय एकरूपता और स्थानीय जातीय अभिव्यक्ति का सर्वोत्तम संयोजन प्रदान करेगा। यह भारत के धार्मिक बहुलवाद को भी मजबूत करेगा, और किसी भी धर्म या राज्य की सांप्रदायिकता पर अंकुश लगाएगा। राष्ट्रीय सर्वोच्चता केंद्र को राज्यों द्वारा पारित कानूनों को निरस्त करने की अनुमति देती है। अमेरिकी संविधान में 'राष्ट्रीय सर्वोच्चता खंड' (अनुच्छेद 6, खंड 2) है, भारत में वही धारणा मौजूद है सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए एक निर्णय के रूप में। यदि भारत इस प्रावधान को मजबूत करता है, जैसे कि एक संवैधानिक संशोधन द्वारा, तो यह व्यापक राष्ट्रीय सहमति वाले संघीय कानूनों को पूरे देश में समान रूप से लागू करने की अनुमति देगा। इस प्रकार, मोदी सरकार नागरिक संहिता में सबसे महत्त्वपूर्ण मामलों, जैसे समानता, महिलाओं के अधिकार, गैर-भेदभाव और धार्मिक रूपांतरण पर 'एक राष्ट्र-एक कानून' ला सकती है। जैसे-जैसे देश में अधिक आम सहमति बनती है, भारत एकरूपता और धार्मिक सुधार में और अधिक प्रगति प्राप्त कर सकता है। स्थानीय स्वतंत्रता भी पहले से ही भारत के संघवाद की एक विशेषता है, जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में है, लेकिन इसमें एक अंतर है। हमारी अंतर्निहित एकात्मक संसदीय प्रणाली के कारण, भारतीय राज्य कानून पारित करने में उतने स्वतंत्र नहीं हैं। लेकिन अगर उन्हें पार्टी आकाओं और केंद्र दोनों से अधिक स्वतंत्रता दी जाए तो वे स्थानीय जातीय और सांस्कृतिक भावनाओं को प्रतिबिंबित करने वाले नागरिक कानून बना सकते हैं। इसमें रीति-रिवाज, अनुष्ठान और समारोह जैसे मामले शामिल हो सकते हैं। और अन्य मामले जैसे कि जन्म, मृत्यु, विवाह और तलाक का पंजीकरण; अलगाव, तलाक, गुजारा भत्ता और पुनर्विवाह की आवश्यकताएं; उत्तराधिकार और विरासत के नियम, और अन्य प्रावधान जो राष्ट्रीय कानूनों में शामिल नहीं हैं। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार पहले से ही यह दृष्टिकोण अपना रही है – कथित तौर पर उत्तराखंड राज्य अपना स्वयं का यूसीसी बना रहा है। लेकिन अधिक ठोस और कम वैचारिक राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता है।

## नागरिक बोध

# टमाटर महंगे होने के फायदे

**विकास** विकास और विनाश का डंका एक साथ, ज़ोर शोर से बज रहा हो तो टमाटर भी महंगे कैसे न हों। टमाटर महंगे होने का पहला असर रसोई पर पड़ता है। उधर टमाटर ऐसे इतराते हैं मानो हलवाई ने स्वादिष्ट मिठाई सजाई हो, इधर घर पर टमाटर उपलब्ध न होने के कारण पत्नी 'स्वादिष्ट' सब्जी बनाने से इंकार कर देती है। हमने पत्नी से निवेदन किया, माहौल को सकारात्मक बनाए रखें और टमाटर महंगे हो जाने का फायदा उठाएं। उन्होंने मेहरबानी की और दही और इमली की ग्रेवी में लाजवाब सब्जी बना डाली। टमाटर न खरीद पाने का फायदा हो गया। कहा गया है 'आवश्यकता आविष्कार की जननी है'। सो हमने उन परिचितों से बात की जो हमेशा बिना टमाटर के ही सब्जी खाते हैं और पूर्णतया स्वस्थ भी हैं। टमाटर ही क्या, खाने की कोई भी चीज़ महंगी होकर, इनसान को किफायत से खर्च करना सिखा देती है। टमाटर महंगे होने के कारण ही नए तरीके से सब्जियां पकाई जाती हैं। सब्जियां शौक और मेहनत से पकाकर, कितने हफ्तों से न मिली न दिखी पड़ोसन को देने चली जाती हैं। उन्हें फेसबुक पढने से ज्यादा फेस टू फेस गप्पें मारना अच्छा लगने लगता है। कुछ उत्साही गृहणियां नया ज़रूर पकाकर ज़्यादा से ज्यादा लाइक्स पाने में भी जुट जाती हैं। टमाटर की जगह दही या इमली उपयोग होती है जो सस्ती पड़ती है और ग्रेवी भी अधिक बनती है। टमाटर ज़्यादा दिन महंगे ही रहें तो पत्नियां, जि = हें अच्छी दही ज मा ना नहीं आता, सीख जाती हैं। यह बातें नवयुगीन वधुओं के सन्दर्भ में नहीं कर सकते क्योंकि टमाटर जैसी 'सिल्ली' वस्तु उनकी 'प्रीओरिटी' में नहीं है। बागवानी के शौकीनों को गमलों में टमाटर उगाने की प्रेरणा मिलती है, साथ में धनिया, पुदीना, मिर्च, कड़ी पत्ता, अजवाइन भी घर में उगने लगते हैं। थोक विक्रेताओं और कोल्ड स्टोरेज वालों का लाभ बढ़ जाता है जो टमाटर महंगा बेचने की जुगाड़ करते हैं। टमाटर सस्ते हों तो भी हम प्रत्येक टमाटर छांट कर लेंगे और कहेंगे ठीक लगा लो भैया, वह बात अलग है कि दुकानदार सड़ते हुए टमाटरों को उल्टा कर रखते हैं ताकि एक बार बिक जाएं। टमाटर फल है सब्जी नहीं और जब सेब, टमाटर वाली दरों पर मिल रहे हों तो सेब प्रयोग करना चाहिए। 'सेब पेस्ट' में छौंकी सब्जी कई रसोइयों में पहली बार बनेगी और सेल्फी लेकर प्रसिद्ध कर देगी। ख़ास हो जाने वाले टमाटर रसोई में नहीं होंगे तो पत्नियां साबित कर देंगी कि असली स्वाद खाद्य पदार्थों में नहीं, प्रेम और समर्पण में छिपा है। पति तारीफ करेंगे तो पत्नियों को अन्य फायदे भी हो सकते हैं। देश की राजधानी दिल्ली का इतिहास अगर बदल न दिया हो तो कहीं एक पृष्ठ पर लिखा है महंगे प्याज़ ने एक बार सरकार गिरवा दी थी, मगर अभी ऐसा होना संभव नहीं है क्योंकि फिलहाल, टमाटर महंगा है। वैसे, टमाटरों ने महंगे बिक कर बागवानों के चेहरों और परिवारों में रौनक ला दी है और अब बहुतों के ऋण खाते एनपीए होने से बच जाएंगे। इससे कुछ बैंक शाखाओं की साख बची रहेगी। टमाटर महंगे होने के नुकसान आपको पता हैं, मगर यहां लिखने नहीं हैं। जब विकास की धुन पर सकारात्मकता, सुन्दर लुभावना नृत्य कर रही तो संतुष्ट रह कर केवल ताली बजानी चाहिए।



## देश दुनीया से

# मिडल बाजार का धमाका व खूबसूरत चर्चाएं

**जिस** दिन शिमला के मिडल बाजार में धमाका हुआ, हम आशियाना रेस्तरां में चाय पी रहे थे। धमाका इतना तेज था कि रेस्तरां पूरा हिल गया और भीतर बैठे लोग बाहर भाग लिए। जब टाउन हाल के पास आए तो रास्ते बंद थे। दमकल के साथ साथ कई एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई। तरह तरह की बातें, तरह तरह के कयास। कोई कह रहा था चार मौतें हुई तो कोई आठ तो कोई एक बता रहा था। लगभग 25 दुकानों को धमाके से नुकसान हुआ और एक व्यापारी की मौत हो गई जो साथ के ही शिव मंदिर से पूजा करके आ रहे थे। यह राह चलती मौत थी। हादसे में 10 से 12 लोग घायल हो गए। धमाका उस दुकान में हुआ जो बंद थी। लोग बताते हैं कि इस धमाके का रेडियस एक किलोमीटर तक था। यानी बीएसएनएल भवन से शिमला क्लब तक। मॉल, मिडिल और लोअर बाजार तक के व्यापारी अपनी अपनी शॉप्स से बाहर भाग लिए। दुकानों के शीशे टूट गए। साथ वाली दुकानें तो तहस नहस। कहा गया सिलेंडर फट गया। जो अगले दिन झूठ निकला। फिर कंप्रेशर पर बात अटकी और फिर किसी एक्सप्लोजन की। और अंत में अब गैस रिसाव। तीन दिनों से मॉल पर टहलते लोगों, व्यापारियों की घबराहटें देखी सुनी जा सकती हैं। वे इसे कुछ बड़ा मान रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक कॉफी हाउस शिमला से लेकर शेरे पंजाब तक मिडिल बाजार की गलियों में लगभग सौ से ज्यादा ढाबे चल रहे हैं। शहर के लोग बताते हैं किसी के पास एनओसी नहीं। फायर उपकरण नहीं। कोई डेढ़ कमरे में तो कोई ढाई कमरे में चल रहे हैं। किचन तंग और कोई प्रॉपर वेंटिलेशन नहीं। कई ढाबों में यूपी, बिहार, पंजाब के नौकर ही खिला पिला रहे। मालिक बस पैसे लेने आते हैं। कुछ दूरी पर जिलाधीश कार्यालय है। एसपी ऑफिस है। फूड संचालन कार्यालय। साथ मॉल पर पुलिस चौकी। लगातार पुलिस गश्त। अब पुलिस वालों के पास स्वचालित पैर गाडियां नहीं, पैदल ही चल रहे हैं। शायद किसी को याद नहीं वे मॉल से मिडिल बाजार कब उतरे होंगे... ? कब कोई फूड इंस्पेक्टर उधर चाय की घूंट लेने आया होगा... ? हमारी परंपरा रही है कि हादसे होने दो, उसके बाद भागो दौड़ो, कानूनी कमियां निकालो, गैस रिसाव, सिलेंडर, आग को दोषी बताओ... किसी मालिक महोदय की कोई जिम्मेदारी नहीं... । अब मामले व्यापार कानूनों पर नहीं रसूखों पर चलते हैं, पर बेचारे वे कहां जाएं जो कानून पर, नियमों पर चलते हैं और भारी भरकम जीएसटी देते हैं। जांच हो गई है... मामला हल... जिस परिवार का सदस्य गया वहां कई कई दिनों मातम। जो घायल, वे अस्पतालों में तड़पते हुए। एक कथा सुनिए... एक छाबड़ी वाला आम बेच रहा है। ग्राहक जनता देख रही है, कह रही है उसकी टोकरी में आम है। तभी प्रशासन सरकार का कोई आदमी आकर कहने लगता है कि टोकरी में आम नहीं, नींबू है। मीडिया उसकी बात मान कर टोकरी में नींबू कहने लगता है। एक तरफ जनता है जो आम देख रही है। दूसरी तरफ सरकार प्रशासन को उसे नींबू बता रही है। छाबड़ी वाला परेशान होकर जोर जोर से चिल्लाने लगता है... नींबू ले लो, नींबू ले लो। जनता मौन है। अब समय सरकार का है, जनता का नहीं है। इसलिए धमाका गैस रिसाव से हुआ है तो... आप सरकार, प्रशासन, मीडिया को कैसे झुठला सकते हैं।


यह समय सरकार और मीडिया का है... उनके बोल, उनकी रिपोर्ट, उनकी जांच सिर माथे। क्या पता दूसरी तीसरी जांच में आ जाए कि धमाका अगरबत्ती से हुआ था। लाला जी भगवान जी की मूर्ति के सामने धूप जलाकर दुकान बंद करके चले गए थे, अगरबत्ती का दम घुटा और धमाका... । इसलिए अपना ध्यान खुद रखो। सुरक्षित रहो। क्या पता ईश्वर जी कब पुल तोड़ दे, कब किसी डंगे को गिरा दे, कब बाढ़ ला दे, घर गिरा दे। अब आप ईश्वर पर तो मुकद्दमा नहीं कर सकते... ? उसी तरह न सिलेंडर पर, न गैस रिसाव पर। फिर वो शे'र याद आ गया : 'ये हादसों का शहर है /तुम संभल संभल कर चला करो।' शिमला में दुकानों और घरों का निर्माण इस तरह हुआ है कि बीच में एंबुलैंस, फायर ब्रिगेड या चलने–फिरने तक की जगह नहीं छोड़ी गई है। शिमला अब कंकरीट का शहर है। यहां अगर बड़ा हादसा हो गया, तो घटनास्थल पर राहत कार्य चलाना मुश्किल है...

## संक्षिप्त खबरे

### 25 जुलाई को खनन विभाग करेगा जब्त वाहनों की नीलामी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला खनन विभाग आगामी 25 जुलाई को जब्त वाहनों की नीलामी करेगा। खनन विभाग ने जब्त वाहनों का विडियो जारी किया है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।इस सम्बन्ध में डीएमओ आनंद कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि समाहरणालय सभागार में अपराह्न तीन बजे उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष नीलामी की जायेगी। आगे बताया कि निविदा में भाग लेने संवेदक पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन से संबंधित मामला किसी भी थाने में दर्ज नहीं होना चाहिए। संवेदक या संस्था का नाम किसी भी विभाग में काली सूची में दर्ज नहीं होना चाहिए।उन्होंने बताया कि संवेदकों को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, आयकर रिर्टन की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पहचान पत्र की फोटोकॉपी आवेदन के साथ जमा करना आवश्यक होगा।

# मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने वन महोत्सव का किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता 74 में वन महोत्सव का शुभारंभ किया है। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय दंतार विद्यालय हंटरगंज परिसर में हुआ। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के द्वारा आयोजित 74 वां वन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।मंत्री श्री भोक्ता के विद्यालय परिसर में आगमन पर विद्यालय के छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री समेत गणमान्यों ने विद्यालय परिसर में पौध रोपण किया। तत्पश्चात मंत्री श्री भोक्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को वन महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि वन जीवन का आधार है। हम सब को खास मौके जैसे शादी सालगिरह, जन्मदिन, त्यौहार आदि पर जरूर से जरूर पौधा लगाना चाहिए एवं उनका संरक्षण करना चाहिए। पेड़ पौधों को अपने बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। वह हैं तभी जीवन सम्भव है। आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है। इनसब से बचने का एक मात्र उपाय पेड़ पौधे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है।वन महोत्सव शुभारंभ कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी उतरी राहुल मीणा, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** रविवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संयुक्त रुप दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अब्दुल रसीद की उपस्थिति रही। जहां शिविर में विभागों के स्टॉल लगाए गए। मौके पर एसडीजेएम अब्दुल रसीद ने बताया कि देश में राज्य में कानून का राज चलता है। कोई भी कितना बड़ा राजनेता हो आईएएस आईपीएस चाहे वह जज ही क्यों न हो उनके गलत करने या होने पर कानून का डंडा चल ही जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास, नशाखोरी और अशिक्षा की वजह से अपराध बढ़े हैं। डीएसपी दिलु लोहरा ने कहा कि कानून का भय नहीं होने अशिक्षित, डायन बिसाही जैसे कुप्रथा की झांसें में आकर हत्या तक कर देते हैं और जिंदगी भर जेल का हवा खाना पड़ जाता है। ऐसे बातों को लेकर समाज और ग्रामीणों को जागरूक करने की जरूरत है। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि लोग कानून के जानकारी नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकार ने पानी में डुबकर मर जाने, किसी जहरीले सांप के काटने से मृत्यु हो जाने, सड़क दुर्घटना में मृत्यु वगैरह होने पर लगभग चार लाख रुपए के मुआवजे का प्रावधान है। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल, डॉ आशीष रंजन डॉ प्रमोद कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण, मुखिया संघ के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा केंद्र का मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया शुभारंभ



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा केंद्र (ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फोर रूरल स्किल एक्विजिशन) का विधिवत शुभारंभ श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा हंटरगंज प्रखण्ड में किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्री भोक्ता द्वारा कई युवा युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसी क्रम में श्रम विभाग की ओर से चयनित लाभार्थियों के बीच परिसम्पत्तियों का भी वितरण किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री भोक्ता ने श्रम विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही कहा कि सरकार युवाओं को कौशल विभाग के माध्यम से रोजगारपरक प्रशिक्षण दिला रही है। पूरे राज्य में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्रथमिकता है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, श्रम अधीक्षक अरबिंद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज अभिषेक पांडेय समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत या हत्या!

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंपा पंचायत के धवाई टोली निवासी सेवानिवृत शिक्षक कल्मेंट लकड़ा की मौत हुई या उनकी हत्या की गई। यह समझ से परे है। मृतक कि पत्नी मसिया टोप्पो ने बताया कि उनके पति पास के खेत में लगे मकई के खेत में कोडा देकर शनिवार शाम सात बजे घर के समीप खून से लथपथ गिरे हुए थे। मेरे द्वारा चिखने चिल्लाने पर गाँव के लोग इक्ट्ठा हुए और शांम को ही ग्रामीण के सहयोग से महुआडाड स्वास्थ्य केन्द्र पंहुचाया गया। जिस पर डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित किया गया। मृतक के सिर में कान के समीप गंभीर चोट थी।देखने से प्रतीत होता है कि किसी हथियार से वार किया गया है। मगर परिवार वाले इस घटना के सम्बन्ध में कुछ भी बताने से इंकार कर रहे है। वही।मुखिया सुषमा टोप्पो ने बताया कि शिक्षक की मृत शव देखने से लग रहा है की हत्या की गई है। हालंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मृतक के परिवारों के द्वारा महुआडाड पुलिस को घटना के सम्बन्ध जानकारी दिया गया। पुअनि ज़फर आलम दल बल के साथ घटना स्थल में पहुंचे व शव को कब्जे में लेकर पोसटमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

## विद्यालय भूमि पर किया जा रहा है कब्जा

# विद्यालय परिवार ने अंचल व थाना को दिया लिखित आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के डाड़ी स्कुल चौक स्थित किसानों के बच्चे के लिए एक मात्र किसान उच्च विद्यालय डाड़ी के भूमि को यमुना पासवान द्वारा बाजबरन विद्यालय भूमि पर बाउंड्रीवाल दिया जा रहा है। रोकने पर उलटे गाली गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। वैसे में अब विद्यालय को खतरा मंडरा रहा है। इसे रोकने के लिए डाड़ी मुखिया पति गोपाल महतो, पगार मुखिया नितेश्वर सिंह, विद्यालय प्राचार्य बासुदेव राणा, नेमधारी महतो, जागेश्वर महतो, मुनेश्वर पासवान, प्रविल राणा, अजित ठाकुर, नागों ठाकुर, कौलेश्वर महतो, रूपलाल महतो, भुखन राणा तथा समस्त विद्यालय परिवार ने अंचला अधिकारी सिमरिया, थाना प्रभारी सिमरिया को लिखित आवेदन देकर उक्त व्यक्ति द्वारा कार्य किए जा रहे कार्यो को रोकने तथा कार्रवाई करने की मांग किया है। बता दें कि यह किसान उच्च विद्यालय खाता नम्बर 01 पलौट नम्बर 1818 पर अंचल द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त के आलोक में ग्रामीणों के सहयोग से सन 1992 से संचालित है। जहां आसपास के गरीब किसान के बच्चे बच्चियां शिक्षा पा रहे हैं। यदि विद्यालय भूमि पर इस तरह बाजबरन कब्जा किया जाएगा तो आने वाला दिन में जहां बच्चे बच्चियों के लिए खेल मैदान खतरे में होगा हीं वहीं विद्यालय खतरे में आ जाएगा।

# अनुमंडल स्तरीय शैक्षणिक साझा कार्यशाला का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बन्हे पंचायत भवन में एकदिवसीय अनुमण्डल स्तरीय शैक्षणिक साझा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन सिमरिया लोक प्रेरणा केंद्र के सौजन्य से किया गया। जहां मुख्य अतिथि बीइओ संतोष कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में सिमरिया प्रखण्ड, पत्थलगडा प्रखण्ड, टंडवा प्रखण्ड, गिदौर प्रखण्ड के अलावे चतरा प्रखण्ड की दर्जनों किशोरियां एवं महिलाएं और पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा बच्चियों को शिक्षा पाना क्यों जरूरी है। इस पर विस्तृत रूप से भाषण एवं चर्चा की गयी। भ्रूण हत्या से लेकर हो रहे किशोरियों, महिलाओं पर अत्याचार तथा उसका निवारण एवं कानूनी जागरूकता पर पूरी जानकारी दी गयी। लोक प्रेरणा केंद्र के अध्यक्ष अधीन महतो ने बताया कि यह लोक प्रेरणा केंद्र 1990 से रजिस्टर्ड है। लोक प्रेरणा केंद्र समाजिक आर्थिक न्यायिक शैक्षनिक पर कार्य करती है यह संस्था सरकारी रूपये से नहीं बल्कि बाहर के चंदे से चलती है। वहीं मौजूद अतिथियों ने अपने कम समय में बच्चियों और महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न एवं उसका निदान पर अपना अपना वक्तव्य रखा कहा बच्चियों को यदि आगे बढ़ाना है उसे शिक्षा देकर उसे आगे उठाना है। पत्थलगडा जीप सदस्य रामसेवक दांगी ने भी इस लोक प्रेरणा संस्था को तन मन धन से सहयोग करने की बात कही। मौके पर एदला मुखिया शकुंतला देवी,जबड़ा मुखिया बिणा देवी, प्रिया कुमारी, शिक्षा का अलख जला रहे राधेश्याम पांडेय, सेवानिर्वित रामविनित पाठक, जयनन्दन सिंह संस्था के सचिव मौसमी बाखला, प्रतिमा देवी, रानी कुमारी, कविता देवी, सुचिता देवी, सरोज तिर्की, अनिता मिश्रा, बजरंगी गंझू, के अलावे दर्जनों महिला, पुरुष एंव किशोरियां शामिल थी।

## पीएम मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजयुमो ने निकाली बाईक रैली

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र की भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर रविवार को भाजयुमो की बरवाडीह प्रखंड ईकाई के द्वारा बेतला, पोखरी कलां, केचकी समेत विभिन्न क्षेत्रों में रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों ने कुटमू मोड़ पर स्थापित राजा मेदनी राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का काम किया। रैली में शामिल कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांव गलियारों में जाकर सार्वजनिक चौक चौराहों पर जनसंपर्क किया और लोगों को भाजपा सरकार के नौ वर्ष की कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी। रैली में भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, प्रभारी नीरज सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, मण्डल उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, ईश्वरी सिंह, विवेक कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार सोनी, जय गोविन्द विश्वकर्मा, सखीचंद प्रसाद, हेमंत कश्यप, कमलेश यादव, पवन साव, दीपक तिवारी, प्रदीप राम, प्रदीप कुमार सिंह समेत अधिक संख्या में मोर्चा कार्यकर्ता शामिल थे।

## मणिपुर घटना पर मानव श्रृंखला बना कर विरोध प्रदर्शन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** प्रखण्ड में आदिवासियों महिला, पुरुषों के द्वारा दुर्गा बाडी से विरसा चौक तक रोड के दोनों किनारा मानव श्रृंखला होकर शान्ति पूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। लोगों के द्वारा हाथों में सरकार के नाकामी विरोधी आभास लिखित तख्ती लेकर खड़े थे। बताया गया कि मणिपुर कि घटना के बारे में जीतना भी निन्दा किया जाए वह कम है।प्रधानमंत्री की इतने दिनों तक की चुप्पी ने इस अपराध की गंभीरता को बढ़ावा दिया है. अगर उन्हें सचमुच लग रहा है कि जो हुआ वह शर्मनाक है और मणिपुर की बेटियों को न्याय देंगे तो कम से कम मानवता के विरुद्ध हुए इन अमानवीय अपराधों और मणिपुर में शासन की पूर्ण विफलता के लिए मणिपुर के मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से तत्काल इस्तीफा देने को कहें। ईसाई समुदाय के अध्यक्ष संजय मिंज ने कहा दो कुकी महिलाओं पर भीड़ द्वारा यौन हमले की वीभत्स घटना का सामने आया है। निर्मला टोप्पो ने कहा मणिपुर मई के महीने से जल रहा है, लगभग 150 लोगों की मौत हो चुकी है और जातीय हिंसा के चलते हज़ारों लोग अपनी जगहों से उजड़ चुके हैं।

## स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग राज्य सरकार के द्वारा सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल मैच का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग राज्य सरकार के द्वारा खेलो झारखंड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट रविवार को खेला गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय के अंडर 14 एवं अंडर 17 के बच्चों ने भाग लिया।जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग में . ॥.स् दुआरी विजेता एवं .॥. स् पिण्डारकोंन उपविजेता रहा है।अंडर 17 बालक वर्ग मे .॥.स् पिण्डारकोण विजेता एवं +2 गंगा स्मारक हाई स्कूल गिद्धौर उपविजेता रहा है। अंडर 17 बालिका वर्ग मे कस्तूरबा विद्यालय गिद्धौर की बच्ची विजेता रही। एवं स्.॥ दुआरी की टीम उपविजेता रही। इस टूर्नामेंट को बेहतर सफल बनाने में खेल शिक्षक दीपक कुमार सहायक शिक्षक जितेंद्र गुप्ता वीरेंद्र तिर्की विनय कुमार जागेश्वर साव मनय मुंडा खेल शिक्षक सत्यम कुमार सुनीता कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया इस टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका में बंटी कुमार सुमित अनुज एवं मैनेजमेंट कमलेश कुमार ने किया।

## केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजयुमो ने निकाली मोटरसाइकिल यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लोहरदगा जिला प्रभारी रघुवीर यादव एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में महा जनसंपर्क अभियान के तहत विशाल मोटरसाइकिल यात्रा निकाला। यात्रा की शुरुवात होटवाग से परसही चुरिया, लेढ़पा, जलता होते हुए स्टेशन रोड बाईपास चौक होते हुए ब्लॉक चौक पर समापन किया गया। यात्रा में विभिन्न गांव में आम लोगों को मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला महामंत्री पंकज सिंह व बंसी यादव, जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने भाजपा का झंडा दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9 वर्षो का कार्यकाल बेमिसाल रहा। वही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में सबसे ज्यादा लाभ गरीबों तक पहुंचा है।

## आनन्द मार्गियों ने किया भजन कीर्तन, जाप



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के चंदवा प्रखंड स्थित अमझरिया डाक बंगला में रविवार को आनंद मार्ग के सन्यासियों ने भजन कीर्तन,जाप किया। उक्त अवसर पर केन्द्रीय धर्म प्रचार सचिव आचार्य प्रणवेशानंद अवधूत ने कहा कि बाबा नाम केवलम्‌ सिद्ध अष्टाक्षरी कीर्त्तन महामन्त्र का प्रथम उद्भावन झारखण्ड राज्य के लातेहार जिला स्थित अमझरिया के जंगल में आनन्द मार्ग के प्रवर्तक भगवान श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी के द्वारा 8 अक्टूबर 1970 को हुआ था। तब श्रद्धेय गुरुदेव वहां स्थित सरकारी डाक-बंगले में साप्ताहिक अवधि के लिये प्रवास के निमित्त आये हुये थे। बाबा नाम केवलम् की ध्वनि- समूह की गुंजायमान आकाशीय प्रतिध्वनि को उन्होंने गृही साधक आचार्य ब्रह्मदेव जी को अपनी असीम कृपा से पहली बार सुनने में सहयोग किया। आनन्द मार्ग की केन्द्रीय समिति अमझरिया के इस पावन भूमि को कीर्त्तन नगर के रूप में विकसित करना चाहता है। जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन होगा। अधिक से अधिक पौधे रोपन कर इस क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्यीकरण के साथ आगन्तुक भक्तों तथा पर्यटकों के लिये आवश्यक सुविधाओं के व्यवस्था की योजना है। अमझरिया कीर्त्तन नगर से आनन्द मार्गियों की आस्था उपरोक्त कारणों से जुड़ी हुई है। इस अवसर परआचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत, आचार्य प्रज्ञानानंद अवधूत, आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत, आचार्य रागानुगानंद अवधूत, आचार्य नभातीतानंद अवधूत, आचार्य सत्याश्रयानंद अवधूत, आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत,आचार्य सुखदीपानन्द अवधूत, आचार्य चंद्रेशानन्द अवधूत, आचार्य ब्रह्मबुध्यानन्द अवधूत, आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत, आचार्य, मंत्रचैतन्यानंद अवधूत, आचार्य गुणीन्द्रानन्द अवधूत समेत सैंकड़ों साधक साधिकाएं उपस्थित थे।

## गैरमजुरवा भूमि पर बाजबरन मकान, दूकान बनाने को लेकर दो पक्षों में तनाव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया से टंडवा जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे शराब दुकान के करीब गैरमजरूआ भूमि पर बाजबरन कब्जा करते हुए मकान, दूकान बनाया जा रहा है। साथ हीं उक्त भूमि का जमाबन्दी भी कायम है। अवैध जमाबन्दी को लेकर एक पक्षों ने अंचल अधिकारी से लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी तक न्याय की लिखित गुहार लगायी थी। जिसे लेकर अंचल कार्यालय में दोनों पक्षो के बीच कोर्ट भी चला था। अंत में मौजा बन्हे, खाता नम्बर 60, पलौट नम्बर 870 रकबा 21 डिसमिल गैमजुरुआ भूमि को अवैध रूप से अपने निजी स्वार्थ को लेकर रेकड टू में छेड़ छाड़ कर जमाबंदी कायम किया गया कागजातों को अवलोकन करते हुए अंचलाधिकारी ने जमाबंदी को अवैध बताया है। साथ हीं रेकड टू में किए गए अवैध जमाबन्दी को निरस्त करने का आदेश जारी किया है। और तो और अनुमण्डल पदाधिकारी ने भी उक्त भूमि को अवैध बताया है। वहीं दुशरे पक्षों का कहना है कि उक्त भूमि सरकारी है सरकारी रहेगा। जबकि गैमजुरुआ भूमि के पीछे रैयती भूमि शामिल है। रैयती भूमिधारको का कहना है कि इस तरह गैमजुरुआ भूमि को अवैध जमाबन्दी कर लिया जाएगा तो हम लोग किधर से आवागमन करेंगे। इसे लेकर एक पक्ष जबरन मकान दुकान बना रहे है तो वहीं दुशरे पक्षों द्वारा उक्त निर्माण बॉउंड्री को तोड़ दे रहें है। ऐसे में खूनखराबा की आशंका बढ़ी हुई है। हैरत की बात है कि जब गैमजुरुआ भूमि पर भी बाजबरन दिनदहाड़े अंचल और अनुमण्डल मुख्यालय के महज एक किलोमीटर के दुरी पर बेख़ौफ़ एवं निर्भीक होकर निर्माण कार्य किया जा रहा है ऐसे में समझा जा सकता है कि मामला क्या हो सकता है। किन किन लोगों की मिली भगत हो सकती है। बता दें कि इसी तरह मौजा बकचोमा खाता नम्बर 02 पलौट नम्बर 76, 77 रकबा 52 एकड़ सिमरिया से टंडवा जाने वाली मुख्य सड़क बाबा पेट्रोल पंप के समीप है। जहां अंचल अधिकारी द्वारा उक्त गैमजुरुआ भूमि पर बेचने तथा घर निर्माण नहीं बनाने पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाया गया ही। किन्तु बोर्ड महज दिखावा है। जहां दर्जनों मकान दूकान बेख़ौफ़ एवं निर्भीक होकर दिन रात एक कर बनाया जा रहा है। जबकि पदाधिकारियों का आनाजाना उक्त मुख्य सड़क से लगा रहता है। जबकि सिमरिया में मंडल उपकारा जेल बनाने की कवायद चल रही है।वहीं जमीन का अभाव बताया जा रहा है वैसे में यह मण्डल उपकारा जेल कहीं और बनाने से सिमरिया का काफी क्षति होगा। बड़ी बात है कि गैमजुरुआ भूमि की अधिग्रहण को लेकर रेकड टू में आखिर कौन करता है छेड़छाड़, कैसे अवैध रूप से गैमजुरुआ भूमि को की जाती है जमाबंदी कायम। इस खेल में कौन कौन रहते हैं शामिल। कौन अवैध रूप से जमाबंदी कायम कर काटता है रसीद। इस खेल में कौन कौन रहते हैं शामिल कितना किसको दिया जाता है कमीशन यह एक बड़ी सवाल है। अब क्षेत्र के गैमजुरुआ भूमि पर बहूरुपयों का नजर लग गयी है। जबकि अंचल के सरकारी गैमजुरुआ भूमि आंकड़ा में सैकड़ो एकड़ भूमि मौजूद है परंतु धरातल पर एक एकड़ भूमि नहीं है मौजूद।

# विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा टाउन हॉल में रविवार को विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का उदघाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फॉम सेक्सुअल ऑफन्सेस एक्ट (पोक्सो एक्ट) के प्रभावी क्रियान्ववयन हेतु इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। शिविर में लोगों को सम्बोधित करते हुये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कुमार ने कहा अव्ययस्क बालक, बालिका को यौन अपराध एवं यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए पोक्सो एक्ट लागू किया गया है। बाल यौन अपराध काफ़ी गंभीर मामला है। उन्होंने कहा यदि आपके आसपड़ोस में किसी बच्चे के साथ यौन अपराध होता है तो इसकी पुलिस को सूचना देना आपकी नैतिक एवं क़ानूनी जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन ने कहा नाबालिक के साथ यौन अपराध के मामलों में पोक्सो एक्ट के तहत सजा के कड़े प्रावधान है। नाबालिक के साथ यौन अपराध की घटना होने पर अविलम्ब थाने में प्राथमिकी दर्ज करायें। उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने कहा कि पोक्सो एक्ट के प्रति समाज के सभी लोग जागरूक हों एवं पोक्सो एक्ट से सम्बंधित अपराध होने पर अपराधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने में सहयोग करें। विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के द्वारा 6 महिला स्वयं सहायता समूहों को आरएफ के तहत ऋण प्रदान किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाति विजय उपाध्याय, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत एवं अन्य उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### आइसा ने मणिपुर में हुए घटना पर विरोध प्रदर्शन किया




**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ सुभाष चौक में आइसा के द्वारा मणिपुर में हुए घटना पर विरोध प्रदर्शन किया गया। आइसा के नेताओं ने कहा कि मणिपुर की घटना पुरे देश को शर्मशार कर दिया है। पिछले तीन महीने पहले की घटना है और जिसकी उजागर 18 जुलाई को शोशल मीडिया पर हुई। इतने दिनों तक वहां के मुख्यमंत्री घटनाओं दबाए रखा गया। यह घोर निंदनीय है। नारा लगाते हुए कहा कि मणिपुर में हुए घटना पर प्रधानमंत्री शर्म करो। महिलाओं के साथ अत्याचार पर रोक लगाओ। मनीपुर के मुख्यमंत्री इस्तीफा दो। इस अवसर पर आइसा के जिला सचिव अंजलि कुमारी, जिला अध्यक्ष सावित्री कुमारी, सावन टुडू, विशाल मुंडा, अनामिका घोषाल शामिल थी।

### बिरसा हादसा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आम आदमी पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी के सदस्यता अभियान अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के समीप संपन्न हुई ।जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार बेदिया एवं



संचालन राजेश कुमार वर्मा ने की । रांची हाई कोर्ट के अधिवक्ता दुर्गा शरण शर्मा के केंद्रीय मुख्य पर्यवेक्षक सा प्रधान महासचिव बिरसा हंसदा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अरविंद केजरीवाल से प्रभावित होकर के रविवार को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।इस सदस्यता ग्रहण करने वालों में बबलू गंजू विरेंदर गंजू देवला टू डू बिरजू नायक आजम खान रोहित कुमार अनवर अंसारी बबलू अंसारी अर्जुन हंबरुन शिव लाल मरांडी चिरंजीत जी ललिता देवी डोली देवी विनोद हेंब्रोम प्रिंस नायक नंदकिशोर प्रणाम कृष्णा मुर्मू राजीव तुरी विश्वनाथ सोरेन विनोद हेमरोम शिवजी टुडू शहंशाह खान जोगेश्वर बेतिया नरेश हांसदा लालू उरांव एवं सैकड़ों की संख्या में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी गन आलोक सरन सूबेदार एस एन सिंह परवेज शहजाद पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जयराम मेहता युवा नेता राजेश कुमार वर्मा रामगढ़ जिला प्रभारी मनोज बेदिया रामगढ़ जिला सचिव सज्जाद आलम मोहम्मद आलम रामनाथ सिंह विष्णु चरण दास महेश्वर मंडल उपस्थित हुए।

### व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में जिला स्तरीय मल्टी स्टेक कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार , रामगढ़ के तत्वधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ब्रजेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में रविवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में जिला स्तरीय मल्टी स्टेक कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में पोक्सो एक्ट, पोक्सो रूल, पोक्सो से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत विक्टिम कंपनसेशन, मेडिकल ऑफिसर के लिए जारी निर्देश एवं जेजे एक्ट के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सभी न्यायिक पदाधिकारी गण, सिविल सर्जन, पुलिस पदाधिकारी गण , डीसीपीओ, सीडब्ल्यूसी के सदस्य, एलएडीसी के सदस्य , डालसा पैनल अधिवक्ता, पारा लीगल वॉलिंटियर्स, डालसा कर्मचारी गण आदि उपस्थित थे।

### मणिपुर की घटना के लिए देश से माफी मांगें पीएम : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड कांग्रेस पार्टी की जिला सचिव सुधीर मंगलेश ने कहा कि मणिपुर में बीते दो महिलाओं के साथ हुई अमानवीय और बेहद शर्मनाक घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इससे सिर्फ मणिपुर ही नहीं, बल्कि पूरा देश शर्मसार हुआ है। जहां एक तरफ केन्द्र की मोदी सरकार नारा देती है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वहीं आज 21वीं सदी में ऐसी अमानवीय घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। इसके लिए सीधे तौर पर देश के पीएम और गृहमंत्री जिम्मेवार हैं। पिछले 80 दिनों से मणिपुर जल रहा है, वहां कि महिलायें असुरक्षित हैं। उनके साथ अमानवीय घटनाएं हो रही है और देश के पीएम और गृहमंत्री चुप बैठकर तमाशा देख रहे हैं। अगर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को थोड़ा भी महिलाओं के प्रति सम्मान है तो उनको पूरे देश से माफी मागना चाहिए और मणिपुर के मुख्यमंत्री से तत्काल इस्तीफा लेकर वहां राष्ट्पति शासन लगाना चाहिए ।

# रामगढ़ में लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अधिवेशन दो सत्रों में संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के होटल शिवम् ईन में संपन्न लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अधिवेशन में उद्योग की उन्नति को राष्ट्र की प्रगति से जोड़ने का संदेश प्रस्फुटित हुआ । दो सत्रों में सफलता से संपन्न इस अधिवेशन में राष्ट्र-हित को सर्वोपरि रखते हुए उद्योग हित और संगठन को सशक्त करने की दिशा तय हुई । प्रांतीय अधिवेशन के प्रथम पाली में बीते सत्र के आय ब्योरे के साथ संगठन द्वारा प्रदेश व रामगढ़ ज़िले में किए गये उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला गया । प्रदेश भर में किए गये कार्यों को प्रदेश के महामंत्री विजय छापरिया व रामगढ़ ज़िले के कार्यों का उल्लेख सचिव अनिल गोयल ने किया। दूसरी पाली में प्रदेश व ज़िला इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष -सह- पूर्व व पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रभारी ओम प्रकाश मित्तल ने किया ।साथ हीं प्रदेश के ज़िला इकाइयों के पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय का संचालन किया । श्री मित्तल ने लघु उद्योग भारती देश के छोटे उद्योगों के हितों और उनके संरक्षण के लिए सदैव प्रयत्नशील है । उद्योगों की उन्नति से हीं भारत का वैभव लौटाया जा सकता है । इसीलिए पूरे देश में संगठन का तेज़ी से विस्तार हो रहा है ।

इस क्रम में श्री मित्तल ने ज़िला इकाइयों को अपने अपने क्षेत्र में सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने का निर्देश दिया । प्रांतीय प्रभारी इंद्र अग्रवाल ने कहा लघु उद्योग भारती हीं देश का एकमात्र ऐसा संगठन है जो उद्यमियों व मज़दूरों के बीच सेतु का काम करता है । यह संगठन मज़दूरों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करता है ।यह एक ऐसा मंत्र है जो प्रबंधन के विकास के रास्ते से मज़दूरों के ख़ुशियों के दरवाज़े खोलते हैं । अधिवेशन की शुरुआत अतिथियों ने मां भारती और भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर व दीप प्रज्वलित कर किया । श्री मित्तल ने कहा पूरे प्रदेश में उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान में हमारा संगठन अहम भूमिका निभाकर उद्योगों के विकास का दम हीं भारत को एक नई वैश्विक शक्ति हम देश का पुराना वैभव लौटा सकते हैं । प्रांतीय प्रभारी इंद्र अग्रवाल ने संगठन मंत्र का उच्चारण कर राष्ट्र भक्ति की बयार बहाई । श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा छोटे उद्योगों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं । नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय छापरिया ने रामगढ़ ज़िला इकाई के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की।श्री छापरिया ने नवगठित ज़िला इकाईयों की ताक़त पर हीं प्रदेश में विकास की अविरल धारा बहेगी। श्री छापरिया ने कहा पूरे देश में लघु उद्योग भारती का विस्तार और लोगों में विश्वास बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रदेश के नव निर्वाचित महामंत्री विजय मेवाड़ ने कहा प्रदेश स्तर पर मिली इस नई ज़िम्मेदारी का राष्ट्रीय पदाधिकारियों से मिलने वाले निर्देश व प्रदेश के सभी साथियों के सहयोग से पूरी तन्मयता से निभायेंगे । दी गई इस ज़िम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रांतीय प्रभारी के प्रति आभार जताया । श्री मेवाड़ ने कहा , फ़िलहाल रामगढ़ पूरे प्रदेश में एक मज़बूत और ज़िम्मेदार संगठन के रूप में स्थापित हो चुका है ।

## सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत सिरैय पंचायत भवन में सोमवार तथा रविवार को सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन कराने हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा की अध्यक्षता पंचायत मुखिया हेमंती देवी ने की। बैठक में खेल संबंधित सूक्ष्म बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई।बैठक में पंसस बाहाराम हांसदा,वार्ड सदस्यों,जल सहिया एवं गांव के गण मान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सिद्धू - कान्हू युवा खेल क्लब का गठन करते हुए अध्यक्ष टहल ठाकुर, उपाध्यक्ष तौफीक अंसारी,सचिव विनय कुमार महतो का चयन किया गया,तथा साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। इस मौके पर मुखिया हेमंती देवी ने सिद्धू-कान्हू खेल क्लब के अधिकारियों एवं सदस्यों को यथाशीघ्र सरकार के प्रावधान के अनुसार निबंधन करवाने का निर्देश दिया गया।

## रेलवे एवं बिजली के समस्याओं को लेकर सांसद से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सांसद जयंत सिन्हा से डेमोटांड़ स्थित उनके आवास पर जाकर मुलाकात की एवं चेंबर की ओर से बुके व प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने सांसद जयंत सिन्हा को ज्ञापन देकर अनुरोध किया कि अब जब रांची बरकाकाना के बीच नई रेल लाइन पर आवागमन शुरू हो गया है ऐसे में राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में कम से कम 2 दिन पुनः बरकाकाना होकर चलाने का रेल मंत्री से मिलकर प्रयास किया जाए साथ ही शक्तिपुंज एक्सप्रेस के समय



में जो परिवर्तन किया गया हैं उससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के आम जनों को कभी परेशानी हो रही है जिसको पूर्व की भांति ही समय में परिवर्तन कराया जाए साथ ही रांची रोड के यात्री शेड को बढ़ाना एवं भुरकुंडा में रेलवे सुविधा बढ़ाने संबंधित भी मांग की गई एवं झारखंड बिजली वितरण विभाग के लिए कांकेबार में जगह चिन्हित कर सब स्टेशन बनाने की मांग की गई इस पर माननीय सांसद महोदय ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही रेल मंत्री से मिलकर वे राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में 2 दिन बरकाकाना होकर चले इसके लिए प्रयास करेंगे उन्होंने बताया कि बहुत जल्द इंटरसिटी एक्सप्रेस गिरिडीह से बरकाकाना होते हुए रांची की ओर चलेगी उन्होंने चेंबर को आश्वस्त किया कि झारखंड बिजली वितरण विभाग के सब स्टेशन के लिए के लिए जगह चिन्हित कर सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत सिंह साहनी मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी पूर्व उपाध्यक्ष अमरेश गणक पूर्व अध्यक्ष राजू चतुर्वेदी एवं अन्य उपस्थित थे।

## संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य सम्मेलन 2 अगस्त को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति झारखंड राज्य परिषद की बैठक अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में सीपीआई कार्यालय हजारीबाग में हुई। बैठक में संयोजक महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में किसानों की जमीन की लूट के खिलाफ जन आंदोलन को तैयार करने के लिए 2 अगस्त 2023 को हजारीबाग में विशाल किसान सम्मेलन संयुक्त मोर्चा के ओर से राज्य सम्मेलन किया जाएगा। 9 अगस्त को कारपोरेट भारत छोड़ो के नारे के साथ राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मनाया जाएगा । बैठक में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की लूट बड़े पैमाने पर की जा रही है । नदी नाला की जमीन भी माफियाओं के हवाले किया जा रहा है। राज्य में अदानी अंबानी ऐसे कारपोरेट घराने किसानों की जमीन कौड़ी



के भाव में लूटी जा रही है। उनके खिलाफ राज्य में बड़े जन आंदोलन की आवश्यकता है। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा राज्य में किसानों के अधिकार के लिए किसान संगठनों को आगे आना होगा। जिस तरह से राज्य में किसानों की जमीन लूटी जा रही है। केंद्र की सरकार या राज्य की सरकार चुप्पी साधे हुए हैं । इसीलिए जन आंदोलन को विकसित करना पड़ेगा।

## केसूरा मोड़ से 250 कांवरियों के जत्थे को सदर विधायक ने किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार की सुबह को पावन महीना सावन के उपलक्ष्य में सदर प्रखंड के करवेकला पंचायत स्थित केसुरा मोड़ से इस क्षेत्र के केसुरा कांवरिया संघ के कुल 250 शिवभक्तों का जत्था बाबा का जयकारा लगाकर सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। केशुरा कांवरिया संघ के प्रमुख रविन्द्र सिंह ने विशेष पहल की और निःशुल्क बसों का इंतजाम किया । मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर कांवरिया के जत्थे को हरी झंडा दिखाकर जत्थे को रवाना किया। इससे पहले विधायक मनीष जायसवाल ने सभी कांवरियों को



संघ की ओर से भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मानित भी किया । कांवरियों के जत्थे के रवाना होने के अवसर पर विशेष रूप से कांवरियां संघ के रविन्द्र सिंह, स्थानीय मुखिया दिनेश कुमार, स्थानीय जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, उमेश सिंह, अनुज सिंह, नुनु सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## ग्रामीणों ने चितुपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध हजारीबाग उपायुक्त व रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी को दिया आवेदन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** एन एच 33 के 15 माईल स्थित चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड यमुनादास माणिक वगैरह के नाम से गैर मजूरवा भूमि का रसीद चुरचू अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया है जिसे तत्काल रद्द करने हेतु ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन प्रेषित किया है। जिसमें लिखा है कि मौजा इन्द्रा खाता नंबर 01, प्लोट नं0 1418 कुल रकबा 15 एकड गैर मजूरवा भूमि है। उक्त भूमि इन्द्रा के खतियानी रैयत अगल-बगल है, इस भूमि को ग्राम-इन्द्रा के रैय्यतों द्वारा उपयोग में लाया जाता था। सार्वजनिक रूप से ग्रामीण निवासियों का मवेशी चराने व जंगल झाड़ी था। उक्त सार्वजनिक भूमि का अवैध रूप से रसीद निर्गत कर दिया है जो गलत है। उक्त कम्पनी के मालिक के द्वारा ग्रामीण रैयतों को डरा-धमका कर 15 एकड भूमि पर जबरन कब्जा कर आयरन क्रेसिंग क्रेसर का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र रोका जाए। ज्ञात हो कि झारखण्ड सरकार के द्वारा राज्य के सभी जिलों में गैर मजूरवा भूमि की रसीद निर्गत पर रोक लगी है। अतः उक्त भूमि को सार्वजनिक घोषित किया जाए।

अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग ने प्रदूषण नियंत्रण पार्षद कार्यालय हजारीबाग को आवेदन पत्रांक संख्या 1099 भेजकर निर्देश दिया है कि उपर्युक्त तथ्यों की आवश्यक जांचोपरांत विधि के अनुरूप विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की जाए।

**ग्रामीणों ने रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया**

प्राचीन गंधोनिया गर्म जलकुंड चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड के कारण अपना अस्तित्व खोने के विरोध में ग्रामीणों ने रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि ग्राम इंद्रा 15 माईल में एक बहुचर्चित गर्म जल कुण्ड है जहाँ पर लोग अक्सर अपने रोग के निवारण हेतु आते थे। लेकिन अब यह अपने अस्तित्व को खो रहा है क्यूंकि यह का गर्म पानी चितपूर्णी फैक्ट्री के डीप बोरवेल से आ रहा है जिसकी गहराई लगभग 1500 से 1800 तक है। कुछ वर्ष पूर्व अंचलाधिकारी (नीतू सिंह) के द्वारा पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने की योजना बनाई गई थी। लेकि विपरीत हो रहा है यह गर्म जल कुंड फॉरेस्ट के अंतर्गत का जमीन में आता है। इसकी सघन जाँच होनी चाहिए तथा चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से आस पास के रह रहे लोगों में बीमारी का डर एवं पेड़ पोधो को भी विलुप्त होने का डर सता रहा है।अतः इस समस्या को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करते हुए अच्छे से जाँच करवा कर इसके द्वारा किए जा रहे गलत कार्यों पर रोक लगाए तथा विलुप्त हो रहे हमारे धरोहर को बचाया जा सके।

## युवाओं ने की साफ-सफाई

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर व स्नानागार कूंडो का साफ-सफाई स्थानीय युवाओं एवं समाजसेवियों के द्वारा श्रमदान कर किया गया।बताते चलें कि सूर्यकुण्ड धाम परिसर का साफ-सफाई करनें के लिए किसी भी प्रकार का कोई व्यवस्था नहीं है।जिससे आये दिन सूर्यकुण्ड के कूंडो एवं आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है। गंदगी रहने के चलते दूसरे प्रदेशों से आने पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छ जल से स्नान करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।जिन कठिनाइयों को मद्देनजर रखते हुए।आज स्थानीय युवाओं के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।जिस अभियान में श्रीकांत मैथेमेटिक्स हजारीबाग निदेशक सह् जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय, अनुज कुमार पाण्डेय,अजीत कुमार पाण्डेय,संतोष कुमार पाण्डेय,जयराज पासवान,राजू पासवान,बिरजू साव,शेषनाथ सिंह,रामाअवतार पाण्डेय,संदीप मंडल वगैरह नें सफाई अभियान में सहयोग किया।

## फैजल खान ने ओल्ड एज होम के बुजुर्गो के बीच मनाया अपना जन्मदिन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग यूथ विंग से प्रेरणा लेकर शहर के युवा फैजल खान खंडेलवाल हैंडलूम नामक प्रतिष्ठान में एक कर्मचारी के तौर पर कार्य करते हैं उन्होंने अपना जन्मदिन कुछ अलग करने का प्रयास किया और इसी प्रयास के बीच फैजल ने एसपी कोठी स्थित ओल्ड एज होम के बुजुर्गो के बीच खाना का पैकेट वितरण कर जन्मदिन मनाया। बुजुर्गो के साथ दो वक्त बिता कर उनका आशीर्वाद के साथ जन्मदिवस को बेहद सादगी पूर्वक मनाया। जिसके बाद फैजल ने बस स्टैंड पर राहगीरों, रिक्शा चालकों के बीच खाना पैकेट का वितरण किया। वितरण के दौरान फैजल ने कहा कि कार्यक्रम की प्रेरणा मुझे हजारीबाग यूथ विंग से मिली यूथ विंग द्वारा अनेकों सामाजिक कार्य को मैंने सोशल मीडिया एवं अन्य प्रकार से देखा है तभी मैंने अपने मन में इच्छा जताई थी कि मैं भी अपना जन्मदिन मे कुछ अलग करूंगा और उसी क्रम में मैंने ओल्ड एज होम मे जन्मदिन मनाया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने फैजल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सराहनीय कार्य के लिया बहुत-बहुत बधाई। साथ है कहा की अपने समाज को एक संदेश देने का कार्य किए है।हजारीबाग यूथ विंग से प्रेरणा लेकर अपने जो नेक कार्य किए है,उसमे अन्य युवाओं को भी जोड़ें।

## रिम्स डॉक्टर मनोहर लाल के मां की श्राद्धकर्म ब्रह्मभोज में शामिल हुए पूर्व मंत्री व विधायक

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला पंचायत निवासी डॉक्टर मनोहर प्रसाद रिम्स के वरीय गैस्ट्रोलॉजी विशेषज्ञ चिकित्सक के मां का बीते सप्ताह निधन हो गया था 21 जून को श्राद्धकर्म एवं ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया इस दौरान ब्रह्मभोज में पहुंचे झारखंड के पूर्व मंत्री एवं विधायक विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग श्राद्ध भोज कार्यक्रम में शामिल हुए विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों द्वारा शोकाकुल परिजनों से मिले मृतक के फोटो चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया इस मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री लालचंद महतो ,रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया के पूर्व विधायक एवं योगेंद्र प्रसाद महतो( दर्जा प्राप्त मंत्री) जमशेदपुर जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार, वीरेंद्र ओहदार, विजय कुमार शिक्षक पन्नालाल महतो, दिनेश महतो, शंकरलाल प्रसाद, दिवाकर प्रसाद सिन्हा, डॉक्टर सौरभ सिन्हा, भुनेश्वर महतो, केसरलाल महतो, गुजर महतो, मिश्रीलाल महतो, मोहनलाल महतो, नागेश्वर महतो, राजीव कुमार, महतो, जयनंदन महतो, सोनाराम महतो, कई गणमान्य एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

## कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा धर्मशाला ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा धर्मशाला द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन कुशवाहा धर्मशाला के सभागार में संपन्न हुआ जिसमें मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के 54 छात्र - छात्राओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और उनके सफल जीवन की कामना की गई और समाज एवं देश के लिए अपना समर्पण एवं योगदान देने की बात कही गई कार्यक्रम की अध्यक्षता कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा भवन के अध्यक्ष भोलानंद प्रसाद एवं संचालन टि.सी.बॉबी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक सदस्य घनश्याम महतो,बलराम प्रसाद कुशवाहा, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा, उमेश



चंद्रा, सचिव-राजकुमार कुशवाहा, सहसचिव- विक्रम प्रसाद कुशवाहा,उपाध्यक्ष- जानकी महतो एवं चमन महतो, कोषाध्यक्ष भीम कु. कुशवाहा, कार्यकारिणी सदस्य खेमचंद कश्यप,संत विलास दांगी, नरेश कश्यप, संजय कुमार, नरेश कश्यप, प्रकाश कुमार, राजेश कुशवाहा, संदीप कुशवाह, कपिल प्रियदर्शी, नीरज कुमार, मनीष कुमार, शिवचंद्र प्रसाद, पंचम कांत कुशवाहा, मनोज कुमार, अवधेश कुमार, राम कुमार, रोशन कुमार, उपेंद्र कुमार, डालचंद महतो, संतोष कुशवाहा, कैलाश कुमार, अरुण कुमार, राहुल कुमार, दिवाकर प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद, दीपक कुमार,तथा इस कार्यक्रम में संगत कर रहे थे की-बोर्ड पर सतीश कुशवाहा, ढोलक पर आतिश कुमार,पैड पर सुनील नायक इत्यादि लोग लोग उपस्थित थे।

## धोती साड़ी का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मांडू चट्टी पंचायत जन वितरण प्रणाली मनोज कुमार मोदी के यहा मुखिया अनीता देवी ने 100 राशन कार्ड धारियों को सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत वितरण किया गया । वही ग्राम गरगली में जन वितरण प्रणाली जय राम गंझू के ग्राम गरगली में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत मुखिया अनीता देवी ने 70 लाभुकों के बीच वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में उपस्थित उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता वार्ड सदस्य



चुरामन गंजू वार्ड सदस्य शैलेश महतो मनोज कुमार मोदी वार्ड सदस्य देवंती देवी आनंद कुमार भानु देवी छोटेलाल भुइयां मोहम्मद मिस्टर जुगेस्वर महतो सीटन भुइयां मोहम्मद असलम मोहम्मद मोबीन आलम अंसारी सुरेश महतो बालेश्वर पंडित आदि उपस्थित थे।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 47 मरीजों का किया गया इलाज

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को विष्णुगढ़ पंचायत भवन में मां सुंदरी फाउंडेशन सुनीता आई हॉस्पिटल द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन मे डॉ. सुनील कुमार साव द्वारा 47 नेत्र मरीजों का इलाज मशीन से जांच कर निशुल्क किया गया।साथ ही 14 नेत्र मरीजों का जांच पड़ताल कर चश्मा दिया गया।वही शनिवार को चेडरा पंचायत भवन में आयोजित नेत्र शिविर के दौरान 56 मरीजों का मशीन द्वारा जांच कर इलाज किया गया। साथ ही 18 नेत्र मरीजों का जांच पड़ताल कर चश्मा दिया गया।वही दो मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। जांच शिविर के दौरान डॉ.सुनील कुमार साव ने बताया कि आंख से संबंधित सभी रोगों का इलाज, दवा और ऑपरेशन निःशुल्क है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# रसोईया धमना में मुहर्रम अखाड़ा कमिटी व निगरानी कमेटी गठित

## शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने का लिया गया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** रसोईया धमना में मुहर्रम आखाड़ा कमिटी का हुआ चयन मदरसा अजिजिया जेया उलओलूम के सेक्रेटरी मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में दो मुहर्रम आखाड़ा कमिटी का हुआ। वहीं निगरानी कमिटी का भी गठन हुआ। बैठक में स्टार कलर छोटकी बरही, चाँद क्लब मस्जिद मोहल्ला, ताज क्लब मदीना नगर, हुसैनी क्लब वारसिया मुहल्ला, केजीएन क्लब अंसार नगर, चाँद क्लब लश्करी सभी क्लब व कमिटी के मेंबर्स आपस में मिल बैठ कर सर्व सहमति से शांति व



सौहार्द पूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने का निर्णय लिया। वहीं निगरानी कमिटी बनाया गया। इसमें मो खलील छोटकी बरही मालिक, मो तौकीर रजा मीडिया प्रभारी, मो गनी सिकरेट्री छोटकी बरही, मो तैयब अंसारी पंसस रसोईया धमना, मो मुमताज सिकरेट्री रसोईया धमना, मो मोईन मालिक रसोईया धमना, मो जियाउलहक, मो इरशाद, मो तस्लीम लश्करी, अब्दुल सत्तार, मो हकीम, मो अख्तर, मो शमशेर सदर वर्सिया मुहल्ला, क्यूम अली, मो खुर्शीद, मो. शरीफ अंसार नगर, मो मुख्तार, मो मुस्तकीम अंसार नगर को शामिल किया गया। मुहर्रम आखाड़ा कमिटी में मो खलील, मो. गनी, मो. तौकीर, मो तैयब, मो. नाजिर, मो. अख्तर, मो. मिनहाज, मो. तबरेज, मो. सेराज, मो. मौजिम, मो. मुस्ताक छोटकी बरही, मो. मुमताज, मो. मकसूद, मो. इस्लाम, मो. जियाउलहक, मो. मोइन, मो. इरशाद , मो. मंसूर, मो. नसीम, मो. हकीम, मो. अख्तर, मो. इम्तियाज, रियाज, तौहीद आदि को शामिल किया गया।

# गुलमोहर पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता के सेमीफाइनल राउंड का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** गुलमोहर पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता के सेमीफाइनल राउंड का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के वर्ग 2 से वर्ग 5 तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम को जज करने के लिए हिपहॉप डांस चैंपियनशिप के रनर अप अविनाश कुमार आए थे। उन्होंने कहा कि उस विद्यालय में आकर जजमेंट करना, जिस विद्यालय में मैं खुद पढ़ा हूं, यह एक गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों द्वारा इस प्रकार की नृत्य प्रस्तुत कर करते देख मन गदगद रह गया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य विद्या बक्शी ने बच्चों को समझाया की पढ़ाई लिखाई के साथ नृत्य और खेलकूद में भी ध्यान देना चाहिए और उसमें भी अपना कैरियर बनाना चाहिए। साथ ही साथ सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संयोजन अंकिता कुमारी ने किया था।कार्यक्रम का संचालन साक्षी प्रिया ने किया।

## एक दर्जन नौजवानों ने थामा भाजपा का दामन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के एक दर्जन युवाओं ने रविवार को विधायक मनीष जायसवाल के समक्ष उनके विधायक कार्यालय परिसर में भाजपा का दामन थामा। विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य लोगों ने सभी ऊर्जावान नौजवानों का विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी कि परिवार में जुड़ने पर फूल माला पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। विधायक मनीष जायसवाल ने युवाओं के नेक सोच पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि आप ऐसे राजनीतिक दल में शामिल हो रहे हैं जो राष्ट्र प्रथम मानकर कार्य करती है ।भाजपा का दामन थामने वाले नौजवानों में ग्राम रेवाली के विकास राम, प्रिंस रॉय, विशाल साव, रौशन गोप, ग्राम ओरिया के विशाल राम, ग्राम गदोखर के अनिल पाण्डेय, ग्राम पसई के बंटी राणा, सचिन कुमार, ग्राम गोविंदपुर के दिलीप पांडेय समेत अन्य शामिल हैं ।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के आयोजन की शुरू हुई तैयारी 20 अगस्त को कटकमदाग से होगा शानदार आगाज

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक मनीष जायसवाल नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 के शुरुआत को लेकर अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर में कटकमदाग प्रखंड के सभी 13 पंचायतों के प्रमुख भाजपा नेतागण, कार्यकर्तागण, सभी टीमों के कप्तान, प्रबंधक मुख्य खिलाड़ी व सभी सक्रिय खेल प्रेमीगणों के साथ एक बैठक अयोजित की। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 20 अगस्त को कटकमदाग प्रखंड से साल 2023 के नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज होगा जो आगामी 27 अगस्त को फाइनल होगा। इसके लिए कटकमदाग प्रखंड में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति का जल्दी गठन किया जाएगा और एंट्री भी शुरू कर दिया जाएगा ।मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के लोकप्रियता और सफलता के पीछे कटकमदागवासी ही प्रेरणा हैं। साल 2016 में है टूर्नामेंट की शुरुआत कटकमदाग प्रखंड के धरती से ही हुई जो बाद में सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के साथ हजारीबाग जिले के अन्य प्रखंडों तक पहुंचा।

## बसतपुर गांव में खतियानी जुटान का आयोजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राहे प्रखंड के बसतपुर गांव में खतियानी जुटान का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली के पूर्व विधायक सिमा महतो शामिल हुई। इस मौके पर सभा का सम्बोधित करते हुए सिमा महतो ने कहा कि पूरे झारखंड में हर एक खतियानी अपने हक और अधिकार के लिए जाग चुका है । पूर्व विधायक अमित महतो खतियानी को जगाने के लिए पूरे 81 विधानसभा में खतियानी मैराथन दौड़ चुके और खतियानी को अपने हक,अधिकार को जगाने का काम किया है लेकिन यहाँ की सरकार ने आंदोलन को कुचलने और मिटाने के लिए अमित महतो को जेल में डालने का काम किया है । लेकिन न्यायालय पे पूरा भरोसा है की जल्द ही अमित महतो निकलेंगे और खतियानी के लिए लड़ेंगे। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बादल महतो , मुखिया तेजयातमा देवी , रोहित महतो ,छात्र नेता राजू कुमार ने भी सभा को सम्बोधित किया एवं सभा का संचालन श्रीधर साहू ने किया। इस मौके पर लक्ष्मी मुंडा,सुजीत साहू,अमिश महतो,बीरेंद्र प्रभाकर,नरेश महतो,पशुपति अहीर , योगेश्वर मेहता समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण इसका संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजयुमो ने निकाली मोटरसाइकिल यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा एवं जिला महामंत्री स्त्र मोर्चा बुधराम बेदिया के संयुक्त नेतृत्व में महा जनसंपर्क अभियान के तहत विशाल मोटरसाइकिल यात्रा निकाला गया । जिसको जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो एवं मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत किया। यात्रा बीसा पंचायत भवन मैदान से शुरू होकर गेतलसूद रामदागा होते हुए बेती,ओबर, बदरी, खभावन होते हुए नवागढ़ चौक में समापन किया गया। यात्रा में विभिन्न गांव में आम लोगों को मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9 वर्षो का कार्यकाल बेमिसाल रहा है



आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती और विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है अंत्योदय का मूल मंत्र प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन का वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर मिला 11.8 करोड़ घरों में पहुंचा जालना योजना और 100 प्रतिशत घरों में पहुचा बिजली अनुसूचित जनजाति मोर्चा ग्रामीण के महामंत्री बुधराम बेदिया ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में सबसे ज्यादा लाभ गरीबों तक पहुंचा है। करोना जैसे समय में भी भारत की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत रही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंनगड़ा मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार महतो महामंत्री अजय कुमार करमाली विश्वनाथ मिश्रा ,दिलीप मिर्धा,मनेश्वर मुंडा, संजय भोगता, हर्षनाथ भोक्ता बनू बेदिया विनोद पाहन,आदि थे ।

# सरकार की गलत नीतियों एवं प्रखण्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने 30 सूत्री मांग बीडीओ को सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**इटकी :** शनिवार को आजसू पार्टी के जिला सचिव मुर्तजा आलम के नेतृत्व में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय धरना का आयोजन प्रखंड कार्यालय के समीप किया गया । वहीं श्री आलम ने सभा को संबोधित करते हुए वर्तमान विधायक एवं संसद पर निशाना साधते हुए कहा विधायक एवं संसद का भी कार्यकाल अब तक विफल रहा क्योंकि वर्तमान में प्रखंड की जो स्थिति है इससे वर्तमान विधायक एवं संसद की विफलता को साबित करती है. इटकी प्रखंड में करोड़ों की लागत से बनी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय को अब तक चालू नहीं कराया गया है इससे हमारे क्षेत्र के बच्चे को शिक्षा के लिए दूसरे प्रखंडों का सहारा लेना पड़



रहा है इसी तरह से विभिन्न पंचायतों में उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनकर 15 सालों से बेकार पड़ा हुआ है. और धूल फांक रहा है जिसमें आज तक कोई भी मेडिकल की टीम कदम भी नहीं रख पाया है और भवन जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है. इसी प्रकार से आज तक इटकी प्रखंड का पूरी तरह से स्थापना भी नहीं किया जा सका है. जिसके कारण कई विभागों के काम के लिए प्रखंड क्षेत्र के जनता को बेड़ो प्रखंड का चक्कर काटना पड़ता है. ये सभी कारणों से वर्तमान विधायक एवं संसद की कार्यशैली को दर्शाती है. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक अध्यक्ष हकीम अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में र्भ्ष्टाचार चरम सीमा पार कर रहा है।यदि व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंचल अधिकारी व प्रखंड पदाधिकरी लगाम नहीं लगाता है।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नामकुम प्रखण्ड में पथ की आधारशिला रखी

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय राजेश कच्छप जी के करकमलों द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से स्वीकृत नामकुम प्रखण्ड के राजाउलातु पंचायत के टुटीहारा इमली पेड़ के पास से पोस्ताबेड़ा तक 2.700 कि.मी. पथ का निर्माण कार्य की आधारशिला रखें। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पथ कुल 2.43 करोड़ की लागत से निर्माण की जायेगी। ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग को आज पूरी की। विधायक ने कहा कि अपने चुनावी वादे को पूरे करते हुए उक्त पथ की स्वीकृत कराया। इस पथ बन जाने ग्रामीणों को काफी लाभदायक होगी। संवेदक को गुणवत्तापूर्ण पथ को निर्माण करने की हिदायत दी तथा ग्रामीणों को उक्त पथ पर निगरानी रखने की बात कही।उक्त पथ की शिलान्यास होने पर ग्रामीण काफी उत्साहित थे। ग्रामीण ढ़ोल नगाड़ा से विधायक राजेश कच्छप की स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रीता होरो, थ्योफिल सांगा, पूर्व मुखिया पुरगुन सुरीन, संतोष तिग्गा, ग्राम प्रधान संदीप सांडिल, कल्याण लिण्डा, सोनूराम मुण्डा, चामरा भोक्ता, करण मुण्डा, जयराम तिर्की, प्रिया मुण्डा, खुदिया कच्छप, राजदीप कच्छप, चन्दन, शिवकुमार सिंह, विनोद लोहरा, जेरोम जिलहूर, पंचु तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** राजा उलातु पंचायत के उलीडीह गांव में विगत 3 माह से ट्रांसफार्मर जला हुआ था । वहां कि जनता काफी परेशान थी। ग्रामीणों ने प्रमोद कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा को सूचना दी ,जिन्होंने श्री संजय सेठ जी माननीय सांसद लोकसभा क्षेत्र को इन समस्या से अवगत कराएं। उनके आदेशानुसार सांसद प्रतिनिधि श्री प्रमोद कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि ने बिजली विभाग के जी एम से मुलाकात कर ,तत्वरित करवाई कर जले हुए ट्रांसफार्मर को बदल कर नए ट्रांसफर लगवाकर उसका उद्घाटन किया गया ।इस उपलक्ष में सभी ग्रामीणों ने लोकप्रिय सांसद और सांसद प्रतिनिधि को आभार व्यक्त किए और ढेर सारी बंधाईया दी। मौके पर उपस्थित विजेंद्र राय सांसद प्रतिनिधि उर्जा विभाग, भीम राय, रूदेश्वर राय महामंत्री टाटीसिलवे मंडल, मधुसूदन राय, दयानंद राय, सुरत राय, उमाकांत राय, अशोक राय, विजय राय, छोटू राय, गोवर्धन राय, संजय राय, गोरखनाथ सिंह, दीपक राय, भोला नाथ राय, मगन राय, सुमेश पाठक पुजारी, सावित्री देवी प्रतिमा देवी, मनीषा देवी, सरोजनी देवी, रेशमा देवी, सीता देवी, किरण देवी, पायल देवी, बिजली देवी एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# एनटीपीसी मजदूर यूनियन की साप्ताहिक बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक )की सप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस पतरातू में भाकपा अचंल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई।जिसमें यूनियन की सदस्यता बढ़ाने एवं मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा किया गय वही मनोज कुमार महतो ने कहा कि आगामी 10 अगस्त को संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा मजदूर विरोधी,किसान विरोधी, जनविरोधी व राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूरों का देशव्यापी अभियान के तहत राजभवन के समक्ष एक दिवसीय महापड़ाव का आयोजन किया जाएगा। इस महापड़ाव में एनटीपीसी मजदूर यूनियन के बैनर तले पीवीयूएनएल के मजदूर भी भाग लेंगे जिसे लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर रही है वही मनोज कुमार महतो ने कहा कि मणिपुर के घटना को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं एनटीपीसी मजदूर यूनियन आगामी 30 जुलाई को यूनियन ऑफिस पीटीपीएस से कटिया चौक तक विरोध मार्च एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन करगो।मौके पर मनोज कुमार महतो,रमेश महतो,मनोज मुंडा,किशोर महतो,संतोष मुंडा, विकास मुंडा,सरवन करमाली,नरेश कुमार सिंह,आदि थे ।

# भामाशाह विद्यालय में स्नेह मिलन समारोह आयोजित

### तीन आचार्यो को दिया गया विदाई, नए आचार्य का हुआ स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही के प्रांगण में रविवार को स्नेह मिलन समारोह किया गया। समारोह में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य चंद्र मोहन मिश्र, सुरेंद्र मंडल व सुनील कुमार महतो को भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही विद्यालय में नवनियुक्त हुए नवीन आचार्य अरविंद कुमार यादव का स्वागत किया गया। बताया गया कि आचार्य सुरेंद्र मंडल व सुनील कुमार महतो किसी सरकारी विद्यालय में सरकारी शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए हैं। वहीं आचार्य चंद्र मोहन मिश्र का शिशु विद्या मंदिर, जपला पलामू में हुआ है। कार्यक्रम हजारीबाग विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के संरक्षक त्रिवेणी साहू, अध्यक्ष अमित कुमार साहू, सचिव नागेंद्र कुमार, पदेन सदस्य सुरेश साहू, संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू और विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सहकर्मी आचार्य संजीव सिंह व राजू कुमार विद्यालय में उनके साथ बिताए गए खट्टे मीठे पलों को साझा किया। विदाई के इस पल में सुरेंद्र मंडल व सुनील कुमार महतो ने कहा कि विद्यालय में कार्य करते हुए मुझे काफी कुछ सीखने को मिला।

## बरकाकाना क्षेत्र के उच्च विद्यालयों को प्लस टू में उत्क्रमण हेतु संजीव बेदिया से सहयोग की अपील

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार के सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया से मिलकर बरकाकाना क्षेत्र के नारायण उच्च विद्यालय और सीसीएल उच्च विद्यालय को प्लस टू में उत्क्रमण कराने हेतु सहयोग करने की अपील की गई। मंच के पदाधिकारियों ने कहा की बरकाकाना क्षेत्र में तीसियों गांव और आवासीय कालोनियां हैं जहां 50000 से अधिक आबादी निवास करती है। इस क्षेत्र में 5 निजी व सरकारी उच्च विद्यालय हैं जहां छ सौ से अधिक बच्चे जैक बोर्ड से दसवीं पास किए हैं और ग्यारहवीं में नामांकन के लिए परेशान हैं लेकिन नजदीक में कोई महाविद्यालय या प्लस टू उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण सैकड़ों बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ शहर में एकमात्र अंगीभूत सरकारी महाविद्यालय है जहां पहले इंटर की पढ़ाई होती थी जो अब बंद है गांधी हाई स्कूल जहां इंटर की पढ़ाई होती है लेकिन अब उसे भी सीबीएसई के तहत अंग्रेजी माध्यम बना दिया गया है जिस से रामगढ़ शहर सहित बरकाकाना क्षेत्र के छात्रों को हिंदी माध्यम से 11वीं और 12वीं करने की कोई सरकारी सुविधा नहीं रह गई है। मंच के पदाधिकारियों ने संजीव बेदिया से निवेदन किया कि झारखंड सरकार से बरकाकाना क्षेत्र के दोनों उच्च विद्यालय को प्लस टू में उत्क्रमण कराने की कृपा की जाए। श्री बेदिया ने हर संभव सहयोग और प्रयास करने की बात कही। बुद्धिजीवी मंच के प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक महावीर राम, अध्यक्ष प्रदीप करमाली, सचिव प्रो. शाहनवाज खान, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, प्रवक्ता सुशील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, उपाध्यक्ष सोनी महतो, संगठन सचिव कवित्री देवी, संगीता देवी और दिनेश करमाली आदि शामिल थे।

## आदिवासी युवाओं ने मणिपुर घटना को लेकर अरगड्डा में विरोध जताया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा के अंबेडकर नगर झोपड़ी में रविवार को आदिवासी युवाओं ने हाथों में बैनर लेकर मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ घटी घटना को लेकर विरोध जताया। बताया कि बीते एक माह से भी अधिक समय से मणिपुर में जल रहा हैं। यहां आदिवासियों के साथ लगातार गलत और दमन करने का काम किया जा रहा हैं। महिलाओं के साथ अभद्र घटना को अंजाम दिया जाना अशोभनीय हैं। दोषियों को फांसी देने की मांग की। कहां राज्य सरकार जनजातियों की सुरक्षा में असफल हैं।

# मृतक अशफाक के परिजनों से मिली भीम आर्मी की टीम, दोषियों पर की कार्रवाई की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही पुलिस हिरासत में बरही थाना अंतर्गत कोनरा हुसैन नगर निवासी अशफाक खान की मौत मामले में कई राजनीतिक और संगठन के लोग मृतक के परिजनों से भेंट करने उनके घर पहुंच रहे हैं। सभी घटना की निंदा कर रहे हैं। मुलाकात कर कोई संवेदना व्यक्त कर आर्थिक मदद कर रहा है, तो कोई न्याय दिलाने के लिए आंदोलन करने की बात कर रहा है। रविवार को भीम आर्मी की टीम मृतक अशफाक खान के परिवार से मुलाकात किया। वही शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढस बंधाया। वहीं कहा कि दोषी पुलिसकर्मी बक्सा नहीं जाएगा। इस बीच मृतक के आश्रित परिवार को आर्थिक मदद भी किया गया। घटना की जायजा लेने के दौरान मृतक की माँ ने कहा कि मेरा एकलौता पुत्र अशफाक खान था। बीमार पति



कोई काम नही कर पाते हैं। एक जवान बेटी घर में रहती हैं मेरे घर का सहारा छीन गया। भीम आर्मी की टीम ने आश्वासन दिया कि वे लोग पीड़ित परिवार के साथ हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा घटना की लीपा-पोती करने की कोशिश की गई तो आंदोलन किया जाएगा। साथ ही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कहा कि इस घटना को जिला अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान में है। उचित न्याय नहीं मिलने पर भीम आर्मी चिप चंद्रशेखर आजाद रावण को बुला कर बरही में आंदोलन किया जाएगा। मौके पर झारखंड सरकार से पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी, 50 लाख नगद व दोषियों को तत्काल जेल व मृतक परिवार को सुरक्षा का मांग किया। मौके पर भीम आर्मी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, उपाध्यक्ष हीरालाल मुर्मू, अनुज कुमार, विनोद कुमार, सुनील कुमार, शमसेर अंसारी, मिथुन कुमार, नागेंद्र कुमार, राजेश कुमार, समशेर आलम, विजय पंडित, अरुण कुमार आदि लोग उपस्थित हुए।इधर शनिवार को एपीसीआर झारखंड की टीम मृतक अशफाक के परिजनों से मिलने रांची से आई थी। टीम के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने काफी बारीकियों से परिजनों से जानकारी लिया। जानकारी लेने के बाद एपीसीआर की टीम ने काफी निंदनीय घटना बतलाया। वही कहा कि मामले में पूरी टीम पीड़ित परिवार के साथ है। मृतक व उनके परिवार को न्याय दिलवाने को निःशुल्क केस लड़ने को तैयार हैं। वही हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। मुकालात एपीसीआर झारखंड सेक्रेटरी अधिवक्ता जियाउल अला, हजारीबाग के सेक्रेटरी अलाउद्दीन, हजारीबाग टीम के अध्यक्ष मो तसलीम व मो जाबिर ने किया। इसके पहले भी कई संगठन के लोग पीड़ित परिवार से भेंट कर चुका है।

## जिला स्तरीय बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा एक्यूप्रेशर संसद का संचालन परिषद कार्यालय में प्रदेश सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे के द्वारा किया गया । जिसमें झारखंड के 24 जिले के प्रतिनिधि ,रांची जिला के सदस्य उपस्थित थे। जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार किया गया, एक्यूप्रेशर का प्रचार प्रसार, सदस्यता अभियान, एक्युप्रेशर बुलेटिन ,समाचार और एक्यूप्रेशर पत्रिका ,एक्यूप्रेशर जागरूकता अभियान, ट्रेनिंग चिकित्सा केंद्र के साथ-साथ विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 10,000 एक्यूप्रेशर सैनिकों का गठन एवं ओल्ड केयर सेंटर का संचालन, एक्यूप्रेशर गार्डन का निर्माण, मिलन एवं सम्मान समारोह, स्थापना दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम तथा रांची कमेटी का गठन किया गया। एकयू प्रेशर पत्रिका के संपादक के रूप में प्रोफेसर लखन मिश्रा, जिला अध्यक्ष मंगल सिंह बरुआ, उपाध्यक्ष अंजलि ग्रांड ,आदि थे ।

## आदिवासियों के धर्म, संस्कृति और वजूद पर बोला जा रहा है हमला : शत्रुधन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य मणिपुर में आदिवासियों के धर्म, संस्कृति और इनके वजूद, आबरू पर बीते 1 माह से दमन किया जा रहा हैं। यहां की सरकार आदिवासियों पर अत्याचार रोकने में पूरी तरह विफल हैं। यह बातें प्रेस बयान जारी कर आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया ने रविवार को कहीं। कहां कि मणिपुर में मुख्य रूप से आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन कब्जा और इन्हें हटाने-मिटाने की साजिश चल रही हैं। लॉयन ऑर्डर को ताक पर रखकर आदिवासियों के घर जलाने, उनकी हत्याएं, महिलाओं के साथ घोर दुर्व्यवहार किया जा रहा हैं। यह राज्य और देश के लिए शर्मनाक घटना हैं। उग्र भीड़ आदिवासियों के गांव को जला दे रही हैं। मांग किया कि 2 आदिवासी महिलाओं के साथ दुराचार करने वाले लोगों को कठोर से कठोर सजा मिले। आदिवासीयो के अधिकार को छीनने के लिए दमनकारी नीति चलाई जा रही हैं। मणिपुर की घटना से पूरा विश्व स्तब्ध हैं। जहां एक ओर केंद्र सरकार महिलाओं को सुरक्षा और इनके अधिकार की बात करती हैं। लेकिन दूसरी ओर केंद्र की ही शासित बीजेपी पार्टी के राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुंकी हैं। इसे नियंत्रित करने के लिए सामाजिक और कानूनी तौर पर सामजस्य बनाकर कार्य करने की आवश्यकता हैं। यदि ऐसा नहीं होता हैं, तो व्यापक पैमाने पर अपने समाज के लोगों को बचाने के लिए आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। जिसकी जवाबदेही सरकार की होगी।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## जेपी अस्पताल में 6 वर्षीय बच्ची के हलक से निकाला गया पिन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोला कुसमा, मंझिलाडिह, बलियापुर रोड स्थिति जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एक 6 वर्षीय बच्ची के गले में अटके सेप्टिक पिन को हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्स्कों ने अथक प्रयास करके सावधानीपूर्वक पिन निकाल कर दर्द से पीड़ित बच्ची को स्वस्थ किया। जामताड़ा जिले के फुलीजोड़ी, चालना गांव की 6 वर्षीय संगीता मरांडी के पिता ने बताया की उनकी बेटी खेलते समय पिन को निगल गई थी और तड़प रही थी। आनन-फानन में उसे जेपी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने भर्ती के समय से ही पिन निकालने की त्वरित चिकित्सीय प्रक्रिया शुरू कर दी और सुरक्षा पूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक पिन को निकाला तब जाकर बच्ची दर्द से शांत होकर राहत की सांस ली।

## प्रस्तावित भूमि पर ही बने नगर भवन, ग्रामीणों ने की बैठक : सरिया

**बड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरिया नगर पंचायत के अंतर्गत बनने वाले नगर भवन के जहाँ कुछ लोग जमीन को लेकर विरोध जाता रहे है तो वहीं कुछ लोगो ने बैठक कर तय जमीन में नगर पंचायत भवन बनाने की मांग की हालांकि इसमें कुछ शर्त रखते हुवे नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल अधिकारी कुंदन कुमार को आवेदन दिया है, आवेदन में उक्त जमीन में ही नगर भवन बने लेकिन नगर भवन निर्माण कार्य करने में स्थानीय लोगो को प्राथमिकता देने,शादी विवाह समारोह में ग्रामीणों को रियायत देने की मांग की है, इस बैठक में अशोक मंडल, नारायण मंडल, राजू मंडल, संदीप मंडल, सुनील मंडल आदि लोग उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने निःशुल्क बस सेवा को झंडी दिखाकर किया रवाना

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भगवान शंकर के दर्शनार्थ जल अभिषेक के लिए झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा जयरामपुर से देवघर के लिए आयोजित निःशुल्क बस सेवा सुविधा का रविवार को विधायक प्रतिनिधि के डी पाण्डेय ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सारे कांवरियों को बच्चा गुट सुरेश माली और दिलीप महतो के नेतृत्व में 30 महिला तथा 45 पुरुष सहित बच्चे शामिल कांवरियों से भरी बस की रवानगी विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को करने का कार्यक्रम आयोजित था परंतु विधायक के छुतका में पड़ जाने के चलते उनके अनुपस्थिति पर विधायक प्रतिनिधि ने बस का उद्घाटन कर रवाना किया। इस दौरान निःशुल्क बस के अलावे विधायक की ओर से सभी 75 कांवरियों लिए अंग वस्त्र, फल का कीट सहित वापसी तक भोजन नाश्ता का प्रबंध किया गया। मौके पर उमाशंकर शाही, मल्लू सिंह, रामबाबू सिंह, समरजीत सिंह, राकेश सिंह, दीपक सिंह, रूपक सिन्हा, रवि थापा, गौरव चक्रवर्ती, सुरेश माली, दिलीप महतो, चिक्कु सिंह, चंद्र विजय सिंह, विकाश सिंह, भोला कुम्हार आदि मौजुद थे।

## धनबाद बीडीओ ने किया डोर टू डोर भौतिक सत्यापन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी, धनबाद-सह-एईआरओ-40 धनबाद विधान सभा क्षेत्र श्री ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा आज धनबाद प्रखंड के परसिया में बूथ संख्या - 401, चिरुडीह में बूथ संख्या - 402 एवं सियालगुदरी में बूथ संख्या - 412 व 414 अंतर्गत लगभग 50 घरों का डोर टू डोर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान पन्ना सत्यापन, मतदाताओं के नाम, उम्र, पता में सुधार करने, नये मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा एपिक कार्ड वितरण सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## जन्म-मृत्यु निबंधन विशेष अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले विशेष अभियान में शनिवार, 22 जुलाई 2023, तक अनिबंधित जन्मों के 2485 व अनिबंधित मृत्यु के 259 मामलों की पहचान की गई है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) महेश भगत ने बताया कि 22 जुलाई तक जन्म के लिए 2485 में 1050 व मृत्यु के लिए 259 में 62 मामलों का नियमानुसार निबंधन किया गया है। वहीं अनिबंधित जन्मों के 472 की पहचान कर 140 व अनिबंधित मृत्यु के 13 मामलों की पहचान कर 8 मामले नियमानुसार निबंधित किए गए हैं।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनाया गया मैंगो दिवस

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में एल के जी कक्षा से दूसरी कक्षा के छात्र छात्राओं ने मैंगो दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी बच्चे पीले परिधान में विद्यालय की प्रार्थना सभा में उपस्थित हुए। सभी बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई दे रही थी। बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षिका संध्या मिश्रा ने मंच संचालन करते हुए आम के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने आम पर आधारित कविता वाचन भी किया। प्राचार्य प्रसन्न कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों से कहा कि आम फलों का राजा है। इसे खाना है तो पेड़ लगाना अनिवार्य है। जूनियर बिंग की अन्य शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## महेशपुर में जलसहिया ने अपनी मांगों को लेकर किया बैठक

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड के महेशपुर पंचायत 2 में जलसहिया अधिकार मंच की एक बैठक महेशपुर पंचायत 2 सचिवालय में हुई जिसकी अध्यक्षता बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा देवी ने की पुष्पा देवी ने कहा कि हम सभी जलसहिया बहनों का बकाया 50 माह का मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि ड्रेस कोड टीए डीए मोबाइल पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सारे कार्य जल सहिया को देने की मांग को लेकर जल सहिया बहुत जल्द आंदोलन करने का निर्णय लिया है मौके पर देवी जया देवी किरण देवी पुष्पा देवी भुनेश्वरी देवी लीलावती देवी सीमा देवी नमिता देवी कलावती देवी लक्ष्मी देवी सुमीता आदि मौजूद थी।

### झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर

## जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आज न्यू टाउन हॉल में एकदिवसीय जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, बार एसोसिएशन के महासचिव जीतेन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शर्मा ने कहा कि समाज के प्रति हम सबकी जिम्मेवारी है। इसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने एमएसीटी एक्ट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 48 घंटे के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट ट्रिब्यूनल को भेज देनी है, अन्यथा थाने के अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में केवल 6 मामलों में विभिन्न थानों द्वारा दुर्घटना सूचना रिपोर्ट दायर की गई थी। थाना प्रभारियों को कहा कि किसी भी मामले को लंबित रखने के बजाय उस पर त्वरित कार्यवाही कर अदालत में जल्द से जल्द अंतिम प्रतिवेदन रिपोर्ट या चार्जशीट दायर कर दी जानी चाहिए जिससे लोगों को त्वरित न्याय दिया जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोग इतने मजबूत नहीं होते कि वह अपने अधिकारों के लिए सक्षम तरीके से लड़ाई लड़ सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार उनको स्वस्थ, सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों तक पहुंचे उसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों के अधिकार की सुरक्षा में न्यायपालिका का अहम रोल है। अनुसंधान में चूक के कारण कई अपराधी अपराध करके बच जाते हैं।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के द्वारा चैंबर आपके द्वार अभियान की घोषणा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को अग्रसेन भवन स्थित पंचायती धर्मशाला पुराना बाज़ार में नवगठित चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाज़ार की संचालन समिति की पहली बैठक आहूत हुई। बैठक में आपसी सहमति से निगरानी एवं संविधान निर्माण, संगठन, प्रशासनिक, विधुत, नगर निगम, अतिक्रमण, वित्त एवं कार्यालय, सामाजिक कार्य, प्रेस मिडिया विभागों का निर्माण किया गया। बैठक में राजेश गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, सोहराब खान, भीखूराम अग्रवाल, प्रदीप नारनोली, प्रदीप अग्रवाल, सुनील तुलस्यान द्वारा संचालन समिति के 42 सदस्यों को उपर्युक्त विभागों में प्रभार की जिम्मेदारी सौंप कर सम्मानित किया गया।संचलान समिति के सदस्य श्री राजेश गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्रा दिवस के बाद चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के बॉयलॉज एवं निमयावली का निर्माण कर लिया जाएगा साथ ही सोसाइटी एक्ट के अंतर्गत पंजिकृत करवाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## मदरसा इमदादुल इस्लाम शेख भिखारी बाघमारा के बच्चों ने बाल विवाह न करने का लिया अहद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बाघमारा :** मदरसा इमदादुल इस्लाम शेख भिखारी बाघमारा धनबाद में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन के सहयोग से झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह, बाल ट्रैफिकिंग, बाल यौन शोषण एवं बाल मजदूरी मुक्त जिला व बाल मित्र जिला बनाने को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता मदरसे के सरबराह हाजी मोहम्मद आलम अंसारी साहब एवं संचालन फिल्ड मोबलाइजर असरफ आलम ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि बाल विवाह के कारण बच्चें शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित होते हैं। मुस्लिम कौम कि बच्चियां भी अब डॉक्टर, इंजीनियर और साइंटिस्ट बन रही है। कार्यक्रम के अंत में मदरसा इमदादुल इस्लाम शेख भिखारी बाघमारा के मौलानाओं एवं बच्चों ने बाल विवाह न करने, बाल विवाह न कराने एवं बाल विवाह में शामिल न होने का अहद (शपथ) लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौलाना मोहम्मद अलाउद्दीन रईम, मौलाना हाफ़िज़ मोहम्मद मंजूर साहब, हाजी मोहम्मद आलम साहब, समाज सेवी आसिफ़ खान, नासरीन परवीन, सादिया परवीन, अजीया परवीन, सुहाना, साफिया, जाफरीन, ज़ीनत, आलिया, नाज परवीन, साजिया परवीन, आदि थे ।

### रोटी बैंक यूथ क्लब एवं भूली ब्लड डोनर ग्रुप ने किया

## रक्तदान सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** रोटी बैंक यूथ क्लब एवं भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में भूली बी ब्लॉक स्थित विवाह भवन मे रक्तदान सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे रक्तदान से जुड़ी संस्था, व्यक्ति, विशेष कर महिलाओं को रोटी बैंक यूथ क्लब और भूली ब्लड डोनर ग्रुप के द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।मौके पर उपस्थित रागिनी सिंह, उदय प्रताप सिंह, डॉ एके वर्मा, मुख्तार खान, हाजी ज़मीर आरिफ, बॉबी पांडे, अशोक पाल, अशोक यादव, जुली परवीन, बेनज़ीर परवीन, रवि शेखर एवं रवि सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर ने कहा कि लगभग 70 महिलाओं एवं धनबाद के 15 संस्थाओं को सम्मानित किया गया और आगे आने वाले समय में झारखंड स्तर पर इससे भी बड़ा आयोजन किया जाएगा। वहीं भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह ने कहा कि आज मेरे माताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर हम लोगों ने यह भव्य आयोजन किया और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम इन दोनों संस्थाओं के द्वारा किया जाएगा।मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर मे 27 यूनिट रक्त संग्रह कर एशियन जलान हॉस्पिटल को दिया गया। वहीं दुर्गापुर से आए विवेकानंद हॉस्पिटल के सदस्यों के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 50 लोगों ने अपना निश्शुल्क जांच कराया। मौके पर शाहिद अंसारी, आनंद झा, मनोज विश्वकर्मा, घनश्याम, रामाशंकर, गुलशन कुमार, विष्णु सिंह, सुधांशु विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## शहीद संदीप सिंह स्मारक समिति द्वारा रक्तदान शिविर का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,दुबराजपुर टुंडी में शहीद संदीप सिंह स्मारक समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए। रक्तदान शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि शहीद संदीप सिंह स्मारक समिति द्वारा इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूक आएगी और लोग रक्तदान करने के लिए प्रेरित होंगे। रक्तदान, महादान है और जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम एक बार रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर शहीद संदीप सिंह की मां और उसके बड़े भाई दिलीप सिंह, आदि थे ।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित छात्र को सम्मानित किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बेहराकुदर में प्राथमिक विद्यालय सेंट्रल कोयरीडीह से जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र रोशन कुमार दास को मुखिया जालिम रजक एवं विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार महतो, विजय कुमार सिंह, बुटन रजवार ,प्रशिक्षु शिक्षक जहान्वी सिंह, सरूति कुमारी, नवीन कुमार एवं नरेश कुमार दास आदि उपस्थित थे।

## अरारी पंचायत भवन में आबा सेविका सहायिका की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के अरारी पंचायत भवन में सरकार के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका की मासिक समीक्षात्मक बैठक स्थानीय मुखिया प्रमिला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बीच मुखिया प्रमिला देवी ने सभी सेविकाओ एवं सहायिकाओं को निर्देश दिया कि प्रतिदिन समय पर अपने अपने आंगनबाड़ी केंद्र को खोलें एवं नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, पोषाहार वितरण में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, तथा समय समय पर माताओं धात्रियों एवं बच्चों को टीकाकरण करवाएं। टीकाकरण में सेविका हर हाल में उपस्थित रहे धात्री गर्भवती को समय पर पोषाहार उपलब्ध कराए ध्यान रखते हुए आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन किया जाए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, पंचायत सचिव राजकुमार पासवान, सेविका अनामिका वर्मा, अफरोजा खातून, कंचन देवी, खुशबू वर्मा, शिवरानी कुमारी, किरण कुमारी, रेखा देवी, सहायिका सरिता देवी, सबिता राय समेत पंचायत की सभी सेविका सहायिका उपस्थित थी।

## सर जे सी बोस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय बालिका में वृहत रूप से वृक्षारोपण का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार माध्यमिक निदेशालय के द्वारा उपलब्ध कराए गए एकेडमिक कैलेंडर के तत्वावधान में सर जे सी बोस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय बालिका में वृहत रूप से वृक्षारोपण का आयोजन किया गया । साथ ही विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा योगा और पीटी का आयोजन के साथ-साथ वर्ग नवम एवं दशम के 10 शिक्षण के 22 चयनित विद्यार्थियों के बीच हिंदी और अंग्रेजी का कविता पाठ की प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक सी सी ए की टीम श्रीमती संध्या संथालिया सपना कुमारी और राकेश कुमार थे चाइनीस हिंदी के तीन सर्वश्रेष्ठ और अंग्रेजी के तीन सर्वश्रेष्ठ कविता पाठ करने वाले विद्यार्थियों को आने वाले 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगावृक्षारोपण कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक श्री देवेंद्र प्रसाद सिंह और वर्तमान प्रधानाध्यापक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा के द्वारा वृक्ष लगाकर आरंभ किया गया इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के बाल संसद के तमाम पदाधिकारी सभी कक्षाओं के मॉनिटर और विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने करीब 22 पौधों को लगाकर एक तरफ विद्यालय के सौंदर्य में वृद्धि का कार्य किया तो दूसरी तरफ वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ के थीम पर्यावरण को स्वच्छ और जीवन को संभव बनाने के लिए सरकार के निर्देश वृक्षारोपण सप्ताह को लेकर आयोजित की गई थी।

## धनबाद से गंगा सतलज ट्रेन को छीनने के प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण : रवीन्द्र वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव रवीन्द्र वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धनबाद से गंगा सतलज ट्रेन को छीनने के प्रयास को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री वर्मा ने दैनिक समाचार में छपे खबर के अधार पर कहा है कि धनबाद से ट्रेन हो या हवाईअड्डा या एम्स को छिनना कोई नई बात नही है। क्योंकि यहाँ के सांसद को इन सब चीजों से कोई सरोकार नही है। वो अब जन सेवा में असमर्थ है। पिछले नव वर्ष से देश मे भाजपा की सरकार है लेकिन धनबाद को जुमलेबाजी को छोड़ कर क्या मिला धनबाद की जनता इस जोन में सबसे ज़्यादा वोट देकर संसद में भेजने का काम किया था लेकिन धनबाद वासियों को मायूसी ही हांथ लगी। आज धनबाद की जनता ठगा महसूस कर रही है। दशकों से धनबाद से नई दिल्ली, बंगलूरू के लिए ट्रेनों का मांग धनबाद की जनता करती आई है लेकिन नई ट्रेन तो दूर इनके ही नाकामी के वजह से धनबाद से हवाईअड्डा, एम्स सहित हावड़ा-नई दिल्ली दूरोंतों जैसे कई महत्वपूर्ण ट्रेन को धनबाद से छीन लिया गया है। जबकि धनबाद से लेकर दिल्ली तक भाजपा की सरकार थी लेकिन भाजपा और इनके जनप्रतिनिधियों ने धनबाद को सिर्फ ठगने का काम किया है। जल्द ही धनबाद डीआरएम से मिलकर इसके खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे किसी भी सूरत में गंगा सतलज एक्सप्रेस ट्रेन को धनबाद से छिनने नही दिया जाएगा एवं जरूरत पड़ने पर उग्र आन्दोलन भी किया जाएगा।

### अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक सम्पन्न

## पप्पू रजक जिलाध्यक्ष व सचिव बने मनोज रजक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** अखिल भारतीय धोबी जिला महासंघ की बैठक रविवार को अंबेडकर भवन में संपन्न हुई ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा मौजूद थे । चुनाव को लेकर गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनाई गई जिसमें सर्वाधिक वोट लाकर पप्पू रजक विजय जिलाध्यक्ष व मनोज रजक तथा प्रदीप कुमार रजक कोषाध्यक्ष पद पर विजय घोषित हुए । जबकि पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश बैठा को बेहतर कार्यकाल को देखते हुए प्रदेश युवा अध्यक्ष के पद का जिम्मेवारी दी गई । बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत किया जा रहा है । विभिन्न पदों पर नव चयनित पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन वर्षो का होगा । श्री बैठा ने कहा कि गिरिडीह जिले में हमारा संगठन पूर्व से ही मजबूत है लेकिन पप्पू रजक को जिला अध्यक्ष बनने के साथ ही गिरिडीह पूरे प्रदेश में एक नई पहचान बनाएगी । नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पप्पू रजक ने कहा कि समाज के सभी वर्गो को एक साथ लाने का प्रयास किया जाएगा इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे जिले में संगठन को प्रखंड पंचायत और वार्ड स्तर पर खड़ा करने का प्रयास करूंगा जिला सचिव मनोज रजक ने कहा कि समाज के लोगों ने हम लोगों के कंधों पर बड़ी जिम्मेवारी होती है इस जिम्मेवारी को भलीभांति निभाने का प्रयास करूंगा । अपने समाज को एक नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जायेगा । कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार रजक ने कहा कि समाज ने जिस काम के लिए चुना है उसे मैं ईमनदारी से समाज के लिए काम करेंगे । से बैठक मे प्रदेश सचिव झलखु रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप रजक, सुखदेव रजक विनोद बैठा पूर्व सचिव दीपक रजक ब्रह्मदेव रजक राजू रजक राकेश कुमार गोविंद रजक रिंकू रजक जागो रजक अजीत रजक तेजो रजक सरजू बैठा सीताराम रजक महेंद्र रजक छोटू रजक समेत कई लोग मौजूद थे ।

### भाकपा माले 28 को मनाएगी शहादत दिवस

## पार्टी संस्थापक को याद कर मौजूदा चुनौतियों से लड़ने का लिया जाएगा संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बेंगाबाद :** पार्टी संस्थापक कॉमरेड चारु मजूमदार के 51वें शहादत दिवस को भाकपा माले संकल्प दिवस के रुप में मनाएगी। उक्त आशय की जानकारी आज भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने बेंगाबाद में आयोजित संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दी। यादव ने कहा कि, कॉमरेड मजूमदार का 51वाँ शहादत दिवस मनाते हुए देश में व्याप्त मौजूदा राजनीतिक चुनौतियों से लड़ने के लिए पूरी पार्टी कतार संकल्पित होगी। कहा कि, इस समय देश में मोदी-शाह के शासन ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। मंहगाई बेरोजगारी से लेकर अन्य समस्याएं चरम सीमा पार कर चुकी है। यही नहीं, लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार छीने जा रहे हैं। मणिपुर जैसी घटना आज देश के सामने है। इससे पूरे देश का सिर शर्म से झुक गया है।उन्होंने कहा कि, गांव-गांव में ब्रांच स्तर पर शहादत दिवस मनाया जाएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, मनोज यादव, मनोज कुमार यादव, फोदार सिंह, शंभू ठाकुर, रामलाल मंडल, रामलाल मुर्मू, रामकिशोर भोगता, सुनील राय, कमरुद्दीन अंसारी, पंकज वर्मा, सुखदेव गोस्वामी, प्रेम वर्मा, अजय कुमार यादव, शंभू तुरी, प्रदीप यादव, शंकर यादव, जयनारायण सिंह, नुनु बाबू सिंह, शैलेंद्र वर्मा, नरेश वर्मा, नुनु सिंह आदि मौजूद थे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के दुबराजपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज रविवार को शहीद संदीप सिंह स्मारक सेवा समिति के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका जिसका शुभ उद्घाटन ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा एवं संदीप सिंह की मां शांति देवी की उपस्थिति में संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस शिविर में बोकारो धनबाद गिरिडीह से आए लोगों ने रक्तदान किया टुंडी जैसे पिछड़े इलाके में कुल 40 लोगों का रक्तदान अपने आप एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है बताया जाता है कि संदीप सिंह की मौत ड्यूटी के दौरान मिसाइल फटने से हो गया था आज के शिविर में मुख्य रूप से भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा पूर्णाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी , कोलहर मुखिया विजय कुमार मंडल ,संदीप सिंह स्मारक सेवा समिति के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद सिंह ,सचिव सुमन कुमार मिश्रा जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय, बाघमारा विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार साव,समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जनता की समस्या का समाधान ही मेरी प्राथमिकता : नमन बिक्सल कोनगाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** जनता की समस्याओं को लेकर ठेठईटांगर मुख्य चौक में रविवार को क्षेत्र के विधायक विक्सल नमन कोनगाड़ी ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुखर रहने वाले क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाड़ी का ग्रामीणों आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि ठेठईटांगर खास में पिछले कई माह से ग्रामीण ट्रांसफार्मर में आई तकनीकि खराबी की समस्या से दो-चार ग्रामीणों की समस्या का निवारण किया और 100केवीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर 200केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। वही पुनः उक्त 200 केवीए के ट्रांसफार्मर जलने के बाद फिर से पहल करते हुए रांची से ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर मंगवा कर दिए, जो उनके जनता की समस्याओं को लेकर सचेत रहने की प्रवृत्ति दर्शाता है। वही उक्त ट्रांसफार्मर हेतु वाहन उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता सह प्रमुख बिपिन पंकज मिंज का भी आभार व्यक्त किया। वही बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय प्रखंड मैदान में अगले माह से आयोजित होने वाले डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होने की जानकारी दिया, जिसे सफलता के लिए विधायक ने हर सम्भव सहयोग करने की घोषणा किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उम्मीद और विश्वास कर उन्हें विधायक के रूप में चयन करने का कार्य किया। उनके विश्वास और उम्मीद को पूर्ण करने के उनके प्रयास और लगन को देखकर क्षेत्र की जनता ने उन्हें पुनः चुना, जिसका वे आभारी है। उन्होंने कहा कि जनता सतर्क रहें और हमे आपस मे लड़ाकर बांटने की मंशा रखने वाले बरसाती से बचकर क्षेत्र का विकास करने वाले कांग्रेस पार्टी को आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भारी मतों से विजयी बनाए। इसके अलावा बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। मौके पर रावेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, वाहिद, जमीर खान, जमीर हसन प्रिन्स कुमार, मो कयूम, इरफान आलम, फूलचंद मिंज आदि मौजूद थे।

## आजसू पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी समुदाय को साथ लेकर चलती है : शाहिद अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड के जोरी ग्राम में 22 जुलाई को देर रात हबीबुल अंसारी की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पार्टी का विस्तार और अल्पसंख्यक समाज की भागीदारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर विशेष रुप से जिला के महासचिव विलियम कुजुर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी और जिला उपाध्यक्ष समीम अंसारी के साथ भारी संख्या में जोरी गांव के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उपस्थित हुए। लोगों को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि झारखंड में जितनी भी पार्टियां हैं उनमें सिर्फ आजसू पार्टी ही है जो सभी धर्म और वर्गों के लोगों को साथ लेकर सब के विकास के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी जाति-धर्म, ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के बीच कोई भेदभाव नहीं रखती। शाहिद अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड की राजनीति को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एकजुट हों और आजसू के साथ मिलकर झारखंड के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दें। जिला महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि आजसू पार्टी का गठन ही गांव के दबे- कुचले लोगों के उत्थान के लिए हुआ है। आजसू पार्टी सभी के विकास के लिए काम करने में विश्वास करती है । आजसू के छोटे से लेकर बड़े पदाधिकारी तक कथनी में नहीं करनी में विश्वास रखते हैं और सब के साथ प्रेम भाव के साथ मिलकर काम करते हैं।

## 41 पशुपालकों के बीच निःशुल्क दवा का हुआ वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अलौदी ग्राम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 85 मवेशियों को वैक्सीन लगया गया। वही 41 पशुपालक के बीच दवा का निःशुल्क वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत ग्राम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशुपालक को पशु संबंधित बीमारी का विस्तृत जानकारी दिया गया। शिविर का आयोजन एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था तथा पशु पालन विभाग के संयुक्त पहल से किया गया। आयोजित शिविर के माध्यम से 85 पशु को डोर टू डोर जाकर वैक्सीन लगया गया। जबकि 41 पशुपालक को शिविर के दौरान पशु में होने वाली बीमारी और उससे बचाव की जानकारी पशु चिकित्सक डॉ0 रोहित कुमार द्वारा दिया गया। साथ ही लंपि बीमारी का पहचान एवं इससे बचाव संबंधित 41 पशुपालक किसान को जागरूक करते हुए निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर बाएफ संस्था के संरक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार ने पशुपालक किसान को बताते हुए कहा कि संस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में पशु बीमारी जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें एच डी एफ सी बैंक और पशुपालन विभाग का अहम योगदान मिल रहा है। जो शिविर के दौरान पशु बीमारी सहित मौसमी बीमारी के बारे में बताया जा रहा है। शिविर के दौरान पशु चिकित्सक डॉ0 रोहित कुमार,बाएफ से कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार सहित ग्रामीण पशुपालक किसान उपस्थित थे।

## अल्पवृष्टि से किसान मायुस, सिंचाई योग्य भूमि में सिंचित कर धान की चल रही है रोपाई



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनों अल्पवृष्टि से किसानो को धान फसल की रोपाई कि चिन्ता सता रही है वही दुसरी और सिंचित योग्य भूमि पर सिंचाई कर चल भी रहा है धान रोपनी का कार्य। बिदित हैं कि कैरो प्रखंड क्षेत्र मे 14388.83 हेक्टेयर कृषि कार्य भूमि मे 8100.24 हेक्टेयर भूमि ही मात्र सिंचित योग्य भूमि है, इन सिंचित भूमि मे धान फसल की बिचड़ा बढ़ने के उपरांत किसान नदी, नहर, व तालाब से सिंचाई मशीन लगाकर किसी तरह भूमि को सिंचित कर धान फसल के रोपाई कार्य मे किसान इन दिनों जुट गये हैं। वही लगभग 6000 हेक्टेयर असिंचित भूमि मे धान फसल का बिचड़ा बढ्ने के बाद किसान को रोपाई कार्य हेतू मानसून वारिस के उपर टक-टकी लगाई बैठी है। किसान सुरेन्द्र उराँव, सीताराम उराँव, पन्चू पहान, पुनई उराँव इत्यादि किसानो का कहना है कि अभी भी अगर वारिस हो जाय तो अधिकतर कृषि योग्य भूमि मे किसानो का धान रोपाई का कार्य हो जायेगा, अन्यथा वारिस नहीं होती है तो घोर अकाल व सुखा पड़ने के लक्षण अभी तक के वारिस से दिखाई पड़ रहे हैं।

# एमबी डीएवी में अभिभावक दिवस पर नन्हे बच्चों के बीच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबीडीएबी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों व शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत नन्हे बच्चों के मध्य अभिभावक दिवस से संबंधित ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जैसे एक माली पौधे का बच्चे के समान ध्यान रखता है और ऐसा वातावरण बनाता है कि वह अच्छी तरह फल-फूल सके,वैसे ही माता-पिता भी एक ऐसा वातावरण बनाते है जिनमे उनका बच्चा अच्छी तरह से विकास कर पाए और एक अच्छे नागरिक के रूप में समाज के सामने आ सके। माता-पिता धरती पर ईश्वर की प्रतिमूर्ति हैं। आज निस्वार्थ भाव से परोपकार करने वाले विरले ही देखने को मिलते हैं किंतु प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों के लिए निस्वार्थ भाव से अपना सारा जीवन उनके प्रति समर्पित कर देते हैं। दुनिया भर में माता-पिता के सम्मान को बढ़ावा देने तथा उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए ही अभिभावक दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थियों में बचपन से ही इस भावबीज को प्रत्यारोपित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों के उपकारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए धन्यवाद ग्रीटिंग कार्ड बनाने व उनके लिए कुछ काव्य पंक्तियां गाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति आभार बडे ही सुंदर व हृदयस्पर्शी ढंग से प्रकट किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में आकर्ष पंकज, देवांश उरांव व अक्षत यादव ने कक्षा यूकेजी मे काव्या गुप्ता, एसके सुहान, अथर्व कृत, प्रणवी प्रिया, सार्थक चौधरी, खुशी कुमारी, काव्या तरूशी, अयांश राज व सिया तमेड़ा ने कक्षा प्रथम में अथर्व सिद्ध, आरोही वर्मा, काव्या गोयल, आदिव गुप्ता, शिवांश शर्मा, आराध्या कुमारी, प्रयांश वर्मा, अनन्या गर्ग व भावेश शर्मा तथा कक्षा द्वितीय में जिविषा बोचिवाल, रीत कुमार, हिमांगी नाग, आरोही कुमारी, नव्या तरुषी, विशेष प्रकाश व प्रिंस कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

# वनाधिकार कानून के तहत हुई ग्रामसभा की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के किनकेल पंचायत के पहाड़कोना गाँव में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष जुएल कुजूर की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के वनोपज के बाजारीकरण प्रभारी कुन्दन कुमार गुप्ता, ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नॉमिता बा, मनीषा खलखो एवं प्रखंड प्रभारी अनूप लकड़ा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।मौके पर कुन्दन कुमार गुप्ता ने कहा कि आज हमें ग्राम सभा को बाजार से जोड़कर सीधे लाभ लेना होगा। हमारे ग्राम सभा को भी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला के ग्राम सभा की तरह काम करने के जरूरत है जिससे कि हमारा ग्राम सभा पूर्ण रूप से शशक्त बनें। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 हमारे लिए रक्षा कवच के रुप में है और हमें हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ते हुए हमारे लिये विरासत के रूप में छोड़ गए हैं,इसलिए हमें अपने जंगलों की जैव विविधता की रक्षा करने के साथ साथ सरंक्षण,संवर्धन और प्रबंधन करते हुए रक्षा करना होगा जिससे कि पृथ्वी के साथ साथ पर्यावरण बची रहे।आज इसी को लेकर अनूप लकड़ा जी के अगुवाई में खाली पड़े वन भूमि पर पौधा रोपण किया जा रहा है।और आज कल हम सब रासायनिक खादों के उपयोग करने के कारण तरह तरह की बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है इसलिए जंगलों के खर पतवार से जैविक खाद बनाने की विधि को जानना होगा और जैविक खाद का उपयोग अपने खेत टांड में करना होगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रभारी अनूप लकड़ा, समाज सेवी नॉमिता बा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।बैठक में चौराटांड ग्राम सभा अध्यक्ष राफेल कुल्लू, वनाधिकार समिति के अध्यक्ष एरिक कुजूर, मनीषा खलखो, जितेंद्र मांझी, महेश्वर मांझी, विजाधार मांझी, पुष्पा बिलुंग, अलमा केरकेट्टा, मालती देवी, तेलेस्फोर कुजूर, बिनोद कुजूर, सुनील आईद, नूतन कुल्लु, ईश्वर दास, स्वाति खाखा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दार्शनिक स्थल मां वनदुर्गा में तीसरी सोमवारी पर होगा जलाभिषेक

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा प्रखंड के दार्शनिक स्थल मां वनदुर्गा के पावन प्रांगण में स्थित शिवालय में सोमवार को हजारों की संख्या में जलाभिषेक एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। ज्योतिषाचार्य श्री संजय मिश्रा द्वारा बताया गया कि सुबह प्रातः 9:00 बाईल धोवा नदी से वनदुर्गा में स्थित शिवालय पर जल अभिषेक का कार्य कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में विधिवत बैल धोवा नदी में पुरोहित परमेश्वर पंडा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल उठाओ एवं वनदुर्गा में जलाभिषेक कार्यक्रम होगी। इस अवसर पर मालसाड़ा, खंडानिशान, मचकट्टा बोलबा प्रखंड केरसई प्रखंड के भक्त अपना जल अर्पण करेंगे। ज्योतिषाचार्य संजय मिश्रा द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आगरा किया गया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित साप्ताहिक बाजार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नुक्कड़ का आयोजन किया गया। सेन्हा मंडल के भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष नवीन साहु के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ केन्द्र सरकार के सफल पूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य सरकार की विफलता को लेकर साप्ताहिक बाजार अरु में नुक्कड़ नाटक आयोजन कर केन्द्र सरकार के कार्यो का उपलब्धि के बारे पर्चा वितरण कर आम जनता को बताया गया। वही मंडल अध्यक्ष नवीन साहु ने कहा कि झारखंड की वर्तमान भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल का उपलब्धि के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जन को बताना है। और आगामी 2024 का चुनाव में ऐसे नेता और सरकार को सबक सिखाना है। साथ ही कहा कि जनता मन बना चुकी है। की ऐसी भृष्टाचारी और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है। मौके पर गढ़वा जिला ओबीसी मोर्चा प्रभारी अजय पंकज, ओम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम किशोर शुक्ला, जयप्रकाश साहू, जोध नारायण साहू,के अलावे बुटी पंचायत संयोजक समीर उराँव, महामंत्री रजनीश सिंह, दिनेश साहू, प्रदीप सिंह, विनोद यादव, शंकर लोहरा सहित सैकड़ों भाजपाई उपस्थित थे।

## ओडगा ओपी प्रभारी को दिया गया विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड़ ओडगा ओ पी परिसर में ओडगा पंचायत जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा मिशन बदलाव के सदस्यों द्वारा ओडगा ओ पी में पद स्थापित प्रभारी मनीष कुमार के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजित किया गया। इस मौके पर और का पंचायत मुखिया मुकुट समद ने माला पहनाकर सम्मानित किया।ओडगा के समाजसेवी ही लोगों ने सूटकेस देकर सम्मानित किया तथा मिशन बदलाव के सदस्यों द्वारा माला पहनाकर तथा सोल ओढा कर उन्हें सम्मानित किया गया। वही ओडगा पुलिस परिवार के तरफ से एसआई प्रिंस कुमार के द्वारा बुके तथा गिफ्ट देकर के सम्मानित किया गया। मनीष कुमार ने कहा कि सरकारी कर्मियों का स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है जिससे हर किसी को गुजरना पड़ता है उन्होंने उम्मीद जताई कि आप सभी जिस तरह से हमें सहयोग किया सराहनीय रहा। इस मौके पर ओडगा मुखिया मुकुट समद, ओडगा पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार महतो वार्ड सदस्य रोहित राना, रामकृष्ण साहू, सदर साहब इस्लाम मिया, मिशन बादलव सदस्य रवि गोप, अंबिका साहू, बबलू खान, शंकर बिंद, कमल साहू, अली हसन खान येरनियुस खेस्स, तथा ओडगा के गणमाननीय लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में टेम्पु चालक घायल ग्रामीणों ने पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु चौक के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर रविवार को पथ पर खड़ी हाइवा जेएच 01सी एक्स 9444 में टेम्पु जा टकराया जिससे टेम्पू चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। वही घायल युवक की स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल से रिम्स राँची रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान भड़गांव निवासी स्व कुर्बान अंसारी के पुत्र रहीस अंसारी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि रहीस अंसारी अपने घर से टेम्पू लेकर सेन्हा की ओर जा रहा था। उसी दौरान अरु चौक के समीप मुख्य पथ पर हाइवा वाहन में ओटो अनियंत्रित हो टकरा गया। जिसे सड़क दुर्घटना होने की बात बताई जा रही है। वही घटना की सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर सअनि बिरेन्द्र बाखला और सअनि एलबिना लकड़ा दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायल का जायजा लेते हुए घटना स्थल का तहिकात करते हुए पुलिस जाँच में जुट गई।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का घोड़ी टोली जीईएल चर्च लतापानी चर्च पहुंचे, सुनी लोगों की समस्या



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जीईएल चर्च लतापानी में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का पहुंचे जहां पर उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत किया। साथ ही कई समस्याओं अवगत कराया। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा बहुत लंबे अंतराल के बीच आप सभी के बीच आया हूं और आपकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास लगातार की जा रही है।साथ ही उन्होंने कहा वर्तमान में जो भी विधायक हैं उनके द्वारा किसी भी तरह का विकास का कार्य नहीं किया जा रहा है बल्कि नुकसान ही किया जा रहा है, उन्होंने कहा की विकास को सही दिशा दिखाने की जरूरत है। जिससे हमारे गांव, टोली, समाज में इसका असर दिखे,जब मैं मंत्री पद पर था तब कितना काम हुआ था और वर्तमान में क्या हो रहा है ये आप सब के आपके सामने है, निर्णय आप सभी भाई बंधुओं को लेना की आप सबों को कैसा जनप्रतिनिधि चाहिए। ये आपको निर्णय लेना है। मौके पर, बाबूराम लकड़ा, अलबान केरकेट्टा, रसाल खलखो, अंकित सुरीन, कैलेप टेटे, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 58 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर काफी दूर से भी लोग आकर अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा रहे हैं,लोगों का सेवा कर हमें काफी संतुष्टि होती है,दीपक सर्राफ के द्वारा शुरू से ही अपने तन-मन-धन से यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरतमंदो का सेवा करना काफी सराहनीय है,इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यथासंभव जरूरतमंदों एवं असहायों का आगे कई सेवा का कार्य की व्यवस्था किया जाएगा एवं जल्द ही जरूरी दवाइयों का भी व्यवस्था कराई जाएगी। जिला अध्यक्ष व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे लगातार निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए, प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर चलते रहेंगे। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, सहसचिव संजय चौधरी, अंजली सर्राफ, फुलवंती देवी, अतुल सर्राफ, अशोक अग्रवाल, भोला प्रसाद जयसवाल, सुबोध प्रसाद महतो, बसंती देवी, राजेश्वरी देवी, प्रभा देवी, जुगल किशोर, कृष्णा प्रसाद केसरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, प्रभु साहू, रीना कुमारी, अनिल वर्मा, सुरेंद्र साव, मीना देवी, मनमोहन प्रसाद, सुनीता देवी, उदय प्रसाद कास्यंकार, मंगला देवी, रवि प्रसाद, राम प्रसाद साहू आदि थे।

# आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का कुडू बस स्टैंड में किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अशोक पार्टी के द्वारा लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत एवं जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती के नेतृत्व में कुडू बस स्टैंड में पार्टी सुप्रीमो सह झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो का हजारों की संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने काफी गर्मजोशी के साथ उनका भव्य स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो जिंदाबाद पार्टी सुप्रीमो जिंदाबाद स्वर्गीय कमल किशोर भगत जिंदाबाद आजसू पार्टी जिंदाबाद का गगनभेदी नारा लगाया। उल्लेखनीय है कि पलामू प्रमंडल के डाल्टेनगंज में आजसू पार्टी का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने के लिए पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत एवं केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी का डालटेनगंज जाने के क्रम में कुडू बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया गया। पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एवं अन्य पदाधिकारियों ने गाड़ी से नीचे उतर कर हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर लाल गुडडू नाथ शाहदेव अरविंद यादव, अंजू देवी, विलियम कुजूर, रामचंद्र गिरि, शाहिद अंसारी, अनीता साहू, मुन्ना अग्रवाल,साजिद कलाल, अवधेश पाठक, लाल पंचल नाथ शाहदेव, प्रदीप ठाकुर, सलीम पांडू, विजय उरांव, नईम खान गुड्डू, कलीम खान, अशोक साहू, आकाश यादव, परमेश्वर महतो, विकास लाल, मुमताज अंसारी, कबीर अंसारी, सुधीर यादव, नवाज खान, जावेद खान, सरस्वती देवी, सुरजी भक्ताईन, हेमंती देवी सहित हजारों की संख्या में आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आदिवासी छात्र संघ ने मणिपुर में हुए आदिवासी लड़कियों के साथ दुष्कर्म का किया विरोध

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुष्कर्मियों को फांसी की सजा देने की मांग आदिवासी समाज ने आक्रोश जताया,एवम मणिपुर में शांति बहाल करने का किया अपील राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा कुडू और आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समिति कुडू के संयुक्त तत्वधान में राजी पड़हा भवन कुडू में मनीपुर राज्य में हुवे आदिवासी महिलों के साथ हुवे दुष्कर्म एवम वहां के दो समुदाय में चल रहे आपसी झगड़ा को ध्यान में रखा जाय और शांति बहाल किया जाय की मांग को लेकर आदिवासी छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उरांव के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों महिला,पुरुषों के साथ बैठक किया गया एवम कहा आज मणिपुर में हो रहे आदिवासियों के साथ बर्बरता से समस्त आदिवासी समाज में आक्रोश है मणिपुर की सरकार के साथ साथ आज केंद्र की सरकार भी सोई हुवी है, न ही मीडिया कुछ बोल रहा है और न ही महिला आयोग आज जिस देश में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है उसी देश में महिलाओं के साथ ऐसा कुरूरता जैसा व्यवहार किया गया। ये घटना ये दर्शाता है को आज भारत के समस्त महिलाओं का अपमान है। वहीं राजी पढ़हा सरना प्रार्थना सभा कुडू के सचिव जतरू उरांव का कहना ही की ऐसी घटना से समाज काफी आहत है और मानवता धर्म कलिंकित करने वाली घटना घटी हैं। आज भारत का महामहिम आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू हैं और महिलाओं के साथ ऐसा घटना घट रहा है, मुख्य रूप से राजी पड़हा बेल-विजय उराँव, प्रार्थना सभा कुडू-शनि भगत, दुर्गा उराँव, महावीर उराँव, रविन्द्र उराँव, बना उराँव, सुनील मुंडा, शंकर उराँव, मीडिया प्रभारी-बिन्देश उराँव, ACS अमित कुजूर, दुबराज उराँव, अनिल उराँव, उस्थित रहें।

## चलते चलते एक नजर

### विधि-विधान के साथ हुआ महारुद्राभिषेक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में 22 जुलाई 2023 को श्रावण अधिकमास के पावन अवसर पर मन्दिर में विराजमान शिव लिंग के महारुद्राभिषेक का विधि विधान से भव्य आयोजन किया गया । इस अवसर पर भोले बाबा के सभागृह को मनभावन स्वरूप प्रदान किया गया तथा पूरे शिव परिवार का भव्य श्रृंगार किया गया । प्रारम्भ में मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने स्पत्निक संकल्प पूजन कराया तथा इस रूद्राभिषेक का कार्य कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाराज के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ । इस अवसर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शिव भक्ति में लीन हो मन्दिर परिसर में उत्साहित थे । क्रमवार मण्डल के सभी सदस्य एवम उपस्थित भक्तजन ने रूद्राभिषेक में भाग लिया तथा उपस्थित भक्तजनों द्वारा ? नमः शिवाय के जाप से पूरा मन्दिर परिसर शिव मय हो उठा। रूद्राभिषेक के सम्पन्न होने पर भोले बाबा का महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका , राजेश सारस्वत , विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल , विकाश पाडिया , अजय साबू , महेश सारस्वत , जीतेश अग्रवाल , नितेश लाखोटिया , राजेश सारस्वत का सहयोग रहा ।

### भालू के हमले से महिला की मौत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राहे प्रखंड के कापीडीह गांव में भालू के हमले से एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शनिवार की दोपहर बुद्धि देवी (73) बकरी चराने जंगल की ओर गई थी। देर शाम तक जब बुद्धि देवी वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। देर रात पीडीह जंगल में शव पड़ा मिला। महिला के गले से खून बह रहा था। पूरे शरीर मे भालू के पंजे के निशान पाए गए है। परिजनों ने घटना की सूचना राहे पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### भाजपा के दो नेता गिरफ्तार

**उत्तर 24 परगना :** उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर थाने की पुलिस ने शनिवार रात दो भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार भाजपा नेताओं के नाम वासुदेव चक्रवर्ती और विक्रम ठाकुर हैं। दोनों ही सेनडांगा इलाके के निवासी हैं। आरोप है कि शनिवार रात वे गोलियां बैग में भरकर मोटरसाइकिल से उन्हें बेचने ले जा रहे थे। उनके पास 40 राउंड गोलियां थीं। गुप्त सूचना पाकर मसलंदपुर चौकी इंचार्ज, राखेहरि घोष के नेतृत्व में पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपितों के पास से बरामद गोलियों को जब्त कर लिया है। हालांकि, स्थानीय भाजपा नेतृत्व का दावा है कि साजिशन भाजपा नेताओं को फंसाया गया है। स्थानीय भाजपा नेतृत्व ने कहा कि पंचायत चुनाव में सेनडांगा इलाके में तृणमूल कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। इसीलिए बदला लेने के लिए पुलिस ने भाजपा नेताओं को फंसाया है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक तृणमूल कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी थी।

# शहर में कई संभावनाएं प्रथम महापौर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड हुंडई शोरूम के बगल में न्यू इरा इंटीरियर और एक्सटीरियर शोरूम जहां घर और ऑफिस के सजावट का हर बेहतरीन समान उपलब्ध कराया जा रहा है।इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा शहर बदल रहा है। जहां पहले लोग रांची पर डिपेंडेंट थे, वही आज हर बेहतर चीज अपने शहर में मिल रहा है। इसका श्रेय हमारे शहर के युवा व्यवसायियों एवं उद्यमियों को जाता है। प्रथम महापौर ने यह भी कहा कि आज हमारे शहर के युवा अपने शहर में ही एक विजन के साथ बेहतरीन शोरूम बना रहे हैं। वही लोगों को शानदार रोजगार भी मुहैया करा रहे हैं। जो शहर के लिए शुभ संकेत है। इस बदलते शहर में कई संभावनाएं हैं। जिसे तलाशने एवं तराशने की आवश्यकता है। मैं इस बढ़ते एवं बदलते शहर में बैंकों की भूमिका को अहम मानती हूं। जहां पहले बैंकर्स लोन देने में कतराते थे। आज बैंकर्स आपके दरवाजे पर आकर लोन देने को उत्सुक रहते हैं। जो एक बदलाव की निशानी है। इस अवसर पर संस्था के मालिक अरविंद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद, राजीव प्रसाद तथा प्रथम उप महापौर मंगल सिंह ,फिरोज उद्दीन अंसारी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पलामू लोस के लिए कई पार्टियों का ऑफर : राकेश पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पूरे देश में लोकसभा चुनाव के लिए माहौल गर्म हो रहा है। कई राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवार इधर से उधर अपना भविष्य तलाश रहे हैं। केंद्र में बैठी सरकार छोटे-छोटे पार्टियों को अपने हिस्सेदारी बनाकर 2024 के चुनाव लड़ना चाहती है।

वही महागठबंधन के बेंगलुरु में हुए महाबैठक में केंद्र सरकार को हटाने के लिए अपना एकता का परिचय दिया। इसी कड़ी में पलामू लोक सभा सुरक्षित क्षेत्र से कर्मठ, ईमानदार व मृदुभाषी पलामू की जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले एवं कोरोना काल में इन्होंने जो सेवा दिया है उत्कृष्ट सेवा थी यह सब को देखते हुए राकेश पासवान को कई पार्टियों ने पलामू लोकसभा चुनाव लड़ने की अपनी बात को साझा किया है। जिसमें केंद्र में रजिस्टर्ड पाटिया एवं झारखंड के रजिस्टर्ड पाटिया भी है। बताते चलें कि पूर्व में राकेश पासवान केंद्रीय नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा के थे। उन्होंने पार्टी के लिए सराहनीय कार्य किया था। आज उनकी अपनी राजनीतिक संगठन है। उस संगठन के माध्यम से पलामू लोक सभा एवं झारखंड के लोगों को सेवा देते हैं। देखना यह है कि राकेश पासवान जी वक्त के साथ किस पार्टी व किस सिंबल के साथ पलामू लोक सभा सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ेंगे। यहां के जितने भी जन समस्या झारखंड के बनने के पश्चात 2000 से है। इसको पलामू के मुद्दा बनाकर उसे उठाकर कार्य करने का काम करेंगे। जो स्वास्थ्य संबंधित, खनन, उद्योग, उत्कृष्ट शिक्षा ,बेरोजगार लोगों के लिए प्रशिक्षण एवं नौकरी सिंचाई की व्यवस्था बड़े डैम और नदियों का पानी को रोककर ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में पानी उपलब्ध कराना आदि है। पूर्व में भी इनके पिता स्वर्गीय जोरावर राम पूर्व सांसद पलामू एकीकृत बिहार के कैबिनेट मंत्री थे जो लगातार संसद में आवाज उठाया करते थे। कई ऐसी समस्याएं पलामू की है जो उनके जेहन में है वक्त के साथ साथ सामने आएगी।

# मणिपुर में आखिर कब थमेगा हिंसा का दौर ?

**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र**

मणिपुर हिंसा को लेकर जहां देश भर में आक्रोश है, वहीं सता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। यहां आश्चर्य करने वाली बात तो यह है कि मणिपुर में 3 मई को कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसा शुरू हुई, जो आज भी जारी है। अब तक प्रदेश में हिंसा के क़रीब पांच हज़ार मामले दर्ज किए गए हैं. इन घटनाओं में अब तक 150 जानें गई है। विपक्ष का आरोप है कि न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार स्थिति पर नियंत्रण कर पा रही है। विपक्ष के लोग पीएम मोदी पर मणिपुर मामले में चुप्पी साधने का आरोप लगाए हैं। मणिपुर में मैतेई और कुकी तबके के बीच बड़े पैमाने पर जातीय हिंसा,आगजनी और एक-दूसरे के प्रति अविश्वास की खाई बढ़ने की खबरें अशांति के पहले दिन से ही सामने आने लगी, जो आज भी जारी है। मणिपुर हिंसा के अब तीन माह हो जायेंगे। हिंसा के इस दौर में कुकी समुदाय की दो महिलाओं को नग्न करके सड़क पर घुमाते हुए दिखाए जाने के बाद पूरी दुनिया में यह चर्चा का विषय बन गया है। मणिपुर पिछले कुछ महीनों से जल रहा है, धधक रहा है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि मणिपुर में हिंसा क्यों और कैसे भड़की ? मणिपुर की राजधानी इम्फाल बिल्कुल बीच में है। ये पूरे प्रदेश का 10 प्रतिशत हिस्सा है, जिसमें प्रदेश की 57 प्रतिशत आबादी रहती है। बाकी चारों तरफ 90त हिस्से पहाड़ी इलाके हैं, जहां प्रदेश की 43 प्रतिशत आबादी रहती है। इम्फाल घाटी वाले इलाके में मैतेई समुदाय की आबादी ज्यादा है। ये ज्यादातर हिंदू होते हैं। मणिपुर की कुल आबादी में इनकी हिस्सेदारी करीब 53त है। आंकड़ें देखें तो सूबे के कुल 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई समुदाय से हैं। वहीं, दूसरी ओर पहाड़ी इलाकों में 33 मान्यता प्राप्त जनजातियां रहती हैं। इनमें प्रमुख रूप से नगा और कुकी जनजाति हैं। ये दोनों जनजातियां मुख्य रूप से ईसाई हैं। इसके अलावा मणिपुर में आठ-आठ प्रतिशत आबादी मुस्लिम और सनमही समुदाय की है। भारतीय संविधान के आर्टिकल 371सी के तहत मणिपुर की पहाड़ी जनजातियों को विशेष दर्जा और सुविधाएं मिली हुई हैं, जो मैतेई समुदाय को नहीं मिलती। लैंड रिफॉर्म एक्ट की वजह से मैतेई समुदाय पहाड़ी इलाकों में जमीन खरीदकर बस नहीं सकता। जबकि जनजातियों पर पहाड़ी इलाके से घाटी में आकर बसने पर कोई रोक नहीं है। इससे दोनों समुदायों में मतभेद बढ़े हैं। मौजूदा हिंसा की शुरुआत चुराचंदपुर जिले से हुई। ये राजधानी इम्फाल के दक्षिण में करीब 63 किलोमीटर की दूरी पर है। इस जिले में कुकी आदिवासी ज्यादा हैं। गवर्नमेंट लैंड सर्वे के विरोध में 28 अप्रैल को द इंडिजेनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने चुराचंदपुर में आठ घंटे बंद का ऐलान किया था। देखते ही देखते इस बंद ने हिंसक रूप ले लिया। उसी रात तुइबोंग एरिया में उपद्रवियों ने वन विभाग के ऑफिस को आग के हवाले कर दिया। 27-28 अप्रैल की हिंसा में मुख्य तौर पर पुलिस और कुकी आदिवासी आमने-सामने थे। इसके ठीक पांचवें दिन यानी तीन मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर ने आदिवासी एकता मार्च निकाला। ये मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने के विरोध में था। यहीं से स्थिति काफी बिगड़ गई। आदिवासियों के इस प्रदर्शन के विरोध में मैतेई समुदाय के लोग खड़े हो गए। लड़ाई के तीन पक्ष हो गए। एक तरफ मैतेई समुदाय के लोग थे तो दूसरी ओर कुकी और नगा समुदाय के लोग। देखते ही देखते पूरा प्रदेश इस हिंसा की आग में जलने लगा। चार मई को चुराचंदपुर में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की एक रैली होने वाली थी। पूरी तैयारी हो गई थी, लेकिन रात में ही उपद्रवियों ने टेंट और कार्यक्रम स्थल पर आग लगा दी। सीएम का कार्यक्रम स्थगित हो गया। अब तक इस हिंसा के चलते 150 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। हिंसा की तीन महत्वपूर्ण कारणों में पहला है,मैतेई समुदाय के एसटी दर्जे का विरोध। मैतेई ट्राइब यूनियन पिछले कई सालों से मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा देने की मांग कर रही है। मामला मणिपुर हाईकोर्ट पहुंचा। इस पर सुनवाई करते हुए मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से 19 अप्रैल को 10 साल पुरानी केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय की सिफारिश प्रस्तुत करने के लिए कहा था। इस सिफारिश में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा देने का आदेश दे दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। जहां सुनवाई चल रही है। दूसरा कारण सरकार की अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई है। आरक्षण विवाद के बीच मणिपुर सरकार ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई ने आग में घी डालने का काम किया। मणिपुर सरकार का कहना है कि आदिवासी समुदाय के लोग संरक्षित जंगलों और वन अभयारण्य में गैरकानूनी कब्जा करके अफीम की खेती कर रहे हैं। ये कब्जे हटाने के लिए सरकार मणिपुर फॉरेस्ट रूल 2021 के तहत फॉरेस्ट लैंड पर किसी तरह के अतिक्रमण को हटाने के लिए एक अभियान चला रही है।वहीं,आदिवासियों का कहना है कि ये उनकी पैतृक जमीन है। उन्होंने अतिक्रमण नहीं किया, बल्कि सालों से वहां रहते आ रहे हैं। सरकार के इस अभियान को आदिवासियों ने अपनी पैतृक जमीन से हटाने की तरह पेश किया। जिससे आक्रोश फैला। तीसरा कारण यह है कि कुकी विद्रोही संगठनों ने सरकार से हुए समझौते को तोड़ दिया। हिंसा के बीच कुकी विद्रोही संगठनों ने भी 2008 में हुए केंद्र सरकार के साथ समझौते को तोड़ दिया। दरअसल, कुकी जनजाति के कई संगठन 2005 तक सैन्य विद्रोह में शामिल रहे हैं। मनमोहन सिंह सरकार के समय, 2008 में तकरीबन सभी कुकी विद्रोही संगठनों से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन यानी एग्रीमेंट किया। इसका मकसद राजनीतिक बातचीत को बढ़ावा देना था। तब समय-समय पर इस समझौते का कार्यकाल बढ़ाया जाता रहा, लेकिन इसी साल 10 मार्च को मणिपुर सरकार कुकी समुदाय के दो संगठनों के लिए इस समझौते से पीछे हट गई। ये संगठन हैं जोमी रेवुलुशनरी आर्मी और कुकी नेशनल आर्मी। ये दोनों संगठन हथियारबंद हैं। हथियारबंद इन संगठनो के लोग भी मणिपुर की हिंसा में शामिल हो गए और सेना और पुलिस पर हमले करने लगे। इतना सब होने के बावजूद सच तो यह है कि मणिपुर के लोग लंबे समय से पीड़ा में हैं। पहले नोटबंदी की पीड़ा, फिर कोरोना महामारी की पीड़ा और अब हिंसा की पीड़ा। मणिपुर के लोगों को हिंसा की पीड़ा से आखिर कब मुक्ति मिलेगा ? यह बड़ा सवाल है और इस सवाल का जवाब डबल इंजन की सरकार को देना होगा।



# पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता की मौत मेरे लिए एक सदमा है : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश सिंह पलामू के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह ÷उमेश÷ के घर पर पहुंचकर उनके पिताजी के मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को सांत्वना दिया। विधायक कमलेश सिंह ने एनसीपी की ओर से भी शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मुझे मालूम है कि पत्रकार संजय सिंह के पिता विश्वनाथ सिंह सरकारी सेवा में होते हुए एक समाजसेवी के रूप में भी अपनी भूमिका अदा किया। पत्रकार संजय सिंह की पिता की मौत हम सभी के लिए भी दुखदाई है। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि पत्रकार संजय सिंह उनके भाई समान है. जबसे वे सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन की शुरुआत किए हैं तब से पत्रकार उमेश जी का बराबर साथ मिला है। उनके साथ की चर्चा करना अभी उचित नहीं है। लेकिन इतना सच है कि मेरे हर समाजिक और राजनीतिक कार्यों को वे प्रमुखता के साथ अपने मीडिया संस्थान में लाने का काम पत्रकार उमेश ने किया है। हम उनके सदा आभारी है। और उनके पिता की मौत मेरे लिए गहरा सदमा के समान है। हर समाजिक और पत्रकार हित की लड़ाई में पत्रकार संजय सिंह उमेश ने एक आंदोलनकारी की भूमिका अदा किया है जो उन्हें सदा याद रहेगा। पत्रकारिता के अलावा इन्होंने सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। उनके पिताजी की मौत से उन्हें भी गहरा सदमा लगा है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पत्रकार के परिवार के अन्य सदस्य को भी हौसला दिया और मृत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि शोक संवेदना वयक्त करते हुए परिवार को मृत आत्मा कि शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि पत्रकार संजय सिंह उमेश उनके शुरुआत के दिनों के सहयोगी रहे हैं और आज भी हैं।

## पुलिस कार्रवाई से बौखलाए उल्फा (स्वा) ने डीजीपी को दी चेतावनी

**गुवाहाटी :** असम पुलिस द्वारा की जा रही कठोर कार्रवाई से बौखला कर यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा-स्वा) ने राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को चेतावनी दी है। पुलिस द्वारा किए गए मुठभेड़ों को उल्फा ने फर्जी मुठभेड़ करार दिया है। उल्लेखनीय है कि ऊपरी असम के चाय बागानों से उल्फा (स्वा) द्वारा की जा रही धन की मांग संबंधी जानकारी प्राप्त होने के बाद उल्फा के खिलाफ असम पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान से उल्फा बौखला चुका है। बौखलाहट में आकर उल्फा (स्वा) के प्रचार सचिव स्वयंभू कैप्टन रुमेल असम ने मीडिया को एक ईमेल भेजकर डीजीपी को चेतावनी दी है। उल्फा द्वारा भेजे गए इस ईमेल में उल्फा (स्वा) ने अन्याय से सरकारी खजाने का करोड़ों रुपये गबन करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं को गोली मारने का साहस डीजीपी से दिखाने को कहा है।

# वायु सेना ने फ्रांसीसी कंपनी से राफेल में भारतीय हथियार लगाने को कहा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वायु सेना ने फ्रांसीसी फर्म डसॉल्ट एविएशन के सामने राफेल लड़ाकू विमानों को भारतीय हथियारों से लैस करने का प्रस्ताव रखा है। यह कदम रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के लिए एक बड़ी कामयाबी हो सकती है, जिससे स्वदेशी हथियारों के लिए वैश्विक बाजार के रास्ते भी खुल सकते हैं। राफेल का उपयोग भारत के अलावा फ्रांस, मिस्र, कतर, ग्रीस, क्रोएशिया, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया सहित कई अन्य देश करते हैं। इनमें से कई देशों ने राफेल विमानों के लिए ऑर्डर दिए हैं। भारत के पास इस समय 36 राफेल लड़ाकू जेट हैं, जिन्हें सितम्बर, 2016 में भारत सरकार ने फ्रांसीसी कम्पनी डसॉल्ट एविएशन से 59 हजार करोड़ रुपये का सौदा करके खरीदा था। यह सभी विमान भारत पहुंच चुके हैं, जिन्हें ऑपरेशनल करके पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों पर तैनात किया गया है। इनके लिए अंबाला एयरबेस एवं पश्चिम बंगाल के हासीमारा में स्क्वाड्रन बनाई गई हैं। इन विमानों की आपूर्ति से पहले ही फ्रांसीसी सरकार ने भारत सरकार के सामने भारत में निवेश बढ़ाने के लिए पेशकश की थी। इसके तहत फ्रांसीसी रक्षा कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत में 100 से अधिक राफेल लड़ाकू जेट का निर्माण करना चाहती है।



# सेंट्रल मोहर्रम कमेटी कुटे का किया गया गठन



*** अमीर हमजा अंसारी बने अध्यक्ष व अमाल खान बने सचिव**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रविवार को सेंट्रल मोहर्रम कमेटी ओरमांझी पूर्वी का गठन उर्दू मध्य विद्यालय कुटे में पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुटे, सांडी,खुदिया, लोटवा, भुसूर, डटमा, पारपांचा, हतवाल, बारीडीह आदि गांव के सदर, सेक्रेटरी व गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, युवा नेता अमाल खान, पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी, नाजिर खान, शेख अनवर उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से सेंट्रल मोहर्रम कमेटी मेला कुटे का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अमीर हमजा अंसारी, सचिव अमाल खान,कोषाध्यक्ष हफीज अंसारी, उपाध्यक्ष शेख असगर, अलीम अंसारी, सह सचिव अकबर खान को चयन किया गया। बैठक में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी का सदस्य सफदर अंसारी, जलाल खान, गुलाबुद्दीन अंसारी, असगर अंसारी को बनाया गया। और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी का संरक्षक शेख साजुद्दीन, व तनवीर अहमद रजा को बनाया गया। मौके पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा ने कहा कि मोहर्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिलजुलकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाएं।

बैठक में मुख्य रूप से खालिक खान, खुर्शीद आलम, कादिर खान, साबिर खान,अनवर अंसारी, अफरोज खान, महमूद खान, मंसूर अंसारी, समाउल अंसारी, असगर अंसारी के अलावा सैकडों लोग उपस्थित थे।

## सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने सड़कों पर उतरे एसएसपी

**रांची :** एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार देर रात जिले की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने खुद सड़कों पर उतरे। इस दौरान एसएसपी ने कई थानेदारों फटकार भी लगायी। एसएसपी ने रात में अभियान चलाकर गुप्त तरीके से थाना, पीसीआर और थाना की पैट्रोलिंग की गतिविधियों की जानकारी ली है। वहीं कई इलाके में रात में घूम रहे लोगों से भी पूछताछ की। वहीं दूसरी ओर सिटी एसपी शुभांशु जैन रात में सिविल ड्रेस में राजधानी की सड़कों पर निकले और रात भर शहर कई थानों का निरीक्षण किया। इसके अलावा कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए रातू रोड में देर रात अड्डेबाजी कर रहे लोगों को खदेड़ा। साथ ही अपने क्षेत्र का निरीक्षण किया। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने अपने इलाके अरगोड़ा, डोरंडा, धुर्वा,तुपुदाना और पुंदाग एरिया में रात भर अभियान चलाया है। इसमें कई मामलों में फरार अपराधियों गिरफ्तारी के लिए कई क्षेत्र में छापेमारी की ।

# मणिपुर : भाजपा विधायक ने पीएम मोदी के खिलाफ खोला मोर्चा



**विधायकों का आरोप है कि 3 मई को शुरू हुई हिंसा के पीछे मैतेई समुदाय के लोग थे, इन लोगों को सरकार का समर्थन हासिल है, जिसकी वजह से प्रदेश दो हिस्सों में बंट गया।**

**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर के हालात को लेकर अब प्रदेश के भाजपा विधायक ही पीएम मोदी पर निशाना साध रहे हैं। मणिपुर से भाजपा विधायक पाओलिनलाल हाओकिप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मीडिया के सामने मणिपुर को लेकर दिए गए बयान की आलोचना की है। भाजपा विधायक ने कहा कि 79 दिनों की हिंसा तो अलग, पीएम मोदी को इतनी बड़ी त्रासदी पर अपनी चुप्पी तोड़ने में एक हफ्ते का समय लग गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकताएं पूरी तरह से गलत हैं। मैंने पीएम मोदी से अमेरिका रवाना होने से पहले संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन मुझे उनसे मिलने का समय नहीं मिला।भाजपा विधायक ने कहा कि मैं कूकी-जोमी समुदाय का प्रतिनिधि हूं, ऐसे में मुझे लगता है कि पीएम मोदी की प्राथमिकताएं पूरी तरह से गलत हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अमेरिकी यात्रा से समझौता किए बगैर पीएम मोदी इस मुद्दे को सुलझाने पर अपना ध्यान दे सकते थे, लोगों की वहां जान जा रही थी। लेकिन पीएम मोदी ने उसे नजरअंदाज किया।पाओलिनलाल ने कहा कि हमने जनप्रतिनिधि के तौर पर पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा था। लेकिन हमे समय नहीं दिया गया, कोई जवाब ही नहीं दिया गया। आज भी हम उनसे मिलने का अवसर तलाश ररहे हैं ताकि उन्हें इस मसले की गंभीरता से अवगत करा सके। गौर करने वाली बात है कि 10 कूकी विधायकों ने प्रदेश में हालात के लिए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह सरकार के खिलाफ पत्र लिखा था। इन विधायकों में भाजपा विधायक पाओलिनलाल भी शामिल थे।

विधायकों का आरोप है कि 3 मई को शुरू हुई हिंसा के पीछे मैतेई समुदाय के लोग थे, इन लोगों को सरकार का समर्थन हासिल है, जिसकी वजह से प्रदेश दो हिस्सों में बंट गया। पार्टी के रवैये से इतर जाते हुए भाजपा विधायक ने कहा कि बतौर देश हमे पार्टी लाइन से अलग जाने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला मानवाधिकार से जुड़ा है, यह मसले लोगों के स्वाभिमान को प्रभावित कर रहे हैं।